# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बुधवार को सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुन लिया। इसके साथ ही लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभालने की दिशा में मोदी ने एक और कदम आगे बढ़ा दिया। पीएम मोदी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मिलकर एनडीए सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। इधर, एनडीए से जुड़े दलों ने अपनी-अपनी मांगे रखी है।







## तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभालेंगे नरेंद्र मोदी

# एनडीए ने चुना मोदी को अपना नेता सरकार बनाने का पेश करेंगे दावा

- एनडीए के घटक दलों ने रखी मांग दो ने मांगा केंद्रीय मंत्री का पद
- 8 जून को हो सकता है नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह



### बैठक में दलों की ऐसी मांग

- टीडीपी-6 मंत्रालयों समेत स्पीकर पद
- जेडीयू - 3 मंत्रालय
- चिराग पासवान ने 2 मंत्रालय (एक कैबिनेट, एक स्वतंत्र प्रभार)
- जीतनराम मांझी- एक मंत्रालय
- एकनाथ शिंदे- 2 मंत्रालय ( एक कैबिनेट, एक स्वतंत्र प्रभार)
- जयंत चौधरी-मंत्री पद
- अनुप्रिया पटेल- मंत्री पद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन को बहुमत मिलने के एक दिन बाद यहां सात लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास में राजग के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। बैठक में शामिल सभी घटक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताया और दावा किया कि उनके नेतृत्व में राजग सरकार भारत के गरीब, महिला, युवा, किसान, शोषित, वंचित व पीड़ित नागरिकों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में पारित प्रस्ताव में कहा गया, हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव राजग ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता। हम सभी राजग के नेता नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि भारत की विरासत को संरक्षित कर देश के सर्वांगीण विकास के लिये राजग सरकार भारत के जन-जन के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कार्य करती रहेगी। तेलुगु देशम पार्टी अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, शिवसेना नेता एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग ▶▶| शेष पेज 4 पर


### एनडीए की आज फिर बैठक

सूत्रों ने बताया कि सात जून को राजग की एक और बैठक हो सकती है, जिसके बाद राष्ट्रपति से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया जा सकता है। शपथ ग्रहण समारोह की तारीख को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। गठबंधन के कुछ सदस्यों का मानना है कि अगर नई सरकार की रूपरेखा जल्द तैयार हो जाती है, तो यह (शपथ ग्रहण) सप्ताहांत तक हो सकता है।

### भूटान, नेपाल के साथ कई राष्ट्र प्रमुखों को न्योता

नरेंद्र मोदी ने अपने शपथ ग्रहण के लिए भूटान नरेश, श्रीलंका के राष्ट्रपति, नेपाल, बांग्लादेश और मॉरिशस के प्रधानमंत्री को न्योता दे दिया है। राष्ट्रपति भवन में नई सरकार की शपथ की तैयारियां शुरू हो गई हैं। परंपरा के मुताबिक पीएम मोदी गुरुवार को नई सरकार बनाने का दावा पेश कर सकते हैं। सबसे बड़े दल के नाते राष्ट्रपति उन्हें आमंत्रित कर सकती हैं।

### दुनियाभर के नेताओं ने दी बधाई, बाइडन बोले- बढ़ रही मित्रता





ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल मिलने पर दुनियाभर के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि दोनों देशों के बीच मित्रता बढ़ रही है। हम असीमित संभावनाओं का साझा भविष्य तैयार कर रहे हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी, कहा-ब्रिटेन और भारत की दोस्ती और प्रगाढ़ होगी। मारीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ ने एक्स पर पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में भारत अपनी विकास यात्रा जारी रखेगा। साथ ही भारत का लोकतंत्र उल्लेखनीय प्रगति करता रहेगा। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोब्गे ने दुनिया के सबसे बड़े चुनावों में ऐतिहासिक लगातार तीसरी जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी।

### 16 दलों के 21 नेता शामिल

एनडीए की मीटिंग में 16 पार्टियों के 21 नेता शामिल हुए। एनडीए के 21 नेताओं में जो नेता शामिल हुए उनमें- नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, चंद्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार, एकनाथ शिंदे, एचडी कुमारास्वामी, चिराग पासवान, जीतनराम मांझी, पवन कल्याण, सुनील तटकरे, अनुप्रिया पटेल, जयंत चौधरी, प्रफुल्ल पटेल, प्रमोद बोरो, अतुल बोरा, इंद्रा हंग सुब्बा, सुदेश महतो, राजीव रंजन सिंह, संजय झा शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री आज दिल्ली जाएंगे



**रायपुर।** भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश के नव निर्वाचित सांसदों और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को कल दिल्ली बुलाया है। गुरुवार को ठाकरे परिसर में बैठक के बाद शाम को सभी सांसद मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली रवाना होंगे। सभी राज्यों के सांसदों को राष्ट्रीय संगठन ने दिल्ली बुलाया ▶▶| शेष पेज 4 पर

### पीएम ने दिया इस्तीफा, राष्ट्रपति ने भंग की लोकसभा



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल की सलाह पर बुधवार को 17वीं लोकसभा को भंग कर दिया। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त होना था। इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को अपना इस्तीफा राष्ट्रपति मुर्मू को सौंप दिया जिसे राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया।

### राष्ट्रपति भवन में रात्रिभोज



लोकसभा चुनाव के नतीजों के एक दिन बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कार्यकारी मंत्रिमंडल के लिए रात्रिभोज की मेजबानी की। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी शामिल हुए।

## इंडिया गठबंधन की मीटिंग के बाद बोले कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे

# 'फासीवादी शासन' के खिलाफ जारी रहेगी जंग



*कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की बैठक में बुधवार को कहा कि इस गठबंधन में उन सभी दलों का स्वागत है, जो संविधान की प्रस्तावना में अटूट आस्था रखते हैं और इसके आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के फासीवादी शासन के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा। हम भाजपा द्वारा शासित न होने की लोगों की इच्छा को साकार करने के लिए उचित समय पर उचित कदम उठाएंगे।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव का जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ है, लेकिन वह इसे नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे। खरगे ने बैठक में अपने संबोधन में कहा, मैं 'इंडिया' गठबंधन के सभी साथियों का स्वागत करता हूं। हम एक साथ लड़े, तालमेल से लड़े और पूरी ताक़त से लड़े। आप सबको बधाई। उन्होंने कहा, 18वीं लोकसभा चुनाव का जनमत सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ख़िलाफ़ है। चुनाव उनके नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत न देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ़ संदेश दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक, व्यक्तिगत रूप से नरेन्द्र मोदी के लिए यह ना सिर्फ़ राजनीतिक शिकस्त है, बल्कि नैतिक हार भी है। उन्होंने दावा किया, परंतु, हम सब उनकी आदतों से वाक़िफ़ हैं। वो इस जनमत को नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे। खड़गे ने कहा, हम यहां से यह भी संदेश देते हैं कि 'इंडिया' गठबंधन उन सभी राजनीतिक दलों का स्वागत करता है, जो भारत के संविधान की प्रस्तावना में अटूट विश्वास रखते है और इसके आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

### भाजपा को बहुमत न देकर जनता ने दिया संदेश

खड़गे ने कहा, चुनाव पीएम मोदी के नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत ना देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ संदेश दिया है। व्यक्तिगत रूप से मोदीजी के लिये यह ना सिर्फ राजनैतिक शिकस्त है, बल्कि नैतिक हार भी है। परन्तु हम सब उनकी आदतों से वाकिफ हैं। वो इस जनमत को नकारने की हर संभव कोशिश करेंगे।

### सोनिया, राहुल के साथ ये भी रहे मौजूद



बैठक में खड़गे के अलावा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा, शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत और कई अन्य नेता इस बैठक में शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### लोस के कांग्रेस प्रत्याशी लखमा की बिगड़ी सेहत



**जगदलपुर।** बस्तर लोकसभा चुनाव मे कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा की बुधवार सुबह एकाएक तबियत बिगड़ गई। अचानक उनके सीने में दर्द उठा, रात में उल्टियां होने लगी। बीजापुर विधायक के लालबाग स्थित शासकीय आवास में आराम कर रहे लखमा की तबियत बिगड़ने पर इसकी सूचना सीएमओ को दी गई। जिसके बाद डॉक्टरों की टीम घर पर ही जांच कर दवा दी है। डॉक्टरों का कहना है कि कोई गंभीर या डर वाली बात नहीं है, प्राथमिक जांच में सब कुछ नार्मल निकला।

#### हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी

### अशोका बिरयानी के संचालक की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**बिलासपुर।** रायपुर स्थित अशोका बिरयानी सेंटर के संचालक कृष्णकांत तिवारी और मैनेजर रोहित चंद ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई है। मामले में जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। ज्ञात हो कि रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र के रायपुर महासमुंद हाइवे पर स्थित अशोका बिरयानी होटल है। 18 अप्रैल ▶▶| शेष पेज 4 पर

#### संचालक, मैनेजर को किया था गिरफ्तार

होटल संचालक कृष्णकांत तिवारी और मैनेजर रोहित चंद के खिलाफ धारा 304, 34 के तहत एफआईआर दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया गया था। दोनों ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई हुई। जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

### भारत का विजयी आगाज



टी-20 विश्व कप

01 रन पर कोहली आउट

52 स्कोर रोहित ने किया

96 रन पर आयरिश टीम ढेर

**न्यूयार्क।** टी20 विश्व कप 2024 का भारतीय टीम ने विजयी आगाज किया। बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ अपने पहले मैच में भारतीय टीम ने 8 विकेट से जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरिश टीम 16 ओवर में 96 रन पर ढेर हो गई। जवाब में भारतीय टीम ने 12.2 ओवर में 2 विकेट खोकर टारगेट चेज कर लिया।

#### जांच में जुटी पुलिस

### प्रेमी और प्रेमिका ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

एक प्रेमी जोड़े ने मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रकरण में पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ज्ञानदीप स्कूल नया बस स्टैंड निवासी भुवनेश्वरी साहू और उसका पति राजेंद्र साहू रोज मजदूरी करने बाहर गए थे। घर में उनकी 17 वर्षीय बेटी प्रमिला साहू घर में अकेले रहती थी। मजदूरी कर लौटे माता-पिता ▶▶| शेष पेज 4 पर



#### विवेचना में जुटी पुलिस

जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।






#### चालीस साल पहले सभी 40 सीटें कांग्रेस जीती थी, अब 39 पर हार

# 40 साल पहले कांग्रेस ने जीती थीं सभी सीटें, 40 साल बाद अब कांग्रेस के पास मप्र-छग में केवल एक सांसद, ज्योत्सना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

40 साल पहले 1984 में जब चुनाव हुआ तब छत्तीसगढ़ भी मध्यप्रदेश का ही हिस्सा था। तब कांग्रेस की आंधी में पूरा विपक्ष ढह गया था, सभी 40 सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार विजयी हुए। 40 साल बाद मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की 40 सीटों पर इतिहास दोहराया गया है। अब भाजपा की आंधी में कांग्रेस ढह गई। मध्यप्रदेश में सूपड़ा साफ हो गया है और छत्तीसगढ़ में केवल एक ही सीट कांग्रेस की झोली में गई है, वह है कोरबा। वहां से ज्योत्सना महंत ने दूसरी बार जीत दर्ज की है। इस तरह वह मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से इकलौती सांसद रह गई हैं। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत कहते हैं- ज्योत्सना मध्यप्रदेश की बेटी हैं। छत्तीसगढ़ के साथ मायके का भी ख्याल रखेंगी।



उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 40 में से केवल एक सीट कैसे जीती?

कोरबा के पर्यवेक्षक बनाए गए सुभाष धुप्पड़ कहते हैं कि महंत परिवार की सादगी उनकी ताकत है। साथ ही हर कार्यकर्ता से उनका व्यक्तिगत संबंध है। पीढ़ियों का जुड़ाव है और सुखद है कि आने वाली पीढ़ी भी लोगों के साथ वैसा ही सादगी भरा व्यवहार कर रही है। कड़ा मुकाबला ▶▶| शेष पेज 4 पर

### महंत कहते हैं-पिताजी की विरासत उनके संस्कार इस जीत के आधार

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत इस जीत को लेकर भावुक हैं। वे कहते हैं-मेरा 1998 से जांजगीर और कोरबा क्षेत्र से व्यक्तिगत जुड़ाव है। मेरे पिता 1952 से छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश के लोगों से जुड़े रहे हैं और सदैव लोगों के हित में ही काम करते रहे। यह हमारे परिवार का सौभाग्य है कि लोग हमें अपना मानते हैं। जब भी कठिन हालात बने, चुनौतियां आईं, लोगों ने साथ दिया। मेरे ऊपर, पत्नी ज्योत्सना या मेरे परिवार ▶▶| शेष पेज 4 पर





हरिभूमि रण भूमि
लोकसभा
सत्ता संग्राम-2024



# मुख्यमंत्री पद के लिए दौड़ में हैं प्रधान, संबित, ओराम, पांडा

## सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि कौन होगा ओडिशा का अगला मुख्यमंत्री?

*ओडिशा में बीजेडी नेता नवीन पटनायक के 24 साल के शासन को अलविदा कहने के साथ ही अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि ओडिशा का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। हालांकि, बीजेपी ने बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के प्रचार किया और ओडिया अस्मिता (गौरव) के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया, लेकिन कुछ नाम दावेदारी में हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

पूर्व केंद्रीय मंत्री और आदिवासी नेता जुएल ओराम, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा और पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा शीर्ष पद की दौड़ में हैं। हालांकि, ये चारों लोकसभा चुनाव में लड़े थे, विधानसभा चुनाव में नहीं। जबकि किसी अन्य परिस्थिति में यह कोई मुद्दा नहीं होना चाहिए था, लेकिन इस बार भाजपा के पास कम सांसद हैं, इसलिए एक और दांव लगाना एक मुद्दा हो सकता है। पार्टी पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि वह 6 जून को अपने मुख्यमंत्री का नामांकन करेगी और 'ओडिशा में जन्मे, ओड़िया भाषी मुख्यमंत्री' 10 जून को शपथ लेंगे।

### जुएल ओराम का नाम सरगर्म

जुएल ओराम का नाम नतीजों की घोषणा से बहुत पहले ही चर्चा में था। ओराम ने खुद कहा कि हालांकि वह मुख्यमंत्री बनने की ख्वाहिश नहीं रखते, लेकिन अगर उन्हें यह पद दिया जाता है तो वह इसे ठुकराएंगे नहीं। 'अगर मुझे यह पद सौंपा जाता है, तो मैं मुख्यमंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। हालांकि मैं मुख्यमंत्री बनने की ख्वाहिश नहीं रखता, लेकिन अगर मुझे यह पद दिया जाता है तो मैं इसे ठुकराऊंगा नहीं। हमारी पार्टी में कई अन्य योग्य नेता हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री पद के लिए विचार किया जा सकता है। हालांकि, हम पार्टी नेतृत्व द्वारा तय किए गए निर्णय का पालन करेंगे,' ओराम ने कहा।



धर्मेंद्र प्रधान



संबित पात्रा



जुएल ओराम



बैजयंत पांडा


**धर्मेंद्र प्रधान भी बड़े दावेदार :** सूची में अगला प्रमुख नाम केंद्रीय मंत्री और संबलपुर के सांसद धर्मेंद्र प्रधान का है। प्रधान एनडीए की बैठक में भाग लेने के लिए पहले ही दिल्ली आ चुके हैं और निवर्तमान सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में उनका पिछला कार्यकाल काम आ सकता है। वे नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली सरकार के भी कड़े आलोचक हैं और उड़िया अस्मिता के पैरोकार हैं, क्योंकि ऐसी अफवाहें हैं कि पटनायक पूर्व नौकरशाह से बीजेडी नेता बने वीके पांडियन के प्रभाव में हैं। जहां तक पात्रा का सवाल है, हालांकि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में उनके कार्यकाल ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि दिलाई, लेकिन भगवान जगन्नाथ पर उनकी टिप्पणी एक धब्बा थी, क्योंकि उनके आलोचकों ने उन पर दुनियाभर के करोड़ों जगन्नाथ भक्तों और ओड़िया लोगों की आस्था को नीचा दिखाने का आरोप लगाया था।

### पांडा भी इस पद के लिए एक प्रमुख दावेदार

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा भी इस पद के लिए एक प्रमुख उम्मीदवार हैं। वे मिशिगन टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से स्नातक हैं, इंजीनियरिंग और प्रबंधन में उनकी पृष्ठभूमि है और राजनीति में आने से पहले उनका एक सफल कॉर्पोरेट करियर रहा है। भुवनेश्वर की सांसद अपराजिता सारंगी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद प्रताप सारंगी अन्य नाम हैं जिन पर विचार किया जा सकता है। लेकिन, भाजपा के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए, वह मध्य प्रदेश और राजस्थान की तरह किसी ऐसे विधायक को चुन सकती है जो सुर्खियों में नहीं रहता।

## आंध्र में नायडू 9 जून को ले सकते हैं सीएम पद की शपथ

इधर, आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने शानदार प्रदर्शन किया है। 9 जून को चंद्रबाबू नायडू आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री की शपथ ले सकते हैं। विधानसभा चुनाव में राज्य की 175 विधानसभी सीटों में से 144 पर एनडीए गठबंधन की जीत हुई है। इन 144 में से 135 पर सिर्फ टीडीपी का कब्जा है, जबकि 8 पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और 21 जनसेना पार्टी के खाते में गई हैं। ये तीनों ही दल एनडीए का हिस्सा है। राज्य की सत्ताधारी वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के खाते में सिर्फ 11 सीटें ही आई हैं। चंद्रबाबू नायडू 1995 से 2004 तक संयुक्त आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और तेलंगाना के अलग होने के बाद वह शेष आंध्र प्रदेश के पहले सीएम भी बने, लेकिन 2019 में वाईएसआरसीपी के हाथों उनकी बड़ी हार हुई।



## सोशल मीडिया

### नकारात्मक राजनीति के खिलाफ मिला जनादेश



समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की जागरूक जनता ने देश को एक बार फिर से नई राह दिखाई है, नई आस जगाई है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव का परिणाम संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण बचाने की और सामाजिक न्याय की जीत है। 'उत्तर प्रदेश की प्रगतिशील जनता के विचार ही वोट के रूप में हमें मिले हैं। यह बंटवारे की नकारात्मक राजनीति के खिलाफ सौहार्द, भाईचारे और सकारात्मक राजनीति की जीत है। यह 'इंडिया' गठबंधन और पीडीए एकता की जीत है।

### यह जनादेश प्रधानमंत्री मोदी की नैतिक हार : खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 18वीं लोकसभा चुनाव का जनमत सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ख़िलाफ़ है। चुनाव उनके नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत न देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ़ संदेश दिया है।" कांग्रेस अध्यक्ष के मुताबिक, व्यक्तिगत रूप से नरेन्द्र मोदी के लिए यह ना सिर्फ़ राजनीतिक शिकस्त है, बल्कि नैतिक हार भी है। उन्होंने दावा किया, "परन्तु, हम सब उनकी आदतों से वाक़िफ़ हैं। वो इस जनमत को नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे। 'इंडिया' गठबंधन आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं।"

# टीडीपी 'वन नेशन वन पोल' पर लगाएगी वीटो! एनडीए 3.0 में क्या होगा मोदी की गारंटियों का?

*18वीं लोकसभा की सियासी तस्वीर करीब-करीब साफ हो चुकी है। हालांकि नतीजे चौंकाने वाले रहे, लेकिन भाजपा ने सहयोगियों के साथ सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। हालांकि इस बार बदलाव ये होगा कि मोदी 3.0 सरकार सहयोगियों की 'बैसाखियों' के सहारे चलेगी। वहीं, 'सहारे' की सरकार चलाना भाजपा और मोदी के लिए टेढ़ी खीर साबित होने वाला है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

मोदी 2.0 में जिन मुद्दों के सहारे हवा बना भाजपा चुनावों में उतरी थी, मोदी 3.0 में उन्हें सहयोगियों के सहारे जमीन पर उतारना कठिन साबित होने वाला है। इनमें वन इलेक्शन-वन नेशन, यूनिफॉर्म सिविल कोड शामिल हैं, इन्हें भाजपा के संकल्प पत्र और मोदी की गारंटी में शामिल किया गया है। इसके अलावा भाजपा ने परिसीमन का काम चुनावों बाद शुरू करने का वादा किया था। इन मुद्दों को लेकर अब कहा जा रहा है कि इन्हें लागू करने को लेकर आने वाले समय में भाजपा की सहयोगियों के साथ खटपट हो सकती है।

### 'सहारे' की सरकार चलाना मोदी के लिए साबित होने वाला है टेढ़ी खीर



## भाजपा सरकार की कई हैं महत्वाकांक्षी योजनाएं

भाजपा सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी 'वन नेशन वन पोल' योजना को लेकर खूब रिपोर्ट्स जारी कीं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'वन नेशन वन पोल' को लेकर कमेटी का गठन किया गया। सूत्र बताते हैं कि मोदी जी खुद इस योजना पर नजर रख रहे थे। वहीं, मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में टीडीपी इस योजना पर वीटो लगा सकती है। वहीं, नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू ने वन नेशन वन इलेक्शन के प्रति अपना समर्थन जाहिर करते हुए, जेडीयू ने रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमिटी को ज्ञापन भी सौंपा था, लेकिन इस बार नीतीश का इसे लेकर क्या रुख रहेगा, यह देखने वाली बात होगी।

### समान नागरिक संहिता का क्या होगा?

वहीं यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर भी भाजपा को अपने पैर खींचने पड़ सकते हैं। उत्तराखंड पहला राज्य है, जहां समान नागरिक संहिता को लागू किया गया है। भाजपा की तैयारी इसे पूरे देश में लागू करने की थी। लॉ कमीशन इस पर काम कर रहा था। कमीशन ने इस पर आम लोगों से सुझाव भी मांगे थे, जिस पर 7.5 लाख लोगों ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया भी दी थी। गृहमंत्री अमित शाह ने एक समाचार एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कहा था कि अगर भाजपा सत्ता में वापसी करती है, तो अगले पांच साल के कार्यकाल में सरकार देशभर में समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी लागू करेगी।

### परिसीमन का अमित शाह ने किया था वादा

इसके अलावा परिसीमन प्रक्रिया और जनगणना का काम भी बाकी है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम– संविधान (एक सौ अट्ठाईसवां संशोधन) विधेयक 2023, जो लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण प्रदान करता है– को संसद से मंजूरी मिल चुकी है। लेकिन यह तभी लागू हो पाएगी, जब परिसीमन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। भाजपा ने 2029 तक महिला आरक्षण को लागू करने का वादा किया है। लेकिन टीडीपी के रुख को देखते हुए भाजपा को 2026 में होने वाली परिसीमन प्रक्रिया पर अपना रुख बदलने के लिए भी मजबूर होना पड़ सकता है। 2024 के चुनाव प्रचार के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट रूप से कहा था कि परिसीमन प्रक्रिया निर्धारित समय अवधि में होगी।

## कितने भरोसेमंद हैं नायडू-नीतीश?

नरेंद्र मोदी को अपनी सरकार चलाने के लिए टीडीपी और जदयू की जरूरत होगी। टीडीपी चीफ एन चंद्रबाबू नायडू और जदयू प्रमुख नीतीश कुमार, दोनों के ही रिश्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं। मोदी और नीतीश के बीच रिश्ते काफी पहले से ही उतार-चढ़ाव भरे रहे थे। नीतीश को डर बना रहता था कि मोदी का साथ उनके वोटरों को नाराज न कर दे। इसलिए 2009 के लोकसभा चुनाव के दौरान नीतीश कुमार ने बिहार में मोदी को प्रचार करने के लिए आने नहीं दिया था। इसके बाद 2010 के विधानसभा चुनाव के दौरान भी नीतीश ने मोदी को बिहार में प्रचार करने नहीं दिया था। सितंबर 2013 में मोदी को पीएम का उम्मीदवार बनाने से नाराज होकर नीतीश एनडीए से अलग हुए थे। जुलाई 2017 में नीतीश पलटी मारते हुए दोबारा एनडीए में आ गए। उसके बाद फिर अगस्त 2022 में उन्होंने पलटी मारी और आरजेडी के साथ मिलकर सरकार बनाई। इसी साल जनवरी में नीतीश कुमार ने यूटर्न लेते हुए आरजेडी का साथ छोड़ा और फिर एनडीए में आ गए।

### नायडू ने भी दिया था झटका

नीतीश की तरह ही मोदी और चंद्रबाबू नायडू की दोस्ती भी उतार-चढ़ाव भरी रही है। 2018 तक नायडू की टीडीपी एनडीए का हिस्सा थी। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान मोदी और नायडू के बीच कई बार तीखी बयानबाजी भी हुई थी। गठबंधन से अलग होने के कारण पीएम मोदी ने नायडू को 'यूटर्न बाबू' कहा था। इतना ही नहीं, 2002 के गुजरात दंगों के बाद नायडू उन नेताओं में से एक थे, जिन्होंने सबसे पहले नरेंद्र मोदी से इस्तीफा मांगा था। तब मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे और गुजरात दंगों के कारण उन पर इस्तीफे का दबाव बढ़ गया था। 2002 के गुजरात दंगों का जिक्र करते हुए 2019 की एक चुनावी रैली में नायडू ने कहा था, 'मैं पहला व्यक्ति था, जिसने उनका इस्तीफा मांगा था।

## इस लोकसभा चुनाव में मायावती की पार्टी का रहा बुरा हाल

# बसपा ने उम्मीदवार उतार दिए 425 वोट मिले एक फीसदी भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे आ चुके हैं और उत्तर प्रदेश में बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा है। सपा और कांग्रेस गठबंधन ने यूपी में 43 सीटें जीती हैं। वहीं, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उत्तर प्रदेश में एक भी सीट नहीं जीत पायी है। दूसरी ओर बसपा को मात देते हुए युवा दलित नेता चन्द्रशेखर आज़ाद ने पश्चिमी यूपी के नगीना अनुसूचित जाति-आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र से 1.51 लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की है। चन्द्रशेखर आज़ाद ने अपनी पार्टी आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के बैनर तले चुनाव लड़ा और 51.19% वोट हासिल करके भाजपा के ओम कुमार को हराया। नगीना सीट पर बसपा के सुरेंद्र पाल सिंह को केवल 1.33% वोट मिले।

### दलितों के नेता के रूप में उभरे चंद्रशेखर

आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के एक नेता ने बातचीत के दौरान कहा, "लोकसभा में अब बसपा का कोई सदस्य नहीं है। आजाद ही सदन में दलितों और मुसलमानों के मुद्दे उठाएंगे। इससे उन्हें दलितों के नेता के रूप में उभरने में मदद मिलेगी और निश्चित रूप से वह मायावती के विकल्प के रूप में उभरेंगे। इससे बसपा और कमजोर होगी। नगीना से आज़ाद की जीत दो और कारणों से महत्वपूर्ण है। इस लोकसभा क्षेत्र को पाने की उनकी जिद के कारण ही इस बार सपा और सपा के बीच गठबंधन की बात नहीं बन पाई थी।

## बीएसपी का मेन वोट बैंक हैं दलित



दलित, ज्यादातर जाटव बीएसपी का मुख्य समर्थन माने जाते हैं। नगीना में इनकी लगभग 20% आबादी है और यहां मुस्लिम लगभग 40% हैं। बाकी जातियों में ठाकुर, जाट, चौहान राजपूत, त्यागी और बनिया शामिल हैं। हालांकि, पूरे राज्य में मुसलमानों को सपा-कांग्रेस गठबंधन के पीछे लामबंद होते देखा जा रहा है, जबकि बसपा का वोट बैंक सिमटता जा रहा है। आज़ाद को दोनों से वोट मिलते दिख रहे हैं।

### बसपा ने लोकसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं जीती

पिछले तीन दशकों में यह दूसरी बार है जब बसपा ने लोकसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं जीती है। 2014 में भी पार्टी एक भी सीट नहीं जीत सकी थी। इससे पहले बसपा ने 2009 के चुनाव में 21 सीटें, 2004 में 19 सीटें, 1999 में 14 सीटें, 1998 में पांच सीटें और 1996 में 11 सीटें जीती थीं। इस लोस चुनाव में सपा ने सर्वाधिक 37, भाजपा ने 33 सीटें जीतीं।

### एक बार फिर मुस्लिम वोट पाने में नाकाम रही बसपा

यह दूसरी बार है जब मुसलमानों और दलितों के वोट बैंक समीकरण बनाने की बसपा की कोशिश विफल रही है। 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में बीएसपी ने सबसे ज्यादा मुस्लिम उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन उनमें से एक भी जीतने में कामयाब नहीं हुआ था। पार्टी ने उस चुनाव में एक विधानसभा सीट जीती थी। इस लोकसभा चुनाव में भी बसपा ने एक बार फिर अपना समर्थन आधार बढ़ाने के लिए यूपी में सबसे अधिक 35 मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। राज्य में जहां मुसलमानों की आबादी करीब 20 फीसदी है, वहीं दलित 21 फीसदी हैं। हालाँकि, इसके कारण समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के विपक्षी गठबंधन ने बसपा पर सत्तारूढ़ भाजपा की 'बी-टीम' होने का आरोप लगाया क्योंकि उन्हें आशंका थी कि मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारकर मायावती इंडिया गठबंधन के वोट शेयर में सेंध लगाएंगी जिससे बीजेपी को फायदा हुआ। हालांकि, रुझानों से साफ पता चला कि पार्टी फिर से मुस्लिम वोट हासिल करने में विफल रही और दलित वोटों का एक वर्ग भी बसपा से दूर चला गया लगता है। बसपा के लगभग सभी मुस्लिम उम्मीदवार अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में तीसरे स्थान पर रहे।

### बहुजन समाज पार्टी को झटका

पिछले दो महीनों में बसपा प्रमुख मायावती ने देश भर में 40 से अधिक रैलियों को संबोधित किया, जिसमें यूपी में लगभग 30 रैलियां शामिल हैं। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद, जिन्हें उन्होंने पार्टी में अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था को भी प्रचार में लगाया। लेकिन पार्टी के अभियान को पिछले महीने तब झटका लगा जब मायावती ने आकाश को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक और अपने राजनीतिक उत्तराधिकारी के पद से हटा दिया।



**एनडीए के नेताओं ने की पीएम मोदी की तारीफ**

एनडीए के सभी नेताओं ने पीएम मोदी को उनके नेतृत्व के लिए बधाई दी। सभी ने राष्ट्र निर्माण में पीएम मोदी की कड़ी मेहनत और प्रयासों की सराहना की। एनडीए सहयोगियों ने कहा कि पीएम मोदी के पास विकसित भारत के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण है। सभी ने दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने में पीएम मोदी की भूमिका की सराहना की।




**जीत के बाद आशीर्वाद**

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में पार्टी के विजयी उम्मीदवारों बांसुरी स्वराज (नई दिल्ली), प्रवीण खंडेलवाल (चांदनी चौक), योगेंद्र चंदोलिया (उत्तर पश्चिम दिल्ली), रामवीर सिंह बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली), मनोज तिवारी (उत्तर पूर्व दिल्ली), कमलजीत सहरावत (पश्चिम दिल्ली) और हर्ष मल्होत्रा (पूर्वी दिल्ली) के साथ नई दिल्ली में बुधवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा।

## देश की सबसे पुरानी पार्टी ने इस बार अपने प्रदर्शन से चौंकाया

# कांग्रेस ने चार राज्यों में 8 से 13 गुना तक बढ़ाई सीटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस ने 99 सीटों पर जीत हासिल की है। पार्टी का यह प्रदर्शन 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव से कहीं बेहतर है। 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सिर्फ 44 सीटों पर सिमट गई थी जबकि 2019 में उसने 52 सीटें जीती थी। इस तरह कांग्रेस ने अपने पिछले आंकड़े में 47 सीटों की बढ़ोतरी की है। निश्चित रूप से कांग्रेस ने अपने इस प्रदर्शन से राजनीतिक विश्लेषकों को चौंकाया है। कांग्रेस ने जिन राज्यों में अपनी सीटें बढ़ाई हैं, उनमें महाराष्ट्र, बिहार, कर्नाटक, हरियाणा आदि शामिल हैं।

### महाराष्ट्र में 1 से 13 सीटों पर पहुंची कांग्रेस

महाराष्ट्र में कांग्रेस ने उद्धव ठाकरे की यूबीटी और एनसीपी (शरद चंद्र पवार) के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और इस गठबंधन ने 48 सीटों में से 30 सीटों पर जीत हासिल की है। यहां कांग्रेस ने बीजेपी को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। बीजेपी को यहां 9 सीटों पर जीत मिली है जबकि कांग्रेस ने 13 सीटें जीती हैं। एनसीपी (शरद चंद्र पवार) ने 8 सीटों पर और शिवसेना यूबीटी ने 9 सीटों पर जीत दर्ज की है। 2019 के लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में बीजेपी ने 23 सीटें जीती थी जबकि कांग्रेस को सिर्फ एक सीट पर जीत मिली थी। इस लिहाज से कांग्रेस ने महाराष्ट्र में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। कर्नाटक में पिछली बार कांग्रेस को सिर्फ एक सीट पर जीत मिली थी जबकि इस बार उसने 9 सीटें जीती हैं।

### पंजाब में भी दिखाया दम

पंजाब में पिछले लोकसभा चुनाव में 8 सीटें जीतने वाली कांग्रेस ने इस बार वहां 7 सीटें जीती हैं जबकि कई बड़े नेता पार्टी का साथ छोड़कर जा चुके थे। पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, उनकी पत्नी और पूर्व केंद्रीय मंत्री परनीत कौर, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष रहे सुनील जाखड़, लुधियाना से सांसद रवनीत सिंह बिट्टू सहित कई नेता पार्टी का साथ छोड़कर जा चुके थे। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन में शामिल आम आदमी पार्टी से अलग हटकर सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ा।



### यूपी में खराब प्रदर्शन के बाद जीती 6 सीटें

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने 6 सीटों पर जीत हासिल की है जबकि 2014 में उसे यहां सिर्फ दो और 2019 के चुनाव में एक सीट मिली थी। अमेठी सीट पर कांग्रेस ने स्मृति ईरानी को हराकर अपनी हार का बदला ले लिया है। दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश में बीजेपी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। 2014 में 71 और 2019 में 62 सीटें जीतने वाली बीजेपी इस बार 33 सीटें ही जीत सकी है। यहां उसे 29 सीटों का नुकसान हुआ है।

### हिमाचल में बचाई सरकार

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के साथ ही 6 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव भी हुए थे। यहां लोकसभा की भले ही चार सीटों पर बीजेपी को जीत मिली हो लेकिन विधानसभा की 6 में से चार सीटों पर जीत दर्ज कर कांग्रेस ने अपनी सरकार बचा ली। यहां पर कांग्रेस की सरकार को 6 विधायकों की बगावत की वजह से खतरा पैदा हो गया था। 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों ने निश्चित रूप से कांग्रेस को संजीवनी दी है।

| राज्य | पिछली बार मिली सीटें | इस बार मिली सीटें |
|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 1 | 13 |
| बिहार | 1 | 4 |
| हरियाणा | 5 | 5 |
| कर्नाटक | 1 | 9 |
| उत्तर प्रदेश | 1 | 6 |
| राजस्थान | 0 | 8 |
| तेलंगाना | 3 | 8 |

रायपुर
गुरुवार, 6 जून 2024
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या
वर्ष : 22, अंक : 318
पृष्ठ : 12+6+4 = 22, मूल्य : 5 .00**

मौसम
अधि. 41.0
न्यून. 27.1

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



03 टीवी पर वापस कभी न जाने की खाई...

विचार पेज
2 भाजपा को सबक, विपक्ष को संजीवनी

# नौकरी हो तो ऐसी...2018 में लिया मेडिकल लीव, बगैर ज्वॉइनिंग दिए 2022 में रिटायर, 25 लाख वेतन भुगतान

**जांच के बाद कटघोरा कोरबा के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ईश्वर प्रसाद निलंबित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

सोचिए... आपका तबादला आदेश आता है। आप नई जगह पर ज्वॉइनिंग ही नहीं देते हैं और आपको मेडिकल लीव मिल जाती है। चार सालों तक आप मेडिकल लीव पर रहते हैं और इस दौरान आपको 25 लाख रुपए वेतन के रूप में भी प्राप्त हो जाते हैं। है ना मजे की नौकरी? ऐसा हकीकत में छग के कोरबा जिले के कटघोरा में हुआ है। जांच के बाद मेडिकल लीव पर जाने वाली प्रधान पाठिका को वेतन जारी करने वाले ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार, शासकीय विद्यालय गोपालपुर की प्रधान पाठिका सितंबर 2018 से चिकित्सा आवेदन देकर अवकाश पर चली गई थी। जून 2022 को बिना कार्यभार ग्रहण किए सेवानिवृत्त हो गई। कटघोरा के विकासखंड शिक्षा अधिकारी ईश्वर प्रसाद कश्यप द्वारा उनकी फर्जी उपस्थिति पंजी के आधार पर वेतन राशि 24, लाख 91 हजार 554 रुपए का भुगतान किया गया।

### आर्थिक अनियमितताओं के अन्य प्रकरण भी

बीईओ ईश्वर प्रसाद को अन्य मामले में भी दोषी पाया गया है। प्रधान पाठक शरद चंद्रभूषण लाल के फरवरी 2023 में सेवानिवृत्त होने के उपरान्त उनके पीपीओ के आधार पर उपादन राशि अर्थात ग्रैच्यूटी मनी के रूप में 18 लाख 63 हजार 130 रुपए का आहरण कर भुगतान किया गया। पुनः बिल लगाकर जून 2023 में उपादान के रूप में राशि 16 लाख 76 हजार 817 रुपए का आहरण कर प्रधान पाठक शरद चंद्रमूषण लाल के खाता में जमा किया। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी द्वारा जांच में इस शिकायत की पुष्टि हुई है। इस मामले में भी डीपीआई ने बीईओ को दोषी पाया है।




### प्रधान पाठिका का निधन

जिन प्रधान पाठिका को नियमविरुद्ध राशि प्रदान करने का आरोप बीईओ पर लगा है, रिटायरेंट के कुछ माह पश्चात ही उनका निधन हो चुका है। ऐसे में वेतन रिकवरी संभव नहीं है। जब मामला सामने आया तब वे जीवित थी। जांच पूर्ण होने तक उनका निधन हो गया।

-तामेश्वर उपाध्याय
जिला शिक्षा अधिकारी, कोरबा

### जांच के बाद फैसला

*प्रधान पाठिका के पदभार ग्रहण नहीं किए जाने की शिकायत लोक शिक्षण संचालनालय में की गई। इसके बाद डीपीआई द्वारा मामले की जांच की गई। डीपीआई के अनुसार जांच में ईश्वर प्रसाद को प्रथम दृष्टया पूर्णतः दोषी पाया गया है। डीपीआई ने अपने आदेश में कहा है, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जैसे प्रशासनिक पद पर पदस्थ रहते हुए ईश्वर प्रसाद का यह कार्य अनुशासनहीनता का द्योतक है तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण के विपरीत गंभीर कदाचार है। उन्हें निलंबित करते हुए निलंबन काल में मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, कोरबा नियत किया गया है।*

## खबर संक्षेप

### पुरी में पटाखा विस्फोट अब तक 15 की मौत



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी में हुई पटाखा विस्फोट की घटना में दो और लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हो गई। घटना में झुलसे दो और लोगों की मौत हो गई है। विस्फोट में घायल हुए 12 लोगों का पुरी, भुवनेश्वर और कटक के विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है और नौ लोगों को अस्पतालों से छुट्टी मिल चुकी है।

### गोला फटने से घायल हुई महिला की मौत



**जम्मू।** जम्मू में मोर्टार का गोला फटने से घायल हुए तीन लोगों में से एक 76 वर्षीय महिला की बुधवार को सरकारी अस्पताल में मौत हो गई। 27 मई को सांबा जिले के पुरमंडल क्षेत्र के खड़ा मदाना गांव में जंग लगा, मोर्टार का गोला के फटने से सेमरू देवी, रमीत सिंह (66) और सुरइया बीबी (58) घायल हो गए थे।

### ममता टीएमसी सांसदों के साथ करेंगी बैठक



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक शनिवार को बुलाई है। ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के दौरान अपना दबदबा कायम रखा है। 42 सीट में से 29 पर जीत दर्ज की है। भाजपा ने 12 और कांग्रेस ने एक सीट पर जीत दर्ज की है। पार्टी सुप्रीमो ने हमारे नव निर्वाचित सांसदों की बैठक शनिवार को बुलाई है।

### राजौरी, पुंछ के वन क्षेत्रों में लगी आग



**जम्मू।** जम्मू क्षेत्र के सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ के दो वन क्षेत्रों में बुधवार को आग लग गई, जिससे बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा। पुंछ के मेंढर इलाके में नियंत्रण रेखा के पास भटादुरियन में आग लगी और यह आस-पास के इलाकों में फैल गई। प्रशासन, वन अधिकारी, सेना और स्थानीय लोग आग बुझाने के लिए काम कर रहे हैं।

### तीन सगे भाइयों समेत पांच को उम्रकैद



**बलिया।** बलिया की एक अदालत ने हत्या के चार वर्ष पुराने एक मामले में बुधवार को तीन सगे भाइयों समेत पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। हल्दी थाना क्षेत्र के जवही दियर गांव में सात सितंबर 2020 को शिव जी यादव नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। उनके अनुसार घटना के समय शिव अपनी पत्नी के साथ दवा लेने के लिए जा रहा था।

## सहस्त्रताल की ट्रैकिंग के दौरान बिगड़ा मौसम, 22 सदस्यीय पर्वतारोही दल फंसा

# हिमालयी क्षेत्र में ठंड से नौ ट्रेकर और तीन शेरपाओं की मौत, तीन एयरलिफ्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/उत्तरकाशी

*उत्तराखंड में खराब मौसम के कारण कर्नाटक के चार महिला समेत नौ ट्रेकर की मौत हो गई है। इसके अलावा तीन स्थानीया शेरपाओं की भी जान चली गई। भारतीय वायुसेना ने तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। साथ ही पांच ट्रेकर के शव बाहर निकाल लिए गए, जबकि तीन शेरपाओं और चार ट्रेकर के शव गुरुवार को वापस लाए जाएंगे।*

मनेरी की 'हिमालयन व्यू ट्रेकिंग एजेंसी' ने 29 मई को उत्तरकाशी से 35 किलोमीटर लंबे ट्रेक के लिए 22 सदस्यों की एक टीम भेजी थी। टीम में 18 ट्रेकर कर्नाटक और एक महाराष्ट्र से था। तीन स्थानीय गाइड थे। भारतीय वायुसेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बचाव अभियान का विवरण और अभियान के लिए तैनात किए गए हेलीकॉप्टर की तस्वीर को भी साझा किया। वायुसेना ने पोस्ट में कहा, समय से लड़ते हुए, भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों ने उत्तरकाशी के सहस्त्रताल में ट्रेकिंग करते समय खराब मौसम के कारण फंसे 15 ट्रेकर में से तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। साथ ही पांच ट्रेकर के शवों को भी सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया गया है। सेना के मुताबिक, अधिक ऊंचाई और ऊबड़-खाबड़ इलाके होने की वजह से बचाव अभियान हल्के वजन वाले दो ⏭ शेष पेज 4 पर

■ **मौसम फिर खराब, रोका गया रेस्क्यू, आज फिर होगी तलाश**



**दूसरा बड़ा**

*वर्ष 2022 में हुए निम के द्रौपदी का डांडा हिमस्खलन हादसे के बाद दूसरा बड़ा हादसा। उस हादसे में 28 पर्वतारोहियों की हिमस्खलन की चपेट में आने से मौत हुई थी। हादसे के बाद से एक व्यक्ति आज भी लापता है।*

### खराब मौसम के कारण रास्ता भटक गए थे ट्रैकर





### मौसम बिगड़ने के कारण रोकना पड़ा रेस्क्यू

*डीएम डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट की निगरानी में युद्धस्तर पर शुरू रेस्क्यू के तहत बुधवार शाम तक 13 ट्रैकरों को सुरक्षित निकाला गया। पांच ट्रैकरों के शव बरामद किए गए। दो ट्रैकर रितिका जिंदल व नवीन ए वन विभाग की टीम के साथ कुश कल्याण बुग्याल से पैदल सिल्ला गांव के लिए रवाना हुए, हालांकि अभी चार ट्रैकर का कहीं कुछ पता नहीं चल पाया है।*

### 29 मई को रवाना हुआ था दल

*हिमालयन व्यू ट्रैकिंग एजेंसी द्वारा दल को 29 मई को उत्तरकाशी से ट्रैक पर रवाना किया गया था जिसमें कर्नाटक के 18 और महाराष्ट्र के एक पर्वतारोही के अलावा तीन स्थानीय गाइड शामिल थे। इस ट्रैकिंग दल को सात जून तक वापस लौटना था। इसी दौरान, सोमवार को सहस्त्रताल पहुंचने के दौरान मौसम खराब हो गया।*

### वायु सेना की टीम भी रेस्क्यू में जुटी



मंगलवार शाम ट्रैकिंग एजेंसी के मालिक ने जिला प्रशासन को ट्रैकर्स के फंसने और मौत की सूचना दी। प्रशासन ने तत्काल हादसे की सूचना एसडीआरएफ कमांडेंट को देते हुए रेस्क्यू के लिए टीम भेजने का आग्रह किया।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल का कहना है कि दोपहर बाद मौसम बिगड़ने से हेली सर्च एंड रेस्क्यू रोकना पड़ा है। रेस्क्यू ऑपरेशन युद्ध स्तर पर चल रहा है। 13 ट्रैकरों को सुरक्षित निकाला गया है। पांच शव बरामद हुए हैं। रेस्क्यू टीमों में वायुसेना, आईटीबीपी, एसडीआरएफ, निम, वन विभाग आदि शामिल हैं। बुधवार रात या बृहस्पतिवार सुबह तक ऑपरेशन पूरा हो सकता है।

-डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट
डीएम उत्तरकाशी

# पत्नी, दो बेटियों के साथ ट्रेन के आगे लगाई छलांग, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर



जबलपुर जिले में बुधवार सुबह रेलवे के एक कर्मी और उसकी पत्नी ने अपनी दो बेटियों के साथ चलती ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। नगर पुलिस अधीक्षक सुनील नेमा ने बताया कि यह घटना भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के सिहोदा गांव में रेलवे लाइन पर हुई। उन्होंने बताया कि घटना के पीछे का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि सिहोदा गांव निवासी नरेंद्र चढ़ार, उसकी पत्नी रीना और छह साल और तीन महीने की दो बेटियों के शव रेलवे लाइन पर मिले जबकि उनकी मोटरसाइकिल पास में खड़ी मिली। अधिकारी ने बताया कि ऐसा लगता है कि उन्होंने आत्महत्या की है। उन्होंने बताया कि घटना की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

### भेड़ाघाट-भिटोनी रेलवे ट्रैक पर मिला शव

दरअसल, यह पूरी घटना जबलपुर के भेड़ाघाट स्थित सिहोदा गांव के रहने वाले नरेंद्र चढ़ार रेलवे में कर्मचारी हैं। वह ट्रैकमैन के पद पर कार्यरत थे। ट्रैकमैन ने अपनी पत्नी रीना और दो साल के बच्चों के साथ भेड़ाघाट-भिटोनी रेलवे ट्रैक की अपलाइन पर ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई है।

### पारिवारिक विवाद हो सकती है वजह

नरेंद्र चढ़ार के ससुर शंकर लाल चढ़ार ने संवाददाताओं को बताया कि उनकी बेटी रीना ने मंगलवार को फोन करके उन्हें अपनी सास के साथ हुए विवाद के बारे में बताया था। उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया, क्योंकि यह एक सामान्य और परिवार का अंदरुनी मामला था। उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

**18वीं लोकसभा में ऐसी स्थिति भी**

# नई लोकसभा के दो सदस्य जेलों में बंद, आतंकवाद का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आतंकवाद के आरोप में जेल में बंद दो उम्मीदवार संसदीय चुनाव में विजयी हुए हैं, जिससे आगामी दिनों में गठित होने वाली 18वीं लोकसभा के लिए असामान्य स्थिति पैदा हो गई है। हालांकि कानून के तहत उन्हें नए सदन की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी, फिर भी उन्हें संसद सदस्य के रूप में शपथ लेने का संवैधानिक अधिकार है। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए। पंजाब की खडूर साहिब सीट पर कट्टरपंथी सिख उपदेशक अमृतपाल सिंह ने जीत दर्ज की, जबकि जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट पर आतंकवाद के वित्तपोषण के आरोपी शेख अब्दुल राशिद उर्फ इंजीनियर राशिद ने जीत दर्ज की। इंजीनियर राशिद आतंकवाद के वित्तपोषण के आरोप में 9 अगस्त 2019 से तिहाड़ जेल में बंद हैं। सिंह को अप्रैल 2023 में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार कर असम की डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया था।

### शपथ लेने का अधिकार

इस विषय में शामिल कानूनी पहलुओं को समझाते हुए संविधान विशेषज्ञ और पूर्व लोकसभा महासचिव पी.डी.टी. आचारी ने ऐसे मामलों में संवैधानिक प्रावधानों का पालन करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संसद सदस्य के रूप में शपथ लेना एक संवैधानिक अधिकार है। आचारी ने कहा कि चूंकि वे फिलहाल जेल में हैं, इसलिए इंजीनियर राशिद और सिंह को शपथ ग्रहण समारोह के लिए संसद तक ले जाने के लिए अधिकारियों से अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि शपथ लेने के बाद उन्हें वापस जेल जाना होगा।

### लोकसभा अध्यक्ष करेंगे तय


*वैधानिक पहलुओं को और स्पष्ट करने के लिए, आचारी ने संविधान के अनुच्छेद 101(4) का हवाला दिया, जो अध्यक्ष की पूर्व अनुमति के बिना संसद के दोनों सदनों से सदस्यों की अनुपस्थिति से संबंधित है। उन्होंने कहा कि शपथ लेने के बाद वे लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर सदन में उपस्थित होने में अपनी असमर्थता के बारे में सूचित करेंगे, इसके बाद अध्यक्ष उनके अनुरोधों को सदन की अनुपस्थिति संबंधी समिति के पास भेज देंगे। समिति तय करेगी कि सदस्य को सदन की कार्यवाही से अनुपस्थित रहने की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं।*

*खाड़ी में मिले 13 लावारिस पैकेट*

# कच्छ तट से लावारिस पैकेट में मिली 130 करोड़ की कोकीन

एजेंसी ⏭ गांधीधाम

गुजरात के कच्छ जिले में गांधीधाम शहर के पास एक खाड़ी क्षेत्र से कोकीन के 13 लावारिस पैकेट बरामद किए गए। इनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 130 करोड़ रुपए है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि तस्करों ने पकड़े जाने से बचने के लिए मादक पदार्थ को समुद्र के किनारे छिपा दिया था। आठ महीने में उसी खाड़ी क्षेत्र से यह मादक पदार्थ की दूसरी बड़ी बरामदगी है। एटीएस और विशेष अभियान समूह की एक संयुक्त टीम ने गांधीधाम शहर के पास मीठी रोहर गांव से गुजरने वाले क्रीक क्षेत्र से 130 करोड़ रुपए मूल्य के कोकीन के 13 लावारिस पैकेट बरामद किए।



### हर पैकेट का वजन 1 किलो

पुलिस अधीक्षक (एटीएस) सुनील जोशी ने कहा, हमने कच्छ में गांधीधाम के पास एक खाड़ी क्षेत्र से तड़के कोकीन के 13 लावारिस पैकेट बरामद किए हैं। हर पैकेट का वजन एक किलोग्राम है। हमने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की जांच जारी है।

### पिछले साल 800 करोड़ की जब्ती

पिछले साल सितंबर में, कच्छ-पूर्व पुलिस ने उसी क्षेत्र से कोकीन के 80 लावारिस पैकेट बरामद किए थे। इनमें से प्रत्येक का वजन एक किलोग्राम था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में उसकी कीमत 800 करोड़ रुपए थी।

**मौसम ने बदली करवट, बारिश भी हुई**

# आकाशीय बिजली गिरने से दो सगे भाइयों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/डौंडीलोहारा



बुधवार को बालोद जिला मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में मौसम ने करवट बदली और बारिश हुई। इससे एक ओर जहां गर्मी से परेशान लोगों को कुछ राहत मिली, वहीं दूसरी ओर बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। इस घटना में एक गाय ⏭ शेष पेज 4 पर

### मोबाइल हुआ ब्लास्ट



घटनास्थल की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें एक कीपैड मोबाइल क्षत-विक्षत हालत में पड़ा हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि आकाशीय बिजली गिरने से मोबाइल भी ब्लास्ट हुआ होगा।

## दुनिया के टॉप 150 यूनिवर्सिटी में छत्तीसगढ़ का नाम नहीं

# आईआईटी बॉम्बे का जलवा, डीयू-जेएनयू ने भी बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आईआईटी मुंबई और दिल्ली दुनिया के शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में शामिल हैं। मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने 13वीं बार वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का स्थान बरकरार रखा है। बुधवार को जारी हुई क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2025 में यह जानकारी दी गई। आईआईटी मुंबई पिछले साल के 149वें स्थान से 31 रैंक ऊपर चढ़कर 118वें स्थान पर पहुंच गया है। आईआईटी दिल्ली ने अपनी रैंकिंग में 47 अंकों का सुधार करते हुए वैश्विक स्तर पर 150वां स्थान हासिल किया है। लंदन आधारित उच्च शिक्षा विश्लेषक, 'क्वाक्वेरेली साइमंड्स' (क्यूएस) द्वारा प्रकाशित प्रतिष्ठित रैंकिंग के अनुसार, दिल्ली विश्वविद्यालय की अपने स्नातकों की रोजगार क्षमता के मामले में स्थिति अच्छी है और यह रोजगार परिणामों की श्रेणी में विश्व स्तर पर 44 वें स्थान पर है। रैंकिंग के संस्करण में 46 विश्वविद्यालयों को शामिल किए जाने के साथ भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली प्रतिनिधित्व के मामले में वैश्विक स्तर पर सातवें और एशिया में तीसरे स्थान पर है, जो केवल जापान (49 विश्वविद्यालय) और चीन (मुख्यभूमि) (71 विश्वविद्यालय) से पीछे है।

### भारत के लिए चुनौती

*क्यूएस ने इस बात को रेखांकित किया कि उपलब्धियों के बावजूद भारत को अंतरराष्ट्रीयकरण में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसने कहा, देश अंतरराष्ट्रीय संकाय अनुपात और अंतरराष्ट्रीय छात्र अनुपात संकेतकों में पीछे है, जो अधिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं आदान-प्रदान की आवश्यकता को रेखांकित करता है।*



### भारत का आंकड़ा मात्र 2.9

अंतरराष्ट्रीय छात्रों के अनुपात के लिए भारत का आंकड़ा मात्र 2.9 है, जो वैश्विक औसत 26.5 से काफी कम है। अधिकारी ने कहा, इसी प्रकार, अंतरराष्ट्रीय संकाय के अनुपात का औसत आंकड़ा 9.3 है, जो भारतीय विश्वविद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय संकाय सदस्यों की विविधता और प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की आवश्यकता को दर्शाता है।

### रोजगार के अवसर

भारत का रोजगार परिणाम संबंधी आंकड़ा 23.8 के वैश्विक औसत से 10 अंक कम है, जो नौकरी की आवश्यकताओं और स्नातकों के कौशल के बीच अंतर को पाटने तथा नए स्नातकों के लिए अधिक अवसर पैदा करने की आवश्यकता को दर्शाता है। क्यूएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इसके अतिरिक्त, भारत का स्थिरता अंक भी वैश्विक औसत से लगभग 10 अंक कम है। यह उच्च शिक्षा प्रणाली के भीतर स्थिरता पहल को प्राथमिकता देने एवं इसे मजबूत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

## चिंतन

# सफल लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष भी बहुत जरूरी

तय हो गया है कि नरेंद्र दामोदर दास मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। उन्हें एनडीए संसदीय दल का नेता चुन लिया गया है। यह सही है कि पिछली बार की तरह 2024 में अकेली भाजपा को सरकार गठन के लिए जरूरी सीटें नहीं मिली हैं, लेकिन भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए को पूर्ण बहुमत प्राप्त हो गया है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और चुनाव भी दुनिया में सबसे बड़ा और पारदर्शी रहा है, जिसमें करीब 64 करोड़ लोगों ने वोट डाला। दुनियाभर की सियासी निगाहें हम पर थी और एक बार फिर हमारा लाकतंत्र जीत गया। लोकतंत्र यानी लोगों का तंत्र, लोगों की मर्जी, उनकी पसंद, उनके प्रतिनिधि। लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है कि नेता जनता द्वारा चुने जाते हैं और उसके बाद होता है विपक्ष। किसी भी लोकतंत्र के बेहतर तरीके से काम करने के लिए जरूरी है कि उसमें असहमति और नाराजगी की गुंजाइश हो और सत्तारूढ़ सरकार पर निगाह हो। हमने दस सालों में देखा कि हमारी संसद विपक्षविहीन थी। यहां तक कि कांग्रेस या फिर किसी अन्य दल को इतनी सीटें भी नहीं मिली थी कि वे विपक्ष का नेता बन सकें। यह समझना तो आसान है कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष कितना जरूरी है, लेकिन अगर विपक्ष मजबूत न हो, तो क्या होता है! वह भी बड़ा मसला है। सबसे मोटी बात तो यह है कि कोई सरकार चाहे दक्षिणपंथी हो, समाजवादी हो या फिर साम्यवादी। गलतियां सभी करती हैं और करेंगी भी और होंगी भी। उन गलतियों पर किसी की नजर होनी भी जरूरी है, इसलिए मजबूत विपक्ष आवश्यक होता है ताकि वो सरकार की हर गलती पर उसे अलर्ट करे, उसका विरोध करे। विपक्ष या विपक्षी पार्टियां जब मजबूत नहीं होती हैं तो सत्ताधारी पार्टी को मनमानी करने की गुंजाइश होती है। इससे लोकतंत्र के बाकी तीनों स्तंभ भी कमजोर पड़ जाते हैं, इसलिए जरूरी है कि विपक्ष न केवल मजबूत हो बल्कि हर देशवासी का प्रतिनिधित्व भी करता हो। वह अपने सदस्यों के साथ-साथ सत्ता पक्ष के विश्वास पर भी खरा उतरता हो। लोकतंत्र में विपक्ष की अहमियत का बेहतर उदाहरण पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी और कांग्रेस सरकार का है। जब भाजपा विपक्ष में थी, तब कांग्रेस सरकार ने अटल जी को विदेश यात्रा पर इलाज के लिए भेजा था। सफल लोकतंत्र के लिए यह चीजें जरूरी हैं। अगर विपक्ष कमजोर है तो ऐसा हो पाना संभव नहीं है। अब जबकि तय हो गया है कि नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। कुछ ताकतों ने बीते 24 घंटे में यह भ्रम फैलाने का प्रयास किया कि केंद्र में सरकार बदल सकती है। इसके लिए अलग-अलग तर्क पेश किए गए, लेकिन अब बिहार के मुख्यमंत्री बिहार के सीएम नीतीश कुमार और दूसरे किंगमेकर टीडीपी सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू ने मोदी के संसदीय दल के नेता बनने पर मुहर लगा दी है तो साफ है कि केंद्र में कोई बड़ा बदलाव नहीं होना जा रहा। नरेंद्र मोदी ही तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। हां इस बार विपक्ष भी मजबूत होगा। सत्ता में एक ही पार्टी का होना या सिर्फ एक ही पार्टी का दबदबा होना इसलिए भी हानिकारक है, क्योंकि जब कोई चुनौती नहीं होगी और कोई दूसरी पार्टी सत्ता में आएगी नहीं, तब तक जनता को पता ही नहीं चलेगा कि बेहतर प्रशासन की कितनी गुंजाइश है और क्या बदला जा सकता है, देश को कैसे बेहतर चलाया जा सकता है, इसलिए जरूरी है कि विपक्ष बेहतर हो। यही कारण रहा है दुनिया की सबसे बड़ी आबादी ने शानदार व्यवस्था को चुना और एनडीए और इंडिया को इस हिसाब से सीटें दी कि देश को बेहतर दिशा में ले जाएं।

## सारा संसार



महाराष्ट्र राज्य के मुंबई में स्थित सिद्धिविनायक मंदिर भारत में गणेश के सबसे प्रमुख मंदिर में से एक है। इस मंदिर की दुनिया भर में अपनी एक अलग पहचान है जिसकी वजह से देश-विदेश से लोग श्री गणेश भगवान के दर्शन के लिए आते हैं। 1801 में लक्ष्मण विठू और देउबाई पाटिल द्वारा निर्मित करवाये गये इस मंदिर में भगवान गणेश की एक मूर्ति स्थापित है जिसके पीछे एक बहुत खास कहानी है।

## सवाल

योगेश कुमार सोनी



# मतदान कर्मियों की मौत का जिम्मेदार कौन?

बीते सोमवार चुनाव आयोग ने भीषण गर्मी में चुनाव के दिन गुजरने को लेकर कहा कि अगली बार चुनाव अप्रैल महीने तक करा दिए जाएंगे। चुनाव के दौरान कई चुनाव अधिकारियों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। इस पर चुनाव आयोग ने गलती मानी और यह भी कहा कि चुनाव गर्मी से पहले खत्म हो जाने चाहिए थे, चूंकि तमाम मतदान कर्मियों के अलावा कुछ मतदाताओं की भी जान चली गई। दरअसल, देशभर से मिली आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में चुनाव ड्यूटी पर तैनात 33 लोगों सहित 60 लोगों की शनिवार को गर्मी के कारण मौत हो गई। इस घटना से हर कोई दुखी है चूंकि जिन लोगों ने सुचारू रूप से चुनाव कराया उन्हीं की बलि चढ़ गई। दरअसल इस बार भी रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से देश की संचालन प्रक्रिया पर प्रभाव पड़ा है, लेकिन मन में एक सवाल जरूर आता है, जब सरकार को पता है कि गर्मी में चुनाव कराना हर तरह से चुनौती पूर्ण है तो वह हर बार इस ही मौसम में चुनाव क्यों कराती है। यदि यह मामला एक होता तो मात्र आकस्मिक घटना लगती लेकिन बिहार, ओडिशा और मध्य प्रदेश में हुई हैं और सबसे ज्यादा मौत उत्तर प्रदेश में हुई। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने मौतों की पुष्टि की और कहा कि मृतक होमगार्ड, सफाई कर्मचारी और अन्य मतदान कर्मचारी थे जो दिन भर चलने वाली वोटिंग प्रक्रिया के दौरान ड्यूटी पर थे। बीते शुक्रवार यूपी में 15 मतदान कर्मियों की मौत हुई थी। शनिवार को कुल 108,349 मतदान कर्मियों को तैनात किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि 1300 से अधिक लोग हीट स्ट्रोक की स्थिति के कारण अस्पतालों में भर्ती हैं और कुछ की हालात गंभीर भी बताई जा रही है। इसके अलावा बिहार में मतदान देने वाले तीन लोगों की मौत हो गई। यदि किसी वजह से इस ही समय चुनाव होने की अनिवार्यता होती है तो चुनाव आयोग को इतने बेहतर इंतजाम करने चाहिए कि कम से कम किसी जान तो न जाए। आज हम हाइटेक दौर में जी रहे हैं लेकिन हमारे यहां लोग बुनियादी जरुरत के अभाव में अपनी जान गंवा रहे हैं। भविष्य में किसी भी प्रकार के चुनाव के लिए इस तरह के मौसम में चुनाव कराने से परहेज करना होगा चूंकि कोई भी पर्व किसी इंसान की जान से बढ़कर नहीं हो सकता। चाहे व कोई धार्मिक पर्व हो या राष्ट्रीय पर्व। बेहतर बदलाव की हर कोई कामना करता है और हमें हर उस बिन्दु का ध्यान रखना होगा जिससे सिस्टम अपडेट व अपग्रेड हो। हम किसी भी नुकसान की परवाह नहीं करते, लेकिन जब बात जान पर आ जाए अब इस मामले में सोचना भी पड़ेगा और बोलना भी पड़ेगा। जहां एक ओर चुनाव आयोग लोगों को वोट डालने व अन्य प्रक्रिया पर करोड़ों रुपये खर्च करता है,तो यहां भी उनका ध्यान केंद्रित होना चाहिए। मतदान कर्मियों की बुनियादी हर सुविधाओं को ध्यान रखना होगा। इस मामले को लेकर हर तरह की सुविधाओं को मद्देनजर रखते हुए आगामी चुनाव होने चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



चुनाव परिणाम

सुरेश हिंदुस्तानी

# भाजपा को सबक, विपक्ष को संजीवनी

> भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के दौरान चार सौ पार का नारा दिया, वह पूरा नहीं हो सका। उसने एक बार फिर से इंडिया शाइनिंग वाले 2004 के चुनाव की याद दिला दी। हां लेकिन यह संतोष की बात कही जा सकती है कि राजग को सरकार बनाने लायक बहुमत प्राप्त हो गया है। इस चुनाव परिणाम को भारतीय जनता पार्टी के लिए एक बड़े सबक के रूप में देखा जा रहा है, जबकि अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए पिछले दस वर्षों से लगातार संघर्ष करने वाले विपक्ष को कायाकल्प करने वाली संजीवनी मिलने के रूप में देखा जा रहा है। इंडी गठबंधन तो ताल ठोकते हुए इसे भारतीय जनता पार्टी की हार बता रहा है।

देश में हुए लोकसभा चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। ये चुनाव परिणाम कई मायनों में महत्वपूर्ण संदेश देने वाले कहे जा सकते हैं। इसमें पहली बात यह है कि भारतीय जनता पार्टी ने चार सौ पार का नारा दिया, वह पूरा नहीं हो सका। पूरा होने की बात छोड़ो पार्टी उसके आसपास भी नहीं पहुंच पाई और उसने एक बार फिर से इंडिया शाइनिंग वाले 2004 के चुनाव की याद दिला दी। हां लेकिन यह संतोष की बात कही जा सकती है कि राजग को सरकार बनाने लायक़ बहुमत प्राप्त हो गया है। इस चुनाव परिणाम को भारतीय जनता पार्टी के लिए एक बड़े सबक के रूप में देखा जा रहा है, जबकि अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए पिछले दस वर्षों से लगातार संघर्ष करने वाले विपक्ष को कायाकल्प करने वाली संजीवनी मिलने के रूप में देखा जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी वाले गठबंधन ने भले ही बहुमत का आंकड़ा प्राप्त कर लिया है, लेकिन खुद भाजपा के नेता इसे जीत के रूप में प्रचारित करने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं। इसके विपरीत इंडी गठबंधन तो ताल ठोकते हुए इसे भारतीय जनता पार्टी की हार बता रहा है। यह सही है कि चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को अपेक्षित सफलता नहीं मिली, लेकिन सरकार बनाने लायक़ सीट की संख्या उसके पास है, इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं कि भाजपा के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। इस दृष्टि से इस जीत को कई मायनों में ऐतिहासिक ही माना जाएगा। आज नरेंद्र मोदी उस कतार में शामिल हो गए हैं, जो उन्हें औरों से अलग बनाते हैं।

भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश ने दिया है। यहां दो लड़कों की जोड़ी ने भारतीय जनता पार्टी की उड़ान की गति को बहुत हद तक रोकने में सफलता प्राप्त की है। हम जानते हैं कि जिस प्रकार से समाचार चैनलों ने स्पष्ट रूप से भाजपा की बहुमत वाली सरकार बनाने का पूर्वानुमान दिखाया था, वह परिणाम से मेल रखने वाला नहीं रहा। देश के विपक्षी दलों यह आरोप लगाकर इस एग्जिट पोल को पूरी तरह से खारिज कर दिया। कांग्रेस की ओर से यह दावा भी किया गया था कि इंडी गठबंधन को 290 सीटें मिलेंगी और बहुमत की सरकार बनेगी। सबको यही लग रहा था कि कांग्रेस के दावे में दम नहीं है, लेकिन चुनाव के परिणाम ने यह जाहिर कर दिया कि उनके दावे में दम था। दावे में जो सीटों की संख्या बताई गई थी इंडी गठबंधन उस आंकडे से बहुत पीछे रह गया, लेकिन इंडी गठबंधन के कई प्रत्याशी बहुत कम अंतर से पराजित हुए हैं, इसे भी अप्रत्याशित बढ़त के रूप में ही देखा जा रहा है। इंडी गठबंधन के लिए सबसे ज्यादा सुकून देने वाली बात यह भी है कि उसने भारतीय जनता पार्टी के 400 पार वाले दावे की हवा निकाल दी। भाजपा नीत राजग गठबंधन 300 के पार भी नहीं जा सकी। इसे इस रूप में भी देखा जा रहा है कि अकेले मोदी के नाम पर चुनाव नहीं जीता जाता, जीतने के लिए प्रत्याशी भी अच्छा होना चाहिए। कहा जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी इस मामले में चूक गई। भाजपा के लिए चिंतन का मुद्दा यह है कि



उसके मूल कार्यकर्ता इस चुनाव से दूर रहे। भाजपा नेतृत्व ने जितना भरोसा बाहर से आए नेताओं पर किया, उतना अपने पुराने कार्यकर्ताओं पर नहीं किया। बाहर से आए नेता केवल दिखावा करते रहे और भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई। जिसके कारण भारतीय जनता पार्टी का समर्थक मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंच ही नहीं सका। यह भी भारतीय जनता पार्टी के लिए एक बड़ा अवरोधक बनता दिखाई दिया, जबकि इंडी गठबंधन के नेता यह योजना बनाकर मैदान में थे कि अधिक मतदान कराने का प्रयास किया जाए। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के गठबंधन को मिली सफलता इस बात का परिचायक है कि इन दोनों दलों ने मुस्लिम और यादव मतों पर ज्यादा मेहनत की। इसके अलावा पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को भी अपने पाले करने के लिए मेहनत की। इसी मेहनत ने अपेक्षित परिणाम दिए।

यहां यह उल्लेख करना भी महत्वपूर्ण होगा कि इस बार मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने इंडी गठबंधन के लिए विजय के द्वार खोलने में मदद की। ऐसा नहीं है कि उनकी मदद करने की मंशा थी, वह मदद नहीं करना चाहती थीं, लेकिन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग का जो वोट भारतीय जनता पार्टी को मिलना था, वह इस बार उसको नहीं मिला। इसे भी भारतीय जनता पार्टी की हार के रूप में देखा जा रहा है। वैसे राजनीतिक दृष्टि से आकलन किया जाए तो यह भारतीय जनता पार्टी की बड़ी जीत ही कहा जाएगा, क्योंकि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग गठबंधन ने तीसरी बार सत्ता को अपने पास रखा है। इंडी गठबंधन भी इसलिए सक्रिय हो गया है, क्योंकि अगर किसी भी स्थिति में बिल्ली के भाग्य से छीका टूट गया तो मलाई खाने का अवसर मिल सकता है।

चुनाव परिणामों के बाद अब इसमें कोई संदेह नहीं है कि राजग की सरकार बनेगी, साथ ही एक मजबूत विपक्ष भी होगा, इसलिए अब भाजपा नीत सरकार को बेहद सधे कदमों से चलना होगा। जैसा कि सभी जानते हैं कि ज़ब विपक्ष कमजोर रहा, तब उन्होंने संसद को कई बार बाधित किया। चूंकि अब विपक्ष मजबूत है तो इस बात की बहुत ज्यादा संभावना बन जाती है कि वे छोटी छोटी बातों पर संसद को बाधित कर सकते हैं। यह बात सही है कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने राजनीतिक भ्रष्टाचार पर बहुत हद तक सफलता प्राप्त की है और अपने तीसरे कार्यकाल में भी भ्रष्टाचार को समाप्त करने का संकल्प दोहराया है। हम जानते हैं कि विपक्ष के कई बड़े राजनेता भ्रष्टाचार के आरोप को झेल रहे हैं। इनमें से कई जमानत पर बाहर हैं, इसलिए यह भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार का साथ देंगे, इसकी गुंजाइश कम ही है। लेकिन यह सच है कि भारत में भ्रष्टाचार का निर्मूलन होना ही चाहिए। यह देश को अच्छा बनाने का कदम है, जिसके लिए सभी दलों को साथ देना चाहिए।

जहां तक राजनीति की बात है तो लोकसभा चुनावों के दौरान जिस प्रकार से प्रचार किया गया, उसमें नकारात्मकता अधिक देखी गई। नकारात्मक राजनीति दोनों ही तरफ से देखने को लिखी रचनात्मक विरोध तो कहीं भी देखने को नहीं मिला। रचनात्मक विरोध राजनीति को स्वस्थ और स्वच्छ बनाता है। चूँकि अब चुनाव समाप्त हो गए हैं और परिणाम भी आ चुके हैं, इसलिए अब नकारात्मक राजनीति से सभी दलों को तौबा करने की ओर कदम बढ़ाने चाहिए और देश को प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ने पर विचार करना चाहिए। विरोध का विचार त्यागना चाहिए, क्योंकि अब विरोध करने का नहीं, बल्कि देश को बनाने का समय है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## क्या आप पूर्ण रूप से सुखी है



संकलित
**दर्शन**

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

## बच्चों को सुख-सुविधाओं से ज्यादा अच्छे संस्कार दें



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे। संतान के मोह में धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को सही-गलत का फर्क नहीं बताया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण जरूरी

हर साल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व पर्यावरण दिवस पांच जून को मनाया जाता है। इस मौके पर अलग-अलग तरीके से पर्यावरण को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। आज पूरे विश्व में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति और जनजीवन दोनों खतरे में हैं। जीवन जीने के लिए प्रकृति का सुरक्षित होना काफी ज्यादा जरूरी है और यह जिम्मेदारी हम सभी की बनती है कि हम अपने आसपास के पर्यावरण को सुरक्षित रखें और हरियाली बनाए रखें। हम छोटे-छोटे कदम उठाकर, जैसे कम पानी और बिजली का इस्तेमाल करना, कचरे को कम करना और उसका पुनर्चक्रण, पौधे लगाना, वाहनों का कम इस्तेमाल करना आदि पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने में योगदान दे सकते हैं।

*- संकेत तिवारी, कांकेर*

## ट्रेंड


### वन क्षेत्र में वृद्धि



आप सभी को बहुत खुशी होगी कि पिछले दशक में, भारत ने कई सामूहिक प्रयास किए हैं जिससे वन क्षेत्र में वृद्धि हुई है। सतत विकास की दिशा में हमारी खोज के लिए बहुत अच्छा है। सराहनीय है कि कैसे स्थानीय समुदाय इस अवसर पर आगे आए और उन्होंने इसका नेतृत्व किया।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### खुद को शिक्षित करना होगा



हम पृथ्वी को नष्ट कर सकते हैं और रक्षा भी कर सकते हैं। यह समझने के लिए खुद को शिक्षित करना चाहिए कि जीवन शैली को कैसे बदलना है। विश्व पर्यावरण दिवस पर हमें उस स्थिति के बारे में सोचना होगा जिसमें हम खुद को पाते हैं।

**-दलाई लामा, आध्यात्मिक गुरु**

### नायडू शाह की बात मानेंगे?



शाह ने चंद्रबाबू नायडू को अपशब्द कहे. उन्हें भारतीय इतिहास का सबसे बड़ा अवसरवादी कहा जा रहा है! कहते हैं कि एनडीए के दरवाजे उनके लिए हमेशा के लिए बंद हो गए हैं! क्या इतने अपमान के बाद नायडू मोदी/शाह की बात मानेंगे?

**-प्रशांत भूषण, वरिष्ठ अधिवक्ता**

### उज्जवल आर्थिक भविष्य



'स्थिर' से 'सकारात्मक' की ओर यह कदम हमारे देश की ठोस आर्थिक विकास कहानी में क्षमता का एक और प्रमाण है। यह निवेशकों के बढ़ते विश्वास और भारत के उज्जवल आर्थिक भविष्य का प्रतीक है।

**-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# अमेरिका ने तियानमेन बरसी पर चीनी खतरों से चेताया



अमेरिकी संसद के सदस्यों ने चीन के तियानमेन चौक पर हुए नरंसहार की बरसी पर मंगलवार को कहा कि सत्तारूढ़ चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी आज भी उतनी ही निर्दयी और दमनकारी है जितनी 1989 में थी जब उसने बीजिंग में शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने वाले छात्रों के खिलाफ कार्रवाई के लिए टैंक भेजे थे। डेमोक्रटिक सदस्य राजा कृष्णमूर्ति ने आगाह किया कि चीनी के राष्ट्रपति शी चिनफिंग अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हिंसा का सहारा लेने से भी गुरेज नहीं करते, उनके पूर्ववर्तियों ने भी ऐसा ही किया था। उन्होंने कहा, 'हमें यह याद रखना चाहिए जब शी चिनफिंग बोलते हैं कि वे विध्वंसकारी और अलगाववादी गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे...तो इसका मतलब वह दुनिया से कह रहे हैं कि (पार्टी) उन टैंकों को फिर से उन लोगों की आवाज दबाने के लिए भेज देगी जो स्वतंत्रता के लिए खड़े होंगे।' तियानमेन दमन की बरसी पर मंगलवार को आयोजित किए गए कार्यक्रम में इस आंदोलन के पूर्व छात्र नेता और हांगकांग के युवा कार्यकर्ता शामिल हुए। यह कार्यक्रम ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका ने चीन को लेकर अपनी नीति में प्रतिस्पर्धा पर जोर देना शुरू कर दिया है। इसका उद्देश्य चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकना है।

## ऑफ बीट

# टैटू से लिंफोमा का खतरा 21 फीसदी अधिक होता है



पछतावे को कई वर्षों तक टैटू का सबसे गंभीर दुष्प्रभाव माना जाता था। लेकिन मेरे नए अध्ययन से पता चलता है कि टैटू बनवाने के परिणामों पर चिंता करने के लिए इससे भी बदतर चीजें हो सकती हैं। टैटू अब पहचान व्यक्त करने या जीवन में मील के पत्थर का जश्न मनाने का एक मुख्य साधन है। फिर भी हम टैटू स्याही में खतरनाक रसायनों ने पिछले दस वर्षों के दौरान यूरोप में ध्यान आकर्षित किया है। समानांतर में, शोध से पता चला है कि जो स्याही त्वचा में इंजेक्ट की जाती है वह वहां नहीं रहती है। शरीर टैटू स्याही को एक बाहरी चीज़ के रूप में मानता है जिसे हटाने की आवश्यकता होती है, और गोदने से प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया होती है जिसके परिणामस्वरूप स्याही कणों का एक बड़ा हिस्सा लिम्फ नोड्स में चला जाता है। लेकिन पहेली का आखिरी भाग गायब है : लसीका प्रणाली में जमा टैटू स्याही लोगों के स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करती है? बिंदुओं को जोड़ने के लिए, स्वीडन के लुंड विश्वविद्यालय में मेरे सहकर्मियों और मैंने, यह जवाब देने के लिए एक बड़ा अध्ययन किया कि क्या टैटू बनवाने से घातक लिंफोमा का खतरा बढ़ सकता है, जो कैंसर का एक दुर्लभ रूप है और सफेद रक्त कोशिकाओं (लिम्फोसाइट्स) को प्रभावित करता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# 10 साल में दीं बैक-टू-बैक 15 फ्लॉप
## अब ग्लैमरस अवतार छोड़ माफिया बनीं एक्ट्रेस

**नई दिल्ली।** सनी लियोनी भले ही लगातार फ्लॉप फिल्में देती आ रही हैं। लेकिन एक्ट्रेस अपने प्रोडक्शन हाउस और अन्य बिजनेस के माध्यम से करोड़ों कमाती हैं। एक्ट्रेस का आलीशान लाइफस्टाइल और कमाई पर जरा भी असर नहीं पड़ा है। जल्द ही वह एक और फिल्म में नजर आने वाली हैं। इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेसेस में से एक सनी लियोनी ने बेशक कुछ ही फिल्मों में काम किया है, लेकिन उन्होंने जो भी आइटम सॉन्ग किया, वह



लोगों के जुबां पर आज भी है। वह लाखों दिलों पर राज करती हैं। अब वह माफिया बनकर फैंस को हैरान करने वाली हैं। सनी लियोनी की फिल्में और गानों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। इन सब के बीच एक्ट्रेस सनी लियोनी ने सोमवार को अपनी अपकमिंग तमिल फिल्म 'कोटेशन गैंग'का फर्स्ट लुक शेयर किया है। एक्ट्रेस ने दो पोस्टर शेयर किए। इनमें उनका नया अवतार देखने को मिल रहा है, जिसे पहले कभी किसी ने नहीं देखा होगा।

### वायरल हो रही एक्ट्रेस की पोस्ट

सोशल मीडिया पर सनी की ये पोस्ट काफी वायरल हो रही है। शेयर किए गए इस पोस्टर में सनी प्रिया मणि केरोल में स्कर्ट के साथ चेक शर्ट पहने नजर आ रही हैं। वहीं, दूसरे पोस्टर में उन्होंने को-एक्टर जैकी श्रॉफ की गर्दन को गुस्से में पकड़ा हुआ है, पोस्टर देख ऐसा लग रहा है, जैसे सनी जैकी का गला दबा रही हैं, सनी ने ग्लैमरस अवतार को छोड़ बोल्ड माफिया के रोल को बखूबी पर्दे पर उतारा है।

### क्या है पोस्ट में खास

सोशल मीडिया पर सनी की पोस्ट काफी वायरल हो रही है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'एक हाइपर-लिंक फिल्म जुलाई से सिनेमाघरों में!...' फिल्म में सनी एक हत्यारन की भूमिका में हैं, जो एक गिरोह की मुख्य सदस्य है। वह कॉन्ट्रैक्ट किलर है। उनका किरदार काफी क्रूर है, जो उनकी ग्लैमरस इमेज से बिल्कुल अलग है।

## 'रेड-2' की शूटिंग हुई खत्म भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ेंगे

**मुंबई।** अजय देवगन 2024 के सबसे व्यस्त अभिनेताओं में से एक हैं। उनकी कई फिल्में इस साल बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली हैं। अभिनेता की जिन फिल्मों की चर्चा इन दिनों सबसे अधिक हो रही है उसमें रेड 2 का नाम भी शामिल है। यह साल 2018 में आई रेड का सीक्वल है। इसमें अजय देवनग आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में नजर आने वाले हैं।



फिल्म को लेकर फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अजय देवगन, रितेश देशमुख और वाणी कपूर ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। रिपोर्ट में बताया गया है कि सभी कलाकारों ने पिछले महीने यानी 10 मई को ही इस क्राइम थ्रिलर की शूटिंग पूरी कर ली थी। इस फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार 'रेड 2' की शूटिंग व्यापक रूप से उत्तर प्रदेश, राजस्थान में की गई है।

## *अमिताभ ने इस फिल्म की रिलीज से पहले एक्टिंग छोड़ने का बना लिया था मन...*

*__मुंबई।__ अमिताभ बच्चन के करियर में एक समय ऐसा था जब उनकी लगातार 11 फिल्में फ्लॉप हो गई थीं। जिसके बाद उन्होंने एक्टिंग छोड़ने का मन बना लिया था। बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन सालों से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री पर राज कर रहे हैं। बिग बी को इंडस्ट्री में 5 दशक से ज्यादा का समय हो गया है और अब भी वो अपनी शानदार एक्टिंग से लोगों का दिल जीत रहे हैं।मगर हमेशा से बिग बी टॉप पर नहीं रहे हैं। एक समय उनके करियर का ऐसा आया था कि उसके बाद बिग बी ने एक्टिंग छोड़ने का मन बना लिया था। उसी दौरान उनकी एक फिल्म हिट हो गई और वो सुपरस्टार बन गए थे।*




*अमिताभ बच्चन के करियर में एक समय ऐसा आया था जब उनकी लगातार 11 फिल्में फ्लॉप हो गई थीं जिसके बाद उन्हें लगने लगा था कि अब उनका कुछ नहीं हो सकता और उन्होंने एक्टिंग छोड़ने का मन बना लिया था। मगर उसके बाद जंजीर रिलीज हुई और वो उनके करियर की टर्निंग प्वाइंट थी।*

### *जंजीर ने बदली किस्मत*

*अमिताभ बच्चन के करियर के बारे में फेमस स्क्रीनराइटर सलीम खान ने बात की थी। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था कि जंजीर अमिताभ बच्चन के करियर की टर्निंग प्वाइंट थी। इस फिल्म ने उन्हें एक लीडिंग एक्टर बना दिया था और इंडियन सिनेमा को उनका आइकॉनिक परसॉना दिखाया था। अमिताभ बच्चन से पहले जंजीर धर्मेंद्र, दिलीप कुमार और देवानंद को ऑफर की गई थी, लेकिन सभी ने किसी ना किसी वजह से इस फिल्म के लिए ना कह दिया था। सलीम खान ने आगे कहा- 'ये किस्मत की बात है स्क्रिप्ट और डायलॉग्स सब तैयार थे। वो शुरू में चाहते थे कि धर्मेंद्र ये रोल करें, लेकिन उन्होंने इसके लिए मना कर दिया था।'*

## टीवी पर वापस कभी न जाने की खाई कसम...

**नई दिल्ली।** उर्फी जावेद आज सोशल मीडिया सेंसेशन के तौर पर मशहूर हैं। अपने अतरंगी कपड़ों और फैशन सेंस से उन्होंने सोशल मीडिया की दुनिया में एक अलग मुकाम हासिल किया है। उर्फी जावेद 'बड़े भईया की दुल्हनिया', 'चंद्र नंदिनी', 'बेपनाह' जैसे सीरियल्स में साइड रोल निभा चुकी हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने टीवी से दूरी क्यों बनाई थी। वह कहती हैं, 'अगर आप लीड एक्टर नहीं हैं, तो आपको बिल्कुल भी तवज्जो नहीं दी जाएगी। वो आपको कुत्तों की तरह ट्रीट करेंगे। कुछ प्रोडक्शन हाउस तो बहुत ही बुरे हैं'। उर्फी ने अपना दर्द साझा करते हुए कहा कि कई बार



सेट पर उनके साथ इतना बुरा व्यवहार होता था कि वह फूट-फूटकर रोने लग जाती थीं। एक्ट्रेस के मुताबिक टीवी ने उन्हें बहुत रुलाया है और इस वजह से वह कभी टीवी पर वापसी नहीं करना चाहती हैं।'बिग बॉस ओटीटी'का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस ने बताया कि वह आगे भविष्य में 'बिग बॉस'का हिस्सा नहीं बनना चाहती हैं। उर्फी के अनुसार 'बिग बॉस ओटीटी'ने उन्हें बहुत अच्छा मौका दिया जिसका उन्हें फायदा भी हुआ, लेकिन भविष्य में वह बिग बॉस का हिस्सा नहीं बनना चाहती हैं क्योंकि उन्हें नहीं लगता कि वह दोबारा इसे कर पाएंगी।


## अपनी शर्तों पर काम करती हैं सोनाक्षी

**मुंबई।** सोनाक्षी सोनाक्षी सिन्हा ने साल 2010 में आई सलमान खान की फिल्म दबंग से बॉलीवुड में एंट्री की थी। अभिनेत्री को फिल्म इंडस्ट्री में 14 वर्षों का समय बीत चुका है और वह अभी भी अपनी शर्तों पर काम कर रही हैं। सोनाक्षी ने फिल्मों के लिए हमेशा अपने रुख स्पष्ट रखा है कि वह पर्दे पर कौन सा सीन करने में सहज हैं और कौन सा नहीं। एक बार सोनाक्षी सिन्हा ने कहा था कि वह अपनी 15वीं फिल्म कर रही हैं और इस फिल्म में कोई किसिंग सीन या कपड़े उतारने का सीन नहीं है। अब हीरामंडी की सफलता के बाद अब एक्ट्रेस ने ई- कहा कि 'मैं अपनी 35वीं फिल्म कर रही हूं और अभी भी वहीं खड़ी हूं। एक अच्छे अभिनेता को हमेशा काम मिलेगा।



## कान्ये वेस्ट पर यौन शोषण का मुकदमा

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी रैपर और सॉन्ग राइटर कान्ये वेस्ट एक बार फिर विवादों में फंस गए हैं। उनकी पूर्व निजी सहायक ने उन पर यौन उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। यह केस सोमवार, 3 जून को दर्ज किया गया है। टीएमजेड की रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व महिला सहायक ने कान्ये पर गलत तरीके से नौकरी से निकालने का भी आरोप लगाया है। कोर्ट में दायर मुकदमे के आरोपों के मुताबिक, कान्ये ने महिला को अश्लील मैसेज और वीडियोज भेजे थे और फिर नौकरी से निकाल दिया। पूर्व महिला सहायक ने कोर्ट से कहा है कि उन्हें नौकरी से निकालकर उनके साथ कॉन्ट्रैक्ट तोड़ा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, महिला सहायक ने यह भी दावा किया है कि कान्ये उनके साथ फोन पर बातचीत के दौरान हस्तमैथुन करते थे।



## सूरज बड़जात्या की फिल्म में हुए रिप्लेस...

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग खान यानी सलमान खान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के पसंदीदा अभिनेताओं में से एक हैं, लेकिन अब उनके हाथ से सूरज बड़जात्या की बड़े बजट की फिल्म चली गई है, क्योंकि अब सूरज ने अपनी फिल्म के लिए दूसरे हीरो का चुनाव कर लिया है। कार्तिक आर्यन लगातार सफलता की सीढ़ी चढ़ रहे हैं। यही वजह है कि उन्हें लगातार कई फिल्मों के ऑफर आ रहे हैं। फिलहाल, कार्तिक अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'चंदू चैंपियन' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार निर्देशक सूरज बड़जात्या की आगामी फिल्म में सलमान खान की जगह कार्तिक आर्यन को साइन कर लिया गया है। अगर जानकारी सही है तो सलमान की जगह कार्तिक फिल्म में प्रेम का किरदार निभाएंगे। सूरज की इस आगामी फिल्म का नाम 'प्रेम की शादी' बताया जा रहा है।




## भाविका ने भी छोड़ा 'गुम है किसी के प्यार में'



**मुंबई।** स्टार प्लस का पॉप्युलर शो 'गुम है किसी के प्यार में' से एक बड़ा अपडेट सामने आया है। बताया जा रहा है कि शक्ति अरोड़ा ही नहीं, भाविका शर्मा भी इस शो का हिस्सा नहीं रहेंगी। टीआरपी में तो ये अच्छा परफॉर्म कर ही रहा था। बावजूद इसके इसमें 10 साल का लीप लाया जा रहा है। टीआरपी चार्ट में टॉप 1-टॉप 2 में रहने वाला शो 'गुम है किसी के प्यार में' से एक और बुरी खबर आ रही है। पहले बताया गया था कि इस डेली सोप से शक्ति अरोड़ा बाहर हो रहे हैं। साथ ही पूरा भोसले परिवार 10 साल के लीप के बाद नजर नहीं आएगा। वहीं, अब एक और खबर आ रही है कि भाविका शर्मा भी इस शो से जा रही हैं। वह सिर्फ एक महीने ही इस शो में दिखाई देंगी।



## जैकेट के शेष

### एनडीए ने चुना .....

पासवान इस बैठक में शामिल हुए। इनके अलावा, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के जीतनराम मांझी, जन सेना पार्टी के पवन कल्याण, राकांपा (अजित पवार) के प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे, अपना दल (सोनेलाल) की अनुप्रिया पटेल, राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी, असम गण परिषद के अतुल बोरा, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के इंद्र हंग सुब्बा, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के सुदेश महतो और जद(यू) के राजीव रंजन सिंह और संजय झा भी बैठक में शामिल हुए। भाजपा की तरफ से इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा, राजनाथ सिंह और अमित शाह ने बैठक में हिस्सा लिया। तेदेपा, जद (यू), शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और लोजपा (रामविलास) ने क्रमशः 16, 12, सात और पांच लोकसभा सीट जीती हैं और ये दल सरकार गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रस्ताव में कहा गया कि 140 करोड़ देशवासियों ने पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से देश को हर क्षेत्र में विकसित होते देखा है। इसमें कहा गया, बहुत लंबे अंतराल, लगभग छह दशक के बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना है।

### मुख्यमंत्री आज ....

है, जहां पर नई सरकार गठन को लेकर चर्चा होगी। एनडीए की ओर से प्रधानमंत्री मोदी 7 जून को सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।

### अशोका बिरयानी के ...

को होटल के गटर की सफाई के लिए होटल मालिक ने नगर निगम की गाड़ी को ना बुलाकर अपने ही कर्मचारियों को काम पर लगा दिया था। गटर की सफाई करते वक्त डेविड साहू और नील कुमार पटेल बेहोश हो गए। दोनों को अस्पताल पहुंचाए जाने पर डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक डेविड साहू और नील कुमार पटेल के स्वजन ने होटल परिसर के बाहर खूब हंगामा किया था। जानकारी मिलने पर गृह मंत्री विजय शर्मा मौके पर पहुंचे। उनकी मौजूदगी में होटल मालिक की ओर से दोनों मृतकों के स्वजन को आर्थिक मदद देने की बात कही गई थी।

### प्रेमी और प्रेमिका ने फांसी...

ने घर का दरवाजा बंद देख बेटी को आवाज लगाई, लेकिन लंबे समय तक दरवाजा नहीं खोलने पर उन्हें शंका हुई, उन्होंने हालत घर में प्रवेश किया तो देखा की एक लड़का और उनकी बेटी फांसी पर लटके हुए हैं। बताया जा रहा है कि प्रमिला अपने प्रेमी हमेश पिता सुधुराम निषाद (21), निवासी ग्राम कुकुरदी को अपने निवास बलौदाबाजार बुलाया एवं दोनों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी आस पड़ोस में आग की तरह फैल गई, लोग घरों की ओर दौड़े और घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी।

### 40 साल पहले ....

की 11 सीटें हैं और मध्यप्रदेश में 29। कुल 40 सीटें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में हैं। वर्ष 2000 में मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुआ। उसके बाद लोकसभा सीटों का बंटवारा भी हुआ। छत्तीसगढ़ को 11 सीटें मिली और मध्यप्रदेश के हिस्से में 29 सीटें। छत्तीसगढ़ में भी राज्य निर्माण के बाद भाजपा हावी रही है। आमतौर पर कांग्रेस को एक से दो ही सीटें मिलती रही हैं।

ऐसा ही 26 साल से मध्यप्रदेश में होता है। 26 साल से छिंदवाड़ा में कांग्रेस को जीत मिलती रही है। लेकिन इस बार वह रिकार्ड भी टूट गया। मध्यप्रदेश में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। छिंदवाड़ा भी भाजपा की झोली में चला गया।

### में से केवल ....

था, इसके बावजूद कार्यकर्ताओं ने कमर कसी और दिनरात मेहनत की। साथ ही क्षेत्र में श्रीमती महंत की सादगी और सहजता उनकी ताकत बनी, उसका भी परिणाम रहा है।

### महंत कहते हैं-पिताजी ....

के किसी भी सदस्य के ऊपर किसी को तंग करने, चंदा लेने या किसी भी तरह से परेशान करने का आरोप नहीं है। हमने हमेशा लोगों की जिंदगी को आसान करने का काम किया। वही आशीर्वाद लौटकर इस जीत के तौर पर आया है। हमने हमेशा कार्यकर्ता पर भरोसा किया है, उनके सम्मान का ख्याल रखा है। उसका परिणाम यह रहा है कि जहां सात विधानसभाओं में हमारे विधायक भी नहीं थे, वहां हमें लीड मिली है। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में इकलौती सांसद होंगी ज्योत्सना, इस पर महंत कहते हैं-यह संयोग है कि ज्योत्सना तो मध्यप्रदेश की ही बेटी हैं। छत्तीसगढ़ के साथ अब वहां का भी ख्याल रखेंगी। संसद में उनके हितों के लिए भी लड़ेंगी।

#### दिल्ली में गांधी परिवार से मिले

# ईरानी को अमेठी हराने वाले शर्मा बोले- ये सीट मेरे लिए 'अमानत'



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेठी से कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा दिल्ली पहुंचे। जहां उन्होंने 10 जनपथ पर गांधी परिवार के साथ मुलाकात की। केएल शर्मा ने कहा कि उनके लिए यह निर्वाचन क्षेत्र गांधी परिवार की अमानत की तरह है। वह सुनिश्चित करेंगे कि अमानत में खयानत न हो। अमेठी सीट से शर्मा ने भाजपा नेता स्मृति ईरानी को 1.67 लाख से अधिक मतों के अंतर से हराकर एक बड़े नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी हार गए थे और स्मृति ईरानी जीती थीं। मीडिया से बातचीत में अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि राजनीति में बदला नहीं लिया जाता है। यह खेल भावना की तरह है।

#### शर्मा ने दिया करारा जवाब

अमेठी से कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अपनी जीत को जनता की जीत करार दिया है। मीडिया से बातचीत में कहा कि हम भाजपा के घोषणा पत्र के वादों को लेकर जनता के बीच गए। हमने जनता को भाजपा के वादे जैसे दो करोड़ नौकरियां देंगे, किसानों की आय दोगुना कर देंगे की याद दिलाई और महंगाई व बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच गए। जनता ने हम पर भरोसा किया। भाजपा नेता स्मृति ईरानी के बयान कि जोश अब भी हाई है। ..। इस पर किशोरी लाल ने कहा कि चुनाव में एक को जीतना था एक को हारना था ऐसे में कोई इस तरह की बात करता है तो ठीक है।

एक को जीतना होता है और दूसरे को हारना ही होता है। हम चीजों को बदला लेने के संदर्भ में नहीं देखते हैं।

### हरियाणा में 43 हजार से ज्यादा मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना

चंडीगढ़। हरियाणा में लोकसभा चुनाव के दौरान 43 हजार से ज्यादा मतदाताओं ने 'इनमें से कोई नहीं' यानी नोटा का बटन दबाया। राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने पांच-पांच सीट पर जीत हासिल की। राज्य में कुल 10 सीट हैं।


रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 REGD. NO. D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-सी.जी.-अ.- 21052024-254273
CG-CG-E- 21052024-254273
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग-II खण्ड 3 - उप-खण्ड (ii)
PART II - Section 3- Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1921] नई दिल्ली, सोमवार, मई 20, 2024/वैशाख 30, 1946
No. 1921] NEW DELHI, MONDAY, MAY 20, 2024/VAISAKHA 30, 1946

रेल मंत्रालय
(दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे)
अधिसूचना
बिलासपुर, 06 मई,2024
रेल अधिनियम, 1989 की धारा 20ङ के अंतर्गत सूचना

का.आ. 2019(अ). केंद्रीय सरकार ने रेल अधिनियम 1989 (1989 का 24) (जिसके पश्चात अधिनियम कहा गया है) की धारा 20 (क) की उप-धारा (1) के अधीन जारी, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग ।।. खंड 3 उपखंड (।।) तारीख 14 जुलाई 2023 में प्रकाशित, भारत सरकार के रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) की अधिसूचना संख्या का.आ. 3145(अ), तारीख 12 जुलाई 2023, द्वारा उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि को, छत्तीसगढ़ राज्य के धमतरी जिले में विशेष रेल परियोजना अर्थात ''दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अतंगर्त केन्द्री-धमतरी व अभनपुर-राजिम, शाखा लाईन, आमान परिवर्तन (67.20 कि.मी.) रायपुर-टिटलागढ़ दोहरीकरण द्वितीय आधरभूत आषोधन सहित'' के निष्पादन, अनुरक्षन, प्रबंध और प्राचलन के प्रयोजन के लिए अर्जित करने के अपने आशय कि घोषणा की थी।

उक्त अधिनियम कि धारा 20 (क) की उप-धारा (4) के अधीन दैनिक स्थानीय समाचार पत्रो, अर्थात नव भारत (रायपुर संस्करण), नईदुनियाा (रायपुर संस्करण) एवं द टाईम्स आफॅ इंडिया (रायपुर संस्करण) तारीख 26 जुलाई 2023 को प्रकाशित किया गया था।

और सक्षम प्राधिकारी के कार्यालय में कोई भी आपत्ति दर्ज नहीं हुई थी।

सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 20 (ड.) कि उप-धारा (1) के अनुसरण में सक्षम अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत कर दी है, अतः अब, केन्द्रीय सरकार सक्षम अधिकारी से उक्त रिपोर्ट प्राप्त होने पर और उक्त रेल अधिनियम 1989 की धारा 20(ड.) की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह घोषणा करती है कि इससे उपाबद्ध अनुसूचि में विनिर्दिष्ट भूमि पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जित की जाएगी।

अतः यह केन्द्रीय सरकार की उक्त अधिनियम की धारा 20(ड.) की उप धारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने पर इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगनो से मुक्त होकर केन्द्रीय सरकार में आत्यंतिक रूप से निहित हो जाएगी।

अनुसूची

छत्तीसगढ़ राज्य धमतरी जिले में विशेष रेल परियोजना अर्थात ''दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अतंगर्त केन्द्री-धमतरी व अभनपुर- राजिम, शाखा लाईन, आमान परिवर्तन (67.20 कि.मी.) रायपुर-टिटलागढ दोहरीकरण द्वितीय आधरभूत आषोधन सहित के लिए अर्जित की जाने वाली भूमि का संरचना सहित या उसके रहित संक्षिप्त विवरण।

| क्र. | तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा का नाम | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | अर्जित भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | भूमि स्वामी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्राम : चरमुड़िया, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.) | | | | | | | |
| 1 | कुरूद | चरमुड़िया | 94 | निजी (बाउंड्रीवाल) | पड़त | 0.0015 | जुगबती पिता कंवल सतनामी |
| 2 | कुरूद | चरमुड़िया | 97 | निजी (मकान) | पड़त | 0.0200 | हलालखोर पिता समारू मरार |
| 3 | कुरूद | चरमुड़िया | 98/1 | निजी (मकान) | पड़त | 0.0096 | ओमप्रकाश पिता बघेलराम मरार |
| 4 | कुरूद | चरमुड़िया | 98/2 | निजी (मकान) | पड़त | 0.0096 | ईश्वर पिता बघेलराम मरार |
| 5 | कुरूद | चरमुड़िया | 99/1 | निजी (मकान) | पड़त | 0.0135 | रमेश पिता राधेलाल रावत |
| 6 | कुरूद | चरमुड़िया | 99/2 | निजी (मकान) | पड़त | 0.0135 | पार्वती बे. डेरहा, पूणम पिता डेरहा, उर्ष पिता डोरहा |
| 7 | कुरूद | चरमुड़िया | 100 | निजी (रिक्त भूमि) | पड़त | 0.0400 | जानसाय पिता नरजू तेली |
| 8 | कुरूद | चरमुड़िया | 101 | निजी (रिक्त भूमि) | पड़त | 0.0200 | रामजी पिता सुखराम राधेश्याम पिता सोमन जोतहरी जौ. रामदयाल देवकी जौ. कविलाल |
| 9 | कुरूद | चरमुड़िया | 102 | निजी (मकान) | पड़त | 0.0350 | सुखवंतीन पति फिरंता सतनामी |
| 10 | कुरूद | चरमुड़िया | 103 | निजी (मकान) | पड़त | 0.0080 | बलदेव पिता हीरामन तेली |
| 11 | कुरूद | चरमुड़िया | 104 | निजी (मकान) | पड़त | 0.0095 | श्यामलाल, संतोष, संतलाल, परसराम, सुरेश, जानकी, शिवबती, रम्भाबाई पिता धनऊराम पा.मा. सुरूजबाई बेवा, धनऊराम तेली |
| 12 | कुरूद | चरमुड़िया | 151/1 | निजी (मकान) | पड़त | 0.02900 | अरूण कुमार, दीपक कुमार, मथुराबाई, अंजनी बई लीलाबाई, शेषकुमारी, पिता मनोहरी जाति राऊत |
| 13 | कुरूद | चरमुड़िया | 152/1 | निजी (मकान) | पड़त | 0.0250 | बसंतीबाई पति अशोक कुमार, महालक्ष्मीबाई, रशमी कलश पिता अशोक कुमार, नन्हे कुमार पिता राजकुमार, विनोद कुमार पिता राजकुमार जाति- कुम्हार |
| 14 | कुरूद | चरमुड़िया | 153/1 | निजी (मकान) | पड़त | 0.0100 | जीवराखान पिता लखनलाल, भोजराज पिता लखनलाल, लकेश्वर, सरस्वती, ढेलाआई पिता लखनलाल जाति तेली |
| 15 | कुरूद | चरमुड़िया | 96 | शासकीय | | 0.0200 | छत्तीसगढ़ शासन |
| 16 | कुरूद | चरमुड़िया | 147/1 | शासकीय | | 0.1500 | छत्तीसगढ़ शासन |
| ग्राम : धमतरी, तहसील- धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) | | | | | | | |
| 17 | धमतरी | धमतरी | 263/3 | निजी (मकान) | पड़त | 0.0200 | (1) बिष्णुलाल पिता बाबूलाल, (2) अम्बिका यादव पिता बाबूलाल, (3) कांति बाई आहिर पिता बाबूलाल, (4) हीरो बाई यादव पिता बाबूलाल जाति- राऊत |
| कुल योग | | | | | | 0.4342 हेक्टेयर | |

[फा.सं. डी.सी.ई/सी-।/सी/आर/केआरएक्स-डीटीआर/लैंड/20E/294]

(आलोक तिवारी )
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/80


## पेज एक के शेष

### आकाशीय बिजली गिरने...

की भी मौत हो गई। घटना बुधवार की शाम करीब 5 बजे डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम संजारी की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम संजारी निवासी रामखिलावन के दोनों बेटे खेमराज 12 वर्ष और योगेश प्रताप 14 वर्ष घर के ठीक सामने खेल रहे थे। इसी दौरान तेज हवाएं चलने लगीं और गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। इस बीच अचानक दोनों बच्चों के पास ही आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से दोनों बच्चों की मौत हो गई। वहीं, इस घटना में एक गाय की भी मौत हुई है। संजीवनी 108 एम्बुलेंस की टीम और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों ही सगे भाइयों की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले हो चुकी थी। गुरुवार को दोनों का पोस्टमार्टम के बाद शव उनके परिजनों को दिया जाएगा।

### हिमालयी क्षेत्र में ठंड...

चीता हेलीकॉप्टरों द्वारा ऊंचाई वाले इलाके से बेस कैंप तक और फिर मध्यम वजनी हेलीकॉप्टर एमआई 17वी5 के जरिए निकटतम चिकित्सा केंद्र तक चलाया गया। वायुसेना ने बताया, तीन शेरपा और चार ट्रेकर के शव कल निकाले जाएंगे। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि ट्रेकर को बाहर निकालने के लिए जमीनी और हवाई बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 4100-4400 मीटर की उंचाई पर स्थित मल्ला-सिल्ला-कुशकल्याण-सहस्त्रताल ट्रैक पर फंसे ट्रेकर की तलाश एवं बचाव तथा मृत ट्रेकर के शवों को निकालने के लिए वायुसेना से भी अनुरोध किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए मातली एवं हरसिल सहित अन्य हेलीपैड पर भी आवश्यक प्रबंध कर लिए गए हैं। बिष्ट ने बताया कि इसके अलावा, जमीनी अभियान के तहत राज्य आपदा प्रतिक्रियाबल तथा वन विभाग की बचाव टीमें अलग-अलग दिशाओं से घटनास्थल की ओर रवाना कर दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि वन विभाग की दस सदस्यों की रेकी व बचाव टीम सिल्ला गांव से आगे पहुंच चुकी है जबकि जिला मुख्यालय उत्तरकाशी से एसडीआरएफ का दल तड़के टिहरी जिले के बूढ़ाकेदार की तरफ से रवाना हुआ है। यदुवंशी ने बताया कि टिहरी जिला प्रशासन द्वारा भी अरदंगी हैलीपेड को अलर्ट मोड पर रखा गया है जहां एम्बुलेंस, लोक निर्माण विभाग तथा पुलिस की टीम तैनात की गई है।

### फिलीपींस में ज्वालामुखी फटा, स्कूल-कॉलेज बंद

**नई दिल्ली।** फिलीपींस के माउंट कनलाओं में ज्वालामुखी विस्फोट हो गया। 32 फ्लाइट कैंसिल की गईं है। ज्वालामुखी नेग्रोस आइलैंड पर है। विस्फोट के बाद आसमान में पांच किलोमीटर की ऊंचाई तक राख का गुबार उठा। वहां अभी भी लगातार ज्वालामुखी का मलबा ओर गर्म राख निकल रही है।

#### अपने ऐलान से पलटे सोमनाथ भारती

# 'मोदी तीसरी बार पीएम बने तो सिर मुंडवा लूंगा'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यदि तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो मैं अपना सिर मुंडवा लूंगा। यह ऐलान करने वाले आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती अब पीछे हटते दिख रहे हैं। आप विधायक और नई दिल्ली से लोकसभा का चुनाव हारने वाले भारती अब अगर-मगर में जुट गए हैं। उन्होंने दलील दी है कि भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है और इसलिए जनादेश मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का नहीं है। बातचीत में सोमनाथ भारती ने कहा कि उन्हें नरेंद्र मोदी नहीं उनकी नीतियों से दिक्कत है।

आप नेता ने कहा कि मोदी जी को तीसरी बार बहुमत नहीं मिला है इसलिए उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। भारती ने कहा, 'नरेंद्र मोदी जी से मुझे तकलीफ नहीं है, तकलीफ है जिस तरह का हुनर उन्होंने शासन के दौरान दिखाए हैं। जनता जिसको मर्जी है, लोकतंत्र में जनता मालिक है। 400 पार का नारा देकर जनता ने दिया उनको 240 सीट। जनता ने नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार पीएम बनने का जनादेश नहीं दिया है। उनको 160 सीटें नहीं मिल पाईं। नरेंद्र मोदी जी को यदि जनादेश मिलता, अपने दम पर 272 सीटें मिलती तो हम कहते कि आपको जनता ने तीसरी बार पीएम बनने का जनादेश दिया है। वह तो हुआ नहीं। यदि जनादेश मिला होता तो मैं मानता कि लोकतंत्र की हत्या हुई है।

#### क्या कहा था सोमनाथ ने

आम आदमी पार्टी के नेता ने एक जून को एग्जिट पोल्स में एनडीए को बहुमत मिलने का अनुमान जाहिर करने पर कहा था कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगे और यदि ऐसा वह तो वह अपना सिर मुंडवा लेंगे। भारती ने शनिवार रात एक्स पर लिखा, 'यदि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो मैं सिर मुंडवा लूंगा। मेरी बात लिखकर रख लीजिए। 4 जून को सभी एग्जिट पोल्स गलत साबित होंगे और मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। दिल्ली में सभी सात सीटें इंडिया गठबंधन को मिलेंगी। मोदी का डर एग्जिट पोल्स को उन्हें हारते हुए दिखाने की अनुमति नहीं दे रहा।

कि मोदी के तीसरी बार पीएम बनने पर वह अपना सिर मुंडवा लेंगे। भारती ने अब इसमें अगर-मगर लगाते हुए कहा, 'जहां तक सिर मुंडवाने की बात थी, मैं सनातनी हूं। एक सनातनी के जीवन में जब घर में किसी की मृत्यु होती है तो संस्कार करने के बाद अपना सिर मुंडवाता है।

# 'फडणवीस ने की इस्तीफे की पेशकश बोले बीजेपी की हार का मैं जिम्मेदार'

एजेंसी ▶▶| मुंबई



■ महाराष्ट्र में दिखने लगे साइड इफेक्ट

लोकसभा चुनाव-2024 में भाजपा के खराब परफॉर्मेंस का असर महाराष्ट्र में दिखने लगा है। बीजेपी के दिग्गज नेता और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस्तीफे की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि वह महाराष्ट्र में बीजेपी के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हैं। बता दें कि महाराष्ट्र में बीजेपी समेत एनडीए का परफॉर्मेंस उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा. प्रदेश में लोकसभा की कुल 48 सीटें हैं। भाजपा इनमें से सिर्फ 9 सीटों पर ही जीत हासिल कर सकी. साल 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 23 सीटें मिली थीं, जबकि पार्टी ने कुल 25 सीटों पर चुनाव लड़ा था। लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में भाजपा के खराब प्रदर्शन से निराश देवेंद्र फडणवीस ने प्रदेश के डिप्टी सीएम पद से इस्तीफा देने की पेशकश की है। उन्होंने कहा, 'मैं महाराष्ट्र में हुई हार की जिम्मेदारी लेता हूं. मेरा राष्ट्रीय नेतृत्व से निवेदन है कि मुझे महाराष्ट्र सरकार में जो पद मेरे पास है, उससे मुक्त कर दिया जाए, ताकि मैं पार्टी के लिए समर्पित होकर काम कर सकूं। और उसे आगे बढ़ा सकूं.' बता दें कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपाने शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित पवार गुट) के साथ चुनावी गठजोड़ किया था। साल 2019 के संसदीय चुनाव में बीजेपी का शिवसेना के साथ चुनावी गठजोड़ था। उस वक्त शिवसेना का विभाजन नहीं हुआ था।

**फडणवीस ने बताई हार की वजह :** बीजेपी के दिग्गज नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाविकास अघाड़ी को 2 करोड़ 50 लाख और हमें 2 करोड़ 48 लाख वोट मिले. उन्हें हमसे महज 2 लाख वोट ज्यादा मिले हैं। उन्होंने बताया कि मुंबई में हमें 2 लाख मत महाविकास अघाड़ी से ज्यादा मिले हैं।


परिशिष्ट IV-A
अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई– नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड [CIN: L65922DL2005PLC136029]** (**''सुरक्षित लेनदार द्वारा''**) द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, **25.06.2024** को **शाम 04.00 बजे से 05.00 बजे तक ''जहां है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है''**, की वसूली के लिए **ऋण खाता नं. HHLRPR00387465** के लिए **रु. 30,36,834/- (रुपए तीस लाख छत्तीस हजार आठ सौ चौंतीस मात्र)** के लिए **30.05.2024** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागू भावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **31.05.2024** से प्रभावी जो **संजय कुमार साहू और भारती साहू** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 14,30,000/- (रुपए चौदह लाख तीस हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (**''ईएमडी''**) **रु. 1,43,000/- (रुपए एक लाख तैंतालीस हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

अचल संपत्ति का वर्णन

**फ्लैट नंबर 202, दूसरी मंजिल, ब्लॉक–ए, साई विलास् अपार्टमेंट, खसरा नंबर– 303/15, 303/2, 303/10 भाग, कुम्हारी, साईं धाम के सामने, दुर्ग– 490001, छत्तीसगढ़।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.indiabullshomeloans.com देखें; संपर्क का नंबर: 0124-6910910, +91 7065451024; ई–मेल आईडी: auctionhelpline@indiabulls.com। बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें

सही/–
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

दिनांक : 30.05.2024
स्थान : दुर्ग (छत्तीसगढ़)



न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.), पथरिया, जिला–मुंगेली (छ.ग.)
रा.प्र.क्र.202309250500045
अ–6/2022–23, ग्राम तूमाढेटा, प.ह.नं.14

प्रति, 1. अनिता छाबड़ा, पत्नी गुरजीत सिंह छाबड़ा, द्वारा रूप निखार ब्यूटी पार्लर, डल्ला गली के पीछे, ओम नगर, जरहाभाठा, बिलासपुर (छ.ग.) 2. सरिता श्रीवास्तव, पत्नी ओम प्रकाश श्रीवास्तव, बिहारी गढ़ेवाल चाल, बिलासपुर ब्लड ग्रुप सेंटर के पास चौक, ओम नगर, जरहाभाठा, बिलासपुर (छ.ग.) 3. दिलीप कुमार वर्मा, आ. स्व. जगन्नाथ प्रसाद वर्मा, ग्राम व पोस्ट बेन्द्रीडीह, तहसील खैरागढ़, जिला खैरागढ छुईखदान–गण्डई (छ.ग.) 4. रीता वर्मा पत्नी, पत्नी सुजीत वर्मा, सरदार पटेल वार्ड क्रमांक–2, पुराना बस स्टैण्ड के पास, पोस्ट, तहसील एवं जिला मुंगेली (छ.ग.) 5. कु. अनुष्का दुबे, ना.बा., वली श्री भगवान प्रसाद दुबे, मकान नं. 387, ब्लॉक 33, अभिलाषा परिसर, तिफरा, पो.आ. तिफरा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) 6. शिखा सिंह, 7. अर्जन सिंह, ना.बा. वली श्री सूरज सिंह, उत्तरवादी क्र.6 एवं 7 निवासी अमृत अपार्टमेंट, फ्लैट नं. 204, फस्ट फ्लोर, हवाबाग चर्च के सामने, जबलपुर (म.प्र.)

आपको एतद्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थीगण प्रभात चन्द्र वर्मा पिता स्व. जगन्नाथ प्रसाद वर्मा एवं एक अन्य के द्वारा नामान्तरण क्रमांक 630203.378/161020/06300 आदेश क्रमांक ना.क्र. 09. प्र.क्र. 08/8/25/2020 से छुब्ध होकर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत अपील मय अपील प्रस्तुति आवेदन पत्र, धारा 05 मय शपथ पत्र एवं अन्य संबंधित दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है। जिस पर इस न्यायालय में रा.प्र.क्र. 202309250500045/3–6/2022–23 पक्षकार प्रभात चन्द्र वर्मा वगैरह विरूद्ध छ.ग. शासन एवं अनिता छाबड़ा वगैरह, ग्राम तूमाढेटा, तहसील पथरिया दर्ज किया गया है। उक्त प्रकरण पर धारा 05 म्याद अधिनियम के जवाब एवं तर्क हेतु सुनवाई तिथि 10/06/2024 को प्रात: 11 बजे नियत है। अत: आप प्रकरण की सुनवाई तिथि एवं नियत समय पर मेरे न्यायालय में उपस्थित होवें। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 24/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से नोट्सि जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
पथरिया, जिला–मुंगेली (छ.ग.)


## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा–निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।


**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

# रांची में 3 बांग्लादेशी लड़कियों का रेस्क्यू

**रांची।** झारखंड के रांची के स्पा से थाईलैंड की लड़कियों के बरामद होने के बाद अब 3 बांग्लादेशी लड़कियों को भी पुलिस ने रेस्क्यू किया है। इसके बाद सनसनी फैल गई है कि क्या विदेशी लड़कियों के जरिए देह व्यापार का धंधा रांची में फल फुल रहा है। झारखंड और रांची में अब ऐसा लगता है कि जिस्मफरोशी रैकेट चलाने वाले विदेशी लड़कियों को लाकर अपना धंधा तेजी से बढ़ा रहे हैं। बीते सोमवार यानी तीन जून को रांची के ही एक स्पा से थाईलैंड की लड़कियों को बरामद किया गया था। अब तीन दिन बाद फिर एक होटल से बांग्लादेश से लाई गई 3 लड़कियों को जिस्मफरोशी के धंधे में धकेलने की तैयारी थी। हालांकि, वक्त पे पुलिस को पता चल गया और इस अपराध में संलिप्त लोगों के मंसूबों पर पानी फिर गया।

## शब्द पहेली - 5533



**बाएँ से दाए**

1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**

2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली- 5532 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ऊ | ल | के | ला | | | क | स | क | |
| ह | जा | | श | | श | त्रु | ता | | न्या | य |
| गु | | | ही | र | क | | र | | | म |
| ज | ला | व | न | | | गं | | अ | नु | ज |
| र | | च | | बे | ल | गा | म | | की | |
| | शा | न | | क | | ज | | ब | ला | |
| | य | | श | रा | र | ल | | न्द | | त |
| म | द | द | | र | | | अ | र | मा | न |
| श | | | स | | शा | य | र | | | ब |
| क | म | | न | र | म | | मा | | मा | द |
| | जा | न | म | | | म | न | मो | ह | न |

## सूडोकु नवताल - 5544

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 5543 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |





## डॉक्टर सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब ना लगे अच्छी भूख



**मेरी उम्र 63 वर्ष है। गर्मी के मौसम में मुझे अच्छी भूख नहीं लगती है। पेट में भारीपन लगता है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-ओमप्रकाश, हिसार**

गर्मियों में लोग पानी अधिक पीते हैं, इसलिए कई लोगों को इस तरह की समस्या आती है। लेकिन आप इस बात पर गौर करें कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित तो नहीं है, क्योंकि पाचन क्रिया प्रभावित होने पर ही पेट में भारीपन महसूस होता है और भूख कम लगती है। इसलिए आप दोपहर के खाने में सलाद और छाछ या दही जरूर लें और रात में सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह से आपको कुछ राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मुझे बैकपेन की प्रॉब्लम है। लेटे रहने पर ठीक रहता है, लेकिन बैठने या खड़े होने पर दर्द बढ़ जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का कारगर समाधान बताएं।**

**-संदीप, कोरिया**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपका बैक पेन खड़े होने पर होता है, तो सबसे पहले आप हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर एक्सरे जांच करा लें। इससे पता चल जाएगा कि हड्डी में कोई समस्या तो नहीं है। अगर डॉक्टर जरूरत समझेंगे तो सीटी स्कैन भी करा सकते हैं, लेकिन इस समस्या के समाधान के लिए नियमित रूप से एक्सरसाइज ही समाधान है। डॉक्टर की एडवाइस के बाद फिजियोथैरेपिस्ट से संपर्क कर आप नियमित रूप से कमर की एक्सरसाइज शुरू कर दें। दवा से फौरी तौर पर राहत मिलेगी, लेकिन एक्सरसाइज से स्थायी तौर पर राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। प्रॉपर डाइट लेने के बावजूद मेरा वेट नहीं बढ़ रहा है। क्या वेट गेन करने के लिए फूड-सप्लीमेंट्स लेना ठीक रहेगा? क्या फूड-सप्लीमेंट्स के साइड-इफेक्ट्स भी होते हैं?**

**-आर्यन, जांजगीर चांपा**

सबसे पहले आप अपना बॉडी मास इंडेक्स यानी बीएमआई चेक कराएं। अगर बीएमआई के अनुसार आपका वजन ठीक है तो चिंता की बात नहीं है। अगर कम हो रहा है तो जरूर आपको एक बार खून की जांच करानी चाहिए, जिससे पता चल सकेगा कि आपका वजन कम होने का कारण क्या है? इसके लिए आपको सबसे पहले एक बार डॉक्टर से संपर्क करना पड़ेगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पैरों में अकसर सूजन हो जाती है। फिर ये अपने-आप ही ठीक भी हो जाती है। क्या ये नॉर्मल है या फिर किसी बीमारी का लक्षण है?**

**-साकेत, बिलासपुर**

पैरों में अचानक सूजन आना ठीक नहीं है, कई बार शुगर होने पर इस तरह की समस्या देखी जाती है, इसलिए आपको डॉक्टर से संपर्क कर प्रॉपर जांच करानी चाहिए। इससे सूजन की असली वजह पता चलेगी और उसका उपचार किया जा सकेगा।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। मैं अकसर कहीं रखी गई कोई चीज और बोली या सुनी हुई बात तुरंत भूल जाता हूं। ऐसा क्यों होता है? कृपया इसका समाधान भी बताएं।**

**-सुशील, भोपाल**

कई बार उम्र बढ़ने पर किसी को अल्जाइमर की समस्या होती है, जिससे भूलने की बीमारी होती है। इसलिए आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए और उनके द्वारा बताए गए सुझावों पर अमल करना चाहिए।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। कुछ हफ्तों से मुझे भूख नहीं लगती। कमजोरी भी महसूस होती है। भूख लगने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-दीपक, रायपुर**

भूख न लगने का सबसे पहला कारण पाचन क्रिया प्रभावित होना होता है। इससे खाना डाइजेस्ट नहीं होता और भूख कम लगती है, सबसे पहले आपको अपना खान-पान सुधारना होगा। तला-भुना और अधिक मिर्च मसाले वाला खाना छोड़ना चाहिए। इसके साथ ही दोपहर में खाने में दही व सलाद लें। रात में हल्का खाना खाएं। अगर इससे भी आराम नहीं मिलता तो आपको जांच करा लेना चाहिए, क्योंकि संक्रमण की वजह से भी ऐसी समस्या देखी जाती है। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

अच्छी हेल्थ के लिए न्यूट्रिशस डाइट लेना निश्चित ही जरूरी है। लेकिन इसके साथ अगर आप रेग्युलर एक्सरसाइज भी करते हैं, तो आप ना केवल हेल्दी रहेंगे, साथ ही हैप्पी और एनर्जेटिक भी फील करेंगे। कई स्टडीज में सामने आया है कि एक्सरसाइज करने से आप कई बीमारियों से बचने के साथ मेंटली भी फिट रह सकते हैं।

# रेग्युलर करें एक्सरसाइज रहें हेल्दी-हैप्पी-एनर्जेटिक



## फिटनेस

शिखर चंद जैन

अधिकतर हेल्थ एक्सपर्ट्स फिजिकल फिटनेस के लिए एक्सरसाइज करने की सलाह देते हैं। लेकिन जॉगिंग, वॉकिंग, एक्सरसाइज और योगासन करने से तन के साथ ही मन की सेहत भी दुरुस्त होती है। यह न सिर्फ कई अध्ययनों में पता चला है बल्कि लोगों के अनुभवों से भी एक्सरसाइज और अच्छी मेंटल हेल्थ का संबंध सामने आया है।



### एक्सरसाइज से बढ़ता है फीलगुड

न्यूरोफार्मेकोलॉजी जर्नल में प्रकाशित शोध की रिपोर्ट बताती है कि जब भी हम वर्कआउट करके पसीना बहाते हैं, हमारा शरीर हैप्पी हार्मोन या फील गुड न्यूरोट्रांसमीटर का स्राव करता है। इनमें एंडोर्फिन, डोपामाइन, एंडोकैनाबीनोयड्स होते हैं। साथ ही एक्सरसाइज से मायोकींस यानी होप मॉलेक्युल्स (आशा के अणु) भी रिलीज होते हैं, जो मेंटल हेल्थ को लाभ पहुंचाते हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक हमारी मांसपेशियां जब फिजिकल एक्टिविटीज में इंवॉल्व होती हैं तो अमीनो अम्ल की चेन मायोकींस रक्त के संचार में आने लगते हैं। इनके प्रभाव से एंजायटी, ट्रॉमा, स्ट्रेस, डिप्रेशन के लक्षणों में उल्लेखनीय कमी आती है।







### इंफ्लेमेशन होता है कम

मेकमास्टर यूनिवर्सिटी कनाडा में काइनेसियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. जेनिफर हेस्ज, जो ब्रेन हेल्थ के एक्सपर्ट हैं, बताते हैं कि मायोकिंस, हमारे आंतरिक शारीरिक तंत्र में मौजूद इंफ्लेमेशन को कम करने में मदद करते हैं।

### बढ़ाए बौद्धिक क्षमता

जर्नल फॉर अल्जाइमर्स डिजीज रिपोर्ट में प्रकाशित लेख के मुताबिक हाल ही में ऐसे भी कई अध्ययन हुए हैं, जिनसे पता चलता है कि एक्सरसाइज करने से ब्रेन के नेटवर्क में शानदार इंप्रूवमेंट होता है और बौद्धिक क्षमता में इजाफा होता है। फिजिकल एक्टिविटी, क्रिएटिविटी को स्टिम्युलेट करती है, निर्णय लेने की क्षमता तेज करती है और मानसिक ऊर्जा बढ़ती है। साथ ही इससे उम्र के साथ आने वाली बौद्धिक क्षमता में गिरावट की गति पर भी ब्रेक लगता है। इतना ही नहीं, अल्जाइमर्स डिजीज जैसी बीमारी का जोखिम भी धीमा या कम होता है।

### डिप्रेशन को करे कंट्रोल

एक रिपोर्ट के अनुसार हफ्ते में चार बार 30 मिनट की वॉकिंग करने से लोगों में मेमोरी इंप्रूवमेंट देखा गया। ब्रिटिश जर्नल आफ स्पोर्ट्स मेडिसिन में प्रकाशित ताजा अध्ययन की मानें तो जो लोग फिजिकल एक्टिविटीज में रुचि लेते हैं और पर्याप्त एक्सरसाइज, वॉकिंग आदि करते हैं, उनमें डिप्रेशन का ट्रीटमेंट जल्दी और ज्यादा असरकारक होता है। इसके लिए कम से कम 12 हफ्तों तक रोजाना 30 से 60 मिनट की एक्सरसाइज जरूरी है।

### बढ़ाए सेल्फ कॉन्फिडेंस

यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ऑस्ट्रेलिया में रिसर्च फेलो बेन सिंह कहते हैं, माना कि एक्सरसाइज मेंटल हेल्थ ट्रीटमेंट का विकल्प नहीं लेकिन यह इसका एक प्रभावशाली पूरक अवश्य है। रेग्युलर एक्सरसाइज से आत्मविश्वास और आत्मसम्मान बढ़ने के साथ-साथ अकेलेपन की फीलिंग भी कम होती है। आप चाहे स्विमिंग करें, वॉकिंग करें, साइक्लिंग करें, योगा करें या दौड़ भाग करें आपके शरीर में मूवमेंट रहना चाहिए। जिनको इसमें आलस्य आता हो, उन्हें स्पोर्ट्स में रुचि लेनी चाहिए। बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल जैसे खेल खेलना चाहिए या फिर रोज मनपसंद म्यूजिक चला कर डांस करना चाहिए। इन सभी एक्टिवटीज से आपके भीतर एनर्जी का संचार होता है और आपमें सेल्फ कॉन्फिडेंस बढ़ता है। *

## मोटापा कम करने में हेल्पफुल ईवनिंग वर्कआउट



**सुबह किए** जाने वाले नियमित व्यायाम को स्वास्थ्य के लिए लाभदायक बताया जाता है। वहीं एक शोध से यह बात सामने आई है कि शाम को भी व्यायाम करने से मोटापे से ग्रस्त लोगों को अधिक फायदा हो सकता है। डायबिटीज केयर जर्नल में प्रकाशित यह निष्कर्ष तीस हजार लोगों के डेटा पर आधारित बताया जाता है, जिनको करीब आठ वर्ष तक निगरानी में रखा गया। सिडनी विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने योग से जुड़े इस शोध में पाया कि समय से पहले मृत्यु और हृदय रोग से मृत्यु का जोखिम उन लोगों में सबसे कम था, जो शाम को एरोबिक के माध्यम से योग या अन्य शारीरिक गतिविधियों में शामिल थे। सिडनी विवि में वर्कआउट फिजियोलॉजी के व्याख्याता डॉ. एंजेलो सबाग इस बारे में बताते हैं कि कई जटिल सामाजिक कारणों के चलते ऑस्ट्रेलिया के 3 में से 2 लोगों का वजन अधिक है, जो उन्हें दिल के दौरे, स्ट्रोक और हृदय संबंधी अन्य रोगों के अधिक जोखिम में डालते हैं। शाम के व्यायाम से जुड़े इस अध्ययन में टीम ने न केवल संरचित व्यायाम को ट्रैक किया बल्कि तीन मिनट या उससे अधिक समय के निरंतर एरोबिक व्यायाम को भी ट्रैक करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने पाया कि उनकी दैनिक शारीरिक गतिविधि की कुल मात्रा से अधिक, फ्रीक्वेंसी मायने रखती है। इसके अलावा शोधकर्ता टीम ने यह भी पाया कि शाम की शारीरिक गतिविधि मधुमेह या मोटापे से जुड़ी कुछ जटिलताओं को दूर करने में मदद कर सकती है। सबाग ने इस बात पर जोर दिया कि हालांकि व्यायाम किसी भी तरह से मोटापे के संकट का एकमात्र समाधान नहीं है। लेकिन अध्ययन से पता चलता है कि जो लोग दिन के निश्चित समय में अपनी गतिविधि की योजना बना सकते हैं, वे इनमें से कुछ स्वास्थ्य जोखिमों की भरपाई कर सकते हैं।

प्रस्तुति-अजेश कुमार

## औषधीय फल

# स्वादिष्ट-स्वास्थ्यवर्धक आम



इन दिनों बाजार में कच्चे और पके आम खूब दिख रहे हैं। आम का नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाता है। इसकी वजह है कि इतना स्वादिष्ट होने के साथ यह गुणकारी भी बहुत होता है। इसका अचार, चटनी, मुरब्बा, पना, शेक और शर्बत स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक होता है। हमारे देश में आम की सैकड़ों प्रजातियां पैदा होती हैं। इनमें से प्रमुख हैं- दशहरी, चौसा, तोतापुरी, अल्फांसो, हिमसागर, लंगड़ा, रसपुरी, बायगनपल्ली, सिंधुरा आदि।

**रोग निवारक गुणः** आम में एंटीऑक्सीडेंट्स गुण पाए जाते हैं। इसका सेवन कैंसर की आशंका को कम करने में सहायक है। इसमें मधुमेहरोधी गुण पाए जाते हैं। यह हृदय को मजबूत बनाता है। इसमें एंटी-एजिंग और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं। पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में आम बहुत उपयोगी है। इसमें मिलने वाले एंजाइम भोजन का शीघ्र पाचन करने में सहायक होते हैं। आम का सेवन मोटापे को रोकने में हितकर है। इसमें मिलने वाले रेशे शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में मददगार होते हैं। इसमें मिलने वाला विटामिन ए, आंखों की रोशनी के लिए वरदान है। कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रखने में भी आम का सेवन सहायक होता है। आम का गूदा फेसपैक की तरह चेहरे पर लगाने से धूप के दुष्प्रभाव से बचाव होता है। आम शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक होता है। जिनकी याददाश्त (स्मरण शक्ति) कमजोर है, उनके लिए आम में मिलने वाला ग्लूटामिन एसिड बहुत उपयोगी है। गर्भवती महिलाओं के लिए भी आम का सेवन बहुत लाभदायक है।

**ऐसे करें सेवनः** गर्मी के मौसम में अगर दोपहर में घर से बाहर जाना पड़े तो एक ग्लास आम का पना पीकर निकलेंगे तो धूप और लू से बचाव होगा, साथ ही पानी का स्तर भी संतुलित रहेगा। इसके लिए आम को आग में भूनकर पानी में मथ कर जरा-सा नमक मिलाकर पिएं।



- आम खाकर गुठली को फेंकने के बजाय इसको सुखाकर रखें। इस गुठली को फोड़कर अंदर से मिंगी (अंदर की गुठली) निकालकर साफ कर सिल-बट्टे पर दरदरा पीस कर चौथाई चम्मच चूर्ण जरा सा शहद मिला एक ग्लास पानी में मिलाकर पीने से दस्त में आराम मिलता है। यह ब्लड सर्कुलेशन को नियमित करती है और कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मददगार है। यह चूर्ण शरीर के टॉक्सिंस को बाहर करने में भी सहायक है। ये उपचार सामान्य हैं। सेवन से पहले आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *

**-वैद्य हरिकृष्ण पांडेय 'हरीश'**

## प्रिकॉशन

संध्या रानी

गर्मी के मौसम में जरा-सी लापरवाही से आप डायरिया के शिकार हो सकते हैं। बच्चे और बुजुर्ग इसकी चपेट में जल्दी आते हैं। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए आपको यहां बताई जा रही बातों को ध्यान रखना चाहिए।

# डायरिया से ऐसे करें बचाव



गर्मी में पेट से संबंधित समस्या होना आम बात है। कई बार पेट में इंफेक्शन के कारण खाना हजम नहीं होता है और पतले मोशन होने लगते हैं। बार-बार लूज मोशन होने के कारण शरीर से पानी अधिक निकल जाता है। इससे शरीर में सुस्ती आ जाती है और कमजोरी लगने लगती है। इस समस्या को डायरिया कहा जाता है। अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया जाए तो यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। लूज मोशन के कारण डिहाइड्रेशन हो जाता है। इससे किडनी पर भी बुरा असर पड़ता है। इसलिए इसको रोकने के लिए अपने खान-पान और साफ-सफाई पर बहुत ध्यान देना चाहिए।

**डायरिया होने के कारण :** इस मौसम में डायरिया होने का प्रमुख कारण संक्रमित आहार लेना होता है। इसलिए बाजारू खाने से परहेज करना चाहिए। बाजार में बिकने वाले मिल्क शेक, कटे हुए फल, गोल गप्पे, जूस और कटे रखे सलाद खाने से भी डायरिया होने का चांस अधिक रहता है। बुजुर्गों और बच्चों की इम्यूनिटी मजबूत नहीं होती है, इसलिए इनका विशेष ध्यान रखना चाहिए। यह भी हो सकता है कि आज आपने बाजारू खाना खाया और उसके एक-दो दिन के बाद आपको संक्रमण हो। पर्याप्त मात्रा में पानी ना पीने और लिक्विड डाइट ना लेने से भी डायरिया होने का रिस्क बढ़ता है।

**प्रमुख लक्षण :** डायरिया होने पर जो प्रमुख लक्षण महसूस होते हैं, उनमें शामिल हैं-पेट में दर्द होना, गैस की शिकायत होना, पेट में मरोड़ आना, लूश मोशन होना, आंखें अंदर जाना, मुंह सूखना, जीभ सूख जाना और कमजोरी लगना आदि।

**बचाव के उपाय :** डायरिया से बचाव का प्रमुख उपाय यह है कि बाजार में मिलने वाले खाने के बजाय घर का बना ताजा और स्वच्छ खाना ही खाएं। खूब पानी पीते रहें। गर्मी के मौसम में चाय और कॉफी से परहेज करें, क्योंकि इससे यूरीन का उत्पादन ज्यादा होता है। कोल्ड ड्रिंक पीने से परहेज करें। इसके बजाय जहां तक हो सके नीबू पानी, नारियल पानी, सादा पानी, छाछ, लस्सी आदि को बदल-बदल कर पीते रहें। लेकिन यह ध्यान रखें कि नारियल पानी दिन में एक बार ही पिएं क्योंकि इसमें पोटेशियम होता है, जो दिल पर प्रेशर डालता है। ठेले पर बिकने वाली खुली हुई और कच्ची चीजें न खाएं, जैसे कि कटे फल, सलाद इत्यादि।

**उपचार के तरीके :** अगर डायरिया हो गया है तो लाइट डाइट ही लें, ताकि आसानी से हजम हो जाए। खाने में घर का बना हुआ खिचड़ी, दाल, चावल और सूप ले सकते हैं। इंफेक्शन के कारण भूख नहीं लगती है फिर भी हर दो-तीन घंटे में पानी पीएं और कुछ हल्का खाते रहें। इस दरम्यान दूध का सेवन न करें, लेकिन दही ले सकते हैं, वह भी घर का जमा हुआ। थोड़ी-थोड़ी देर में पेशेंट को हल्का खाना देते रहें, पर जितना आराम से खा सके, उतना ही खाएं। तीन-चार घंटे के अंतराल पर फल खाते रहें।

**बरतें सावधानियां :** अपने खान-पान के प्रति बेहद सावधान रहें। बाहर का खाना बिल्कुल न खाएं। यहां तक कि बाहर बिकने वाला पानी भी न पीएं। घर का बना हुआ ताजा खाना ही खाएं। जब भी घर से बाहर जाएं तो अपने साथ खाना और पानी की बॉटल साथ लेकर जाएं। दिन के समय घर से बाहर तभी जाएं जब बहुत जरूरत हो। खासतौर पर डायरिया के पेशेंट घर में ही रहें और आराम करें। *

**(डाइटीशियन नेहा पेठानिया से बातचीत पर आधारित)**

## अवेयरनेस

ललिता गोयल

इन दिनों प्लास्टिक बॉटल में पानी पीने का ट्रेंड बहुत बढ़ गया है। लेकिन ऐसा करना आपके स्वास्थ्य के लिए हार्मफुल हो सकता है। इससे कैसे दुष्प्रभाव हो सकते हैं और किस-किस तरह की बीमारियां हो सकती हैं, आप जरूर जानना चाहेंगे।

# क्या आप भी पीते हैं प्लास्टिक बॉटल में पानी!



आज के दौर में प्लास्टिक हमारी मॉडर्न लाइफस्टाइल का एक अटूट हिस्सा बन चुका है। आजकल जहां देखो हमारे आस-पास प्लास्टिक ही प्लास्टिक नजर आता है। किचेन के डब्बे हों या बाजार में बिकने वाली पानी की बोतल। खाने की पैकिंग हो या सामान लाने वाले पॉलिथिन। कप, प्लेट, स्ट्रॉ हर तरफ प्लास्टिक ही दिखता है।

### शरीर के लिए हार्मफुल

कुछ लोग तो प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से परिचित हैं लेकिन कई लोग ऐसे हैं, जो इसके दुष्प्रभाव के बारे में कुछ भी नहीं जानते। वे नहीं जानते कि प्लास्टिक का उपयोग मनुष्य के शरीर के लिए कितना हानिकारक साबित हो सकता है। इससे निकलने वाले केमिकल्स, शरीर को किस हद तक हानि पहुंचा सकते हैं और इससे प्रकृति के साथ-साथ मनुष्य के शरीर को भी कितना नुकसान पहुंचता है? पानी तो अधिकांश लोग यात्रा के दौरान प्लास्टिक की बोतल में ही पीते हैं, जबकि यह बहुत हार्मफुल होता है। प्लास्टिक की बोतल में पानी पीने से आपकी सेहत को क्या नुकसान हो सकता है और कैसे शरीर को अंदर से खोखला कर रहा है प्लास्टिक, इस बारे में जानना जरूरी है।

### हो सकती हैं कई प्रॉब्लम्स

अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन का कहना है कि जब प्लास्टिक गर्म होता है तो उसमें से 50 से 60 तरह के अलग-अलग केमिकल्स बाहर निकलते हैं और



ये शरीर के लिए अत्यंत घातक साबित होते हैं। प्लास्टिक का प्रयोग करने की वजह से इसमें पाए जाने वाले केमिकल्स से सीधा शरीर का संपर्क होता है। इससे अनेक बीमारियों से शरीर घिर सकता है। प्लास्टिक में पाए जाने वाले केमिकल जैसे सीसा, कैडमियम और पारा शरीर में कैंसर, विकलांगता, इम्यून सिस्टम में गड़बड़ी जैसे गंभीर रोग उत्पन्न करते हैं और इससे बच्चों का विकास भी प्रभावित होता है। एक शोध के अनुसार प्लास्टिक की बोतल में ईडीसीए यानी कि एंडोक्राइन डिस्सेंटिंग केमिकल जैसा बहुत ही खतरनाक और नुकसान देने वाला केमिकल पाया जाता है, जो कि इंसानी हार्मोनल सिस्टम को धीरे-धीरे परंतु सीधे तरीके से नुकसान पहुंचाता है। इसकी वजह से प्यूबर्टी भी जल्दी आती है, वहीं डायबिटीज की समस्या भी हो सकती है।

प्लास्टिक में मौजूद केमिकल्स की वजह से महिलाओं में ओवरी से संबंधित बीमारियां और ब्रेस्ट कैंसर जबकि पुरुषों में कोलन कैंसर और प्रोस्टेट कैंसर जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। प्लास्टिक की बोतल में पानी पीने से इम्यूनिटी पर प्रभाव पड़ता है, जिस वजह से वो कमजोर हो सकती है। दरअसल, प्लास्टिक की बोतल में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक आपके ब्लड सर्कुलेशन में आ जाने की वजह से वो शरीर की इम्यूनिटी कम कर देता है।

### दूरी बनाना है जरूरी

प्लास्टिक की बोतल जब गर्मी के संपर्क में आती है तो एक केमिकल रिलीज करती है, जिसे डायोक्सिन कहते हैं। रिलीज किए गए इस केमिकल की वजह से ब्रेस्ट कैंसर होने का खतरा कई गुना बढ़ सकता है। शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के साथ-साथ प्लास्टिक पर्यावरण को भी काफी हद तक प्रभावित करता है। इसलिए अपने बेहतर स्वास्थ्य के लिए अपनी लाइफस्टाइल में प्लास्टिक के प्रयोग को बिल्कुल ना कहें। *

## दिल्ली शराब घोटाला

# केजरीवाल को दोहरा झटका 16 तक न्यायिक हिरासत में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को बढ़ा दिया है। अंतरिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए संबंधित विभाग को केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर निर्देश दिए हैं। शराब नीति मामले में कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को बढ़ा दिया है। 19 जून तक न्यायिक हिरासत में रहना होगा। उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। दूसरी तरफ कोर्ट ने केजरीवाल की 7 दिन की अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। केजरीवाल ने मेडिकल कारणों का हवाला देते हुए 7 दिन की जमानत मांगी थी। कोर्ट ने जरूरी मेडिकल टेस्ट कराने का निर्देश दिया है।



## केजरीवाल व आप के खिलाफ पूरक आरोप

केजरीवाल एवं आप के खिलाफ आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दाखिल पूरक आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के मुद्दे पर अदालत ने फैसला टाल दिया है। कोर्ट के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा इस मुद्दे पर 9 जुलाई को फैसला लेंगी। न्यायाधीश ने 28 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## एयरपोर्ट पर मचा हड़कंप

# एयर कनाडा की दिल्ली-टोरंटो फ्लाइट में मिली बम की धमकी

*दिल्ली एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) कार्यालय को एक ईमेल मिला जिसमें कहा गया कि दिल्ली-टोरंटो एयर कनाडा की उड़ान में बम रखा गया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) कार्यालय को मंगलवार रात 10.50 बजे एक ईमेल मिला जिसमें कहा गया कि दिल्ली-टोरंटो एयर कनाडा की उड़ान में बम रखा गया है। जिसके बाद तुरंत फ्लाइट को उड़ान भरने से रोका गया। पुलिस ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए फ्लाइट की जांच की लेकिन कुछ भी संदिग्थ नहीं मिला।



### चेन्नई-मुंबई इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी

शनिवार को चेन्नई से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट में बम की धमकी मिली थी। फ्लाइट 6ई 5314 ने चेन्नई से सुबह करीब सात बजे उड़ान भरी थी। यह सुबह करीब पौने नौ बजे मुंबई हवाईअड्डे पर उतरी। हवाईअड्डे के अधिकारी तुरंत हरकत में आ गए। सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारा। फिलहाल, पूरे विमान की तलाशी ली लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

## पीएम पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने अरुण-3 हेड रेस टनल का उद्घाटन किया

**नेपाल।** नेपाल के प्रधानमंत्री ने नेपाल में अरुण-3 जलविद्युत परियोजना की हेड रेस टनल का उद्घाटन किया। अरुण-3 जलविद्युत परियोजना का निर्माण एसजेवीएन अरुण-3 पावर डेवलपमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। एसजेवीएन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। एसएपीडीसी एसजेवीएन और नेपाल सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग है, जिसका उद्देश्य अरुण नदी बेसिन में सतत जलविद्युत उत्पादन के माध्यम से क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। वर्तमान में, एसजेवीएन नेपाल में अरुण नदी बेसिन पर 2,200 मेगावाट की तीन जलविद्युत परियोजनाओं का निष्पादन कर रहा है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने नेपाल के संखुवासभा जिले में 900 मेगावाट अरुण-3 जलविद्युत परियोजना की 11.8 किलोमीटर लंबी हेड रेस टनल के लिए उत्खनन के पूरा होने के उपलक्ष्य में अंतिम विस्फोट कर सुरंग का उद्घाटन किया।

## छात्रा आखिरी बार लॉस एंजिलिस में देखी गई

# लॉस एंजिलिस से गायब हुई भारतीय छात्रा मिली सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ वांशिगटन

छात्रा नितिशा कंडुला 28 मई से लापता थीं। पुलिस ने बताया था कि छात्रा को आखिरी बार लॉस एंजिलिस में देखा गया था और उसके लापता होने की खबर 30 मई को मिली थी। अमेरिका में भारतीयों छात्रों का गायब होना या उन पर हमला होना आम बात हो गई है। हाल ही में कैलिफोर्निया में 23 साल की एक भारतीय छात्रा लापता हो गई थी। उसका एक हफ्ते तक कुछ पता नहीं लगा था। यहां तक कि पुलिस ने उसे ढूंढने के लिए लोगों की मदद मांगी थी। हालांकि, अब राहत की खबर है। छात्रा का पता लगा लिया गया है। वह सुरक्षित है। फिलहाल पुलिस ने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।



### सुरक्षित है छात्रा

*अब जॉन गुटेरेज ने एक्स पर बताया कि कंडुला का पता लगा लिया गया है। हालांकि, उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि वह कैसे और कहां मिली। उन्होंने कहा, '28 मई, 2024 को छात्रा के लॉस एंजिल्स में लापता होने की सूचना मिली थी, उसका पता लगा लिया गया है और वह सुरक्षित है!'*

### 28 मई से लापता थी छात्रा

पुलिस के अनुसार, कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी सैन बर्नार्डिनो (सीएसयूएसबी) की छात्रा नितिशा कंडुला का पता लगा लिया गया है। वह 28 मई से लापता थीं। सीएसयूएसबी के पुलिस प्रमुख जॉन गुटेरेज ने रविवार को एक्स पर कहा था कि उसे आखिरी बार लॉस एंजिलिस में देखा गया था और उसके लापता होने की खबर 30 मई को मिली थी।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## एजूकेशन स्पेशल

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |
| Paramedical Course | |
| Lab tech, OT tech,X-Ray tech & Ortho tech-30 Seats Each Course | |
| Pharmacy Course | Duration |
| D Pharmacy | 2 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass M.Sc. Nursing-BSc.,P.B.B.Sc. Pass, Paramedical Course - 12th pass (Bio) Pharmacry - 12th pass , Maths, Bio

HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS

क्लीनिकल सुविधा
श्री बालाजी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटों का मेडिकल कालेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9691825978, 8435018884

## Appointment आवश्यकता

### टीचर

**आवश्यकता है-** शिक्षक शिक्षिकायें की आवश्यकता* व्ही एन एस स्कूल लक्ष्मी नगर सुपेला प्री प्राइमरी, प्राइमरी 20पद , सा. विज्ञान ,विज्ञान , अंग्रेजी , कॉमर्स , एकाउंट, बायो , भौतिक, रसायन, गणित, प्रति विषय 4-4पद, अंग्रेजी माध्यम* ड्राइवर, आया 5-5 पद -8349079539. (Ro-496)

**आवश्यकता है-** हिंदी मीडियम ओम नेशनल पब्लिक हा. से. स्कूल सरोरा रायपुर विषयः- account, economics, maths, chemistry, physics, Bio, English, Hindi, science, संस्कृत All subject teachers। अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाएं Om public school इंग्लिश मीडियम विषयः- English, में BA. MA. B.Ed Maths, science, Computer अनुभवी शिक्षक/ शिक्षिकाएं मोबाइल नंबर 9827879928, 8770879781. (RO-984)

**आवश्यकता है-** English Medium School Nursery to 10th के लिए शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। अंग्रेजी माध्यम अनिवार्य आवेदन जमा करने की अंतिमतिथि 15.06.2024 महर्षि दयानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल गयानगर दुर्ग, Wattsapp No. – 9425235536 Landline No. 0788-2357613. (Ro-497)

**आवश्यकता है-** इंग्लिश ,गणित ,विज्ञान, संस्कृत, कंप्यूटर टीचर ,क्लर्क व आया बाई महिला स्टाफ की आवश्यकता है। संपर्क करें - प्रकाश पब्लिक हाई. स्कूल इंग्लिश मीडियम, सेक्टर - 11 जोन-1, खुर्सीपार नियर शासकीय ITI, मो.- 93991-47944.(Ro -502)

**RECRUITMENT-** Incharge, Teachers, Required for English Medium Primary Wing in Maharishi Dayanand H.S.School Kurud Road Kohka B H I L A I . Qualification- Graduate/PG With English Medium. Last Date For Resume Submission- 15.06.2024, Resume Submit at D.A.V. Model H.S School Arya Nagar Durg. Whatsapp No - 94252-35536, Landline No- 0788-4050299. (Ro-499)

**आवश्यकता है-** शिक्षक चाहिए श्री अरविंद काम्प्लेक्स कचना, रायपुर में आवश्यकता है प्री- प्राइमरी स्कूल शिक्षिका की योग्यतानुसार वेतन। स्नातक, अनुभव, संगीत / चित्रकला खेल-खेल में शिक्षा। पता - 37 मौल श्री विहार पुरैना, रायपुर 492006 संपर्क 9691691012. (RO-6263)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### सेल्सऑफिसर/सर्वेयर

**आवश्यकता है-** SR DEAL DYNAMICS RAIPUR OFFICE हेतु सेल्स ऑफिसर- .15 Post (लड़के/ लड़कियां), वेतन- 15000 से 25000, सर्वेयर - 10 पोस्ट (केवल लड़कियां), वेतन- 10,000 से 20,000 (रहना + खाना फ्री ) संपर्क- 8962527446. (RO-6258)

### घरेलू कार्य/कुक

**आवश्यकता है-** नेहरू नगर भिलाई में गृह कार्य के लिए एक महिला उम्र 30 से 40 वर्ष के बीच रहने वह खाना मुफ्त वेतन योग्यतानुसार । संपर्क:- अमर , मो. न.- 93290 09697. (Ro-498)

**आवश्यकता है-** बच्चा संभालने हेतु 24 घंटे की बाई /युवती चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। स्थान: तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्क करे मोबाइल नंबर:- 9575042814. (RO-2784)

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा रायपुर में झाड़, पोछा, कपड़ा, बर्तन साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु शादीशुदा या अकेले पुरुष महिलाएं चाहिए, गुटखा, तंबाखू या किसी भी तरह का नशा न करने वाले ही संपर्क करें 9300593000. (RO-1206)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड की सुबह और रात की शिफ्ट के लिए। इच्छुक व्यक्ति नीचे दिए गए पते पर संपर्क करें- श्री वासू लॉजिस्टिक्स लिमिटेड, तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर। समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक। इंटरव्यू दिनांक- 06 जून 2024। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें- 7000681513.(RO-2793)

**आवश्यकता है-** अल्फा सिक्योरिटी में 12 घंटे ड्यूटी करने के हेतु 100 गार्ड की आवश्यकता है। संपर्क करें मो -70447-10812, 80550-17111 (D-560)

### केयर टेकर

**आवश्यकता है-** रायपुर में पुरुष कोमा पेसेंट हेतु केयर टेकर की। रहने की व्यवस्था प्रदान की जावेगी। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क:- राकेश अग्रवाल, 73 लविस्ता कॉलोनी VIP रोड अमलीडीह रायपुर 9575042804 मिलने का समय सुबह 9 से 11 तक.(RO-2790)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) में बंडल खोलने/ पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समैन की आवश्यकता है. मोबाइल 7067048454.(RO-6260)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार, संपर्क करें- राधा इंटरप्राइजेस, संजय गांधी चौक, स्टेशन रोड, रायपुर, मोबाइल नंबर- 9425504853.(RO-4424)

### डिजाइनर

**आवश्यकता है-** फ्लैक्स दुकान में कोरल एवं फोटोशॉप के जानकार डिजाईनर की आवश्यकता हैं। पता: सत्या फ्लैक्स, जी.ई. रोड, बुद्ध विहार के सामने, भिलाई, चरोदा, मो. नं. 9098701502.(RO-7481)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** प्लास्टिक लाइन के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार स्वयं आकर ही संपर्क करें प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261-13735. समय 11:00 से 8:00 बजे (RO-4423)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223. (RO-3919)

**आवश्यकता है-** (1) ऑटोकैड सिविल नक्शा बनाने वाले लड़को, लड़कियों की आवश्यकता है (2) हिंदी लिखने वाले हैंडराइटिंग अच्छी होनी आवश्यक है संपर्क- समता कॉलोनी महाराजा अग्रसेन कॉलेज के पास रायपुर 8349709842. (RO-2358)

**आवश्यकता है-** सुमित बाजार के नए प्रतिष्ठान में काम करने के लिए लडके और लडकी की आवश्यकता है सुमीत बाजार ,न्यू कोमल ज्वेलर्स के पास लिंक रोड पावर हाउस भिलाई - 92293-93942. (Ro-495)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### पेट्रोल पम्प कर्मी

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु उम्मीद्वार की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपने समस्त बायोडाटा सहित सम्पर्क करें - डागा पेट्रोल पम्प,फाफाडीह चौक,स्टेशन रोड, रायपुर (RO-622)

**आवश्यकता है-** मैसर्स शारदा प्रसादसाव पेट्रोल पंप रानी अवंती बाई चौक कोहका भिलाई में डीजल पेट्रोल डालने एवं ऑफिस कार्य हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है मो.-99261-23539, 76928-88808.(आरो नं.-6342)

### सुपरवाइजर/अकाउन्टेंट

**आवश्यकता है-** प्लांट सुपरवाइजर, डिस्पैच सुपरवाइजर, जूनियर अकाउंट की आवश्कता है मिलें. कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, भनपुरी, उरकुरा स्टेशन के पास, मो - 7999660480.(RO-1487)

**आवश्यकता है-** रायपुर में कंस्ट्रक्शन कंपनी में (1) एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (2) अकाउंटेंट (3) ऑफिस कार्य हेतु लड़का लड़की (4) खाना बनाने, साफ सफाई का काम करने वाली महिला कर्मचारी चाहिए संपर्क करें- निक्कू 9755177152 स्वर्णभूमि, रायपुर(RO-34375)

### ऑफिस/फील्ड कार्य

**आवश्यकता है-** कोरियर में आंफिस कार्य, फिल्ड में डिलिवरी और टाटाएस चलाने के लिए लड़को की आवश्यकता है। श्रीमारूती कोरियर वालफोर्ट गेट के सामने रिंगरोड1 कुशालपुर रायपुर बायोडाटा लावे 9399676408. (RO-97)

### सेल्स कार्य

**आवश्यकता है-** इंटीरियर डिजाईनर के लिए सेल्स हेतु युवक की आवश्यकता है। फ्रेशर एवं 1वर्ष अनुभवी, वेतन योग्यतानुसार मिलने का समय 11से 2बजे तक पता- 236, 1th , फ्लोर ढिल्लन कॉम्प्लेक्स सुपेला भिलाई मो.-81092-06034, 89626-28740.(Ro -501)

**आवश्यकता है-** ज्वैलरी शॉप में कार्य करने हेतु सेल्स गर्ल्स, एक बॉय की आवश्यकता है संपर्क करें:- ओम ज्वैलर्स शॉप नं. 64बी इंदिरा मार्केट दुर्ग। (आरो नं.-6339)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** फलदार वृक्षों की खेती से संबंधित जानकर सुपरवाइजर की आवश्यकता है अनुभवी ही संपर्क करे, मोबैयिल, 9302240005. (RO-6264)

### वर्कर

**आवश्यकता है-** लोहा लोडिंग व अनलोडिंग करने हेतु वर्कर की आवश्यकता है. आकर्षक वेतन. संपर्क- श्री कृष्णा तालपत्री एंड हार्डवेयर, रिंगरोड नंबर- 2, भनपुरी, रायपुर मोबाइल- 9329647123.(RO-1614)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** मुख्यालय छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया सी.एस.डी. कैंटीन रायपुर, एक्सटेंशन काउंटर बिलासपुर, दुर्ग और नया रायपुर में विभिन्न पदों पर संविदा के तहत ग्यारह महीने के लिए नियुक्तियाँ की जाएगी। भर्ती के लिए आवेदन ऑफिशियल emailidhqcosaurc1985 @gmail.com पर करें। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosaraipururc.in/ पर विजिट करें।(RO-2791)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10-12वी, स्नातक, अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000 रहना, खाना, ट्रैवल, ट्रेनिंग फ्री। ट्रेनिंग पश्चात 20000 से 25000 सम्पर्क करें- 8871422576, 9981576163.(RO-343091)

**आवश्यकता है-** कंपनी में ऑफिस काम के लिए मैनेजर पद हेतु उड़िया, तेलुगू, बंगाली, बिहारी भाषिशित लड़कों की आवश्यकता है वेतन-15000 से 20000 रहना खाना फ्री संपर्क करें:-मो.-94207-18173. (RO-6341)

**आवश्यकता है-** देवास, रीवा में रहकर ऑफिस कार्य हेतु 10वी से ग्रेजुएट अविवाहित युवकों की आवश्यकता है वेतन 10000 रहना खाना, रेल टिकट फ्री, ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 20000 सम्पर्क- 7879951040, 7647803413. (RO-34316)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** महिमा हॉस्पिटल , उतई भिलाई , जिला - दुर्ग (छ. ग.) पिन कोड - 491107 मे स्टाफ की आवश्यकता हैं : एम.बी.बी. एस- 5 पद, बी.एससी नर्सिंग व GNM व ANM - मेल 10 पद और फीमेल 10पद , आई.सी.यू इंचार्ज- मेल 10 पद और फीमेल 10पद, बी.ए. एम.एस डॉक्टर- 5 पद, एक्सरे टेक्निशियन -5 पद, लैब टेक्नीशियन -5पद, OT टेक्नीशियन -5पद, मेडिकल स्टॉर्स में काम करने हेतु अनुभवी लड़के चाहिए- 5पद संपर्क करें। मो.- 99071-27097, 97132-11728, 75870-08451.(आरो न.-6338)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 7003467406, 8961256017. (RO-236)

**आवश्यकता है-** जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/ फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 62673 24667. (RO-1322)

**आवश्यकता है-** AIRPORT कम्पनी द्वारा डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th ग्रेजुएट (लड़के लड़किया) एयरहोस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर ग्राउंड स्टॉफ क्लर्क चेकर लोडर गार्ड इलेक्ट्रीशियन ड्राईवर, हैल्पर, 31500- 82500 मेडिकल इंश्योरेंस रहना खा ना फ्री.7495042110.(RO-2393)

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के, लड़कियों , गृहणियां कमाए ( 18000-55000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Name, Address, Qualification Call/ SMS/ WhatsApp/ करें - 07903284986.(RO-233)

क्लासीफाईड

### Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.(Ro-2741)

### Medical चिकित्सा

**आयुर्वेदिक-** बैगा द्वारा छत्तीसगढ़िया उपचार जैसे चर्म रोग थायराईड, लीवर, किडनी, पथरी, जोड़ों का दर्द शुगर, बवासीर, लकवा, माइग्रेन, खून की कमी स्त्री रोग, साइटिका, एलर्जी, नसों की कमजोरी पेट रोग सभी प्रकार के पुराने व असाध्य रोगों का आयुर्वेदिक दवाई द्वारा किया जाता है साथ ही ज्योतिष विचार देखा जाता है मोबाइल नंबर 8461886239 (RO-995)




### Services सर्विसेस

### पेस्ट कंट्रोल

**आवश्यकता है-** इंडियन पेस्ट कंट्रोल गवर्नमेंट अप्रूव्ड हर्बल एवं केमिकल से दीमक, कॉकरोच, चींटी, छिपकली, एवं सभी प्रकार के पेस्ट से मुक्त/ निजात किया जाता है, 1-5 साल की गारंटी के साथ मोबाइल- 9371636700, 7378999775. रायपुर पंडरी- 4920001.(RO-6265)

### Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है -** दुर्ग अंजोरा- रायपुर भारतमाला हाईवे से थोड़ी ही दूरी पर, बिरेझर में मात्र 111/- फीट में फार्म हाऊस हेतु उपयुक्त 11000 sqft. भूमी उपलब्ध। मो. 9993135732. (Ro-482)

**बेचना है-** (60x170) साइज 10200 स्क्वायर फीट, का आवासीय डाइवर्टेड प्लॉट प्राइम लोकेशन, सेंट जोसेफ स्कूल, अम्लीडीह, रायपुर से लगा हुआ अर्जेंट बेचना है। (इन्वेस्टर या बिल्डर संपर्क करें), 90% बैंक फाइनेंस की सुविधा। संपर्क करें:- 9165586666, 9584444523. (RO-2785)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### वाहन

**वाहन बेचना है-** टाटा 207 पिकअप मॉडल 2007 कलर व्हाईट टिपटॉप रनिंग कंडीशन में बेचना है। संपर्क करे:-मो.- 96177-76501, 98261-67227.(Ro-500)

### Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** लोन ! लोन! लोन गुरु कृपा फाइनेंस (मुद्रा लोन, पर्सनल, बिजनेस, उद्योग, दुकानदारी, पशुपालन, कृषि, प्रॉपर्टी, मार्कशीट लोन , सभी लोन , 1- 95 लाख तक (2% ब्याज , 40 % छूट) संपर्क:- 7566746330. (RO-1323)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## Healthcare

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज

संपर्क डॉ. अहमद
अहमद हॉस्पिटल
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने, बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन: सुबह 9 से शाम 7 बजे
रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844



## जिले की सीमा से निकला दंतैल

**बालोद।** जिले में कुछ दिनों पहले ही पहुंचे दंतैल हाथी के वापस चले जाने से ग्रामीणों को राहत मिली है। दंतैल हाथी बीते कुछ दिनों से गुरुर, बालोद और डौडी वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहा था और विचरण क्षेत्र में गन्ना, केला और ग्रीष्म कालीन धान की फ़सल को नुकसान पहुंचा रहा था, इसके साथ ही ग्रामीण अंचल में पहुंचकर घरों में भी तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया था। बता दें कि हाथी पूरा दिन जंगलों के बीच रहकर विश्राम करता था और शाम होते ही जंगल से निकलकर ग्रामीण अंचलों में पहुंच नुकसान पहुंचाता था, जिसके कारण वनांचल क्षेत्र से लगे ग्रामीण बहुत ज्यादा दहशत में नजर आते थे और शाम होते ही कच्चे मकान को छोड़ पक्के मकान में जाकर रात गुजारने को मजबूर थे, लेकिन अब हाथी के वापस चले जाने से वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण पहले के की तरह सामान्य जिंदगी जी रहे हैं।

# जिला अस्पताल में फिर गई जच्चा और बच्चा की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला अस्पताल कवर्धा में ऑपरेशन के दौरान फिर एक जच्चा बच्चा की जान चली गई। यहां बताना लाजिमी होगा की महिने भर के भीतर जिला अस्पताल में जच्चा-बच्चा की तीसरी मौत है। इससे पूर्व अभी कुछ दिन पहले ही एक बैगा समाज की गर्भवति महिला की जचकी के दौरान मौत हो गई थी वहीं उसके बच्चे ने भी दम तोड़ दिया था।

■ कलेक्टर ने सिविल सर्जन को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने दिए निर्देश

जिला अस्पताल में एक के बाद एक सामने आ रही इस तरह की घटनाओं पर अब कलेक्टर ने संज्ञान लिया है और सिविल सर्जन को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड बोड़ला अंतर्गत ग्राम मुडवाही निवासी मरीज जेठिया बाई बैगा आयु 32 वर्ष को 04 जून की रात्रि करीब 02.25 बजे जिला चिकित्सालय कबीरधाम में सीएचसी झलमला से रिफर कराकर लाया गया था।

बताया जाता है कि जिला अस्पताल में भर्ती किए जाने के बाद जिला अस्पताल की स्त्रीरोग विशेषज्ञ के द्वारा जेठिया बाई की तत्काल बाह्य परीक्षण कर आंतरिक परीक्षण कराने की सलाह दी गई। लेकिन जेठिया द्वारा सहयोग न कर इससे इंकार कर दिया गया। जिसके कारण बाह्य परीक्षण में एफएचएस नहीं मिलने से डॉक्टर द्वारा सामान्य प्रसव के लिए प्रक्रिया की गई। जिसके बाद मरीज को निरतंर निगरानी में रखा गया। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक सुबह 07 बजे परीक्षण कर पाया गया कि मरीज जेठिया बाई की स्थिति गंभीर हो रही थी।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सिंजिरियन करने के लिए शिप्ट किया गया। उस समय मरीज शॉक की स्थिति मे थी फिर मरीज को जरनल एनेस्थिसिया देकर आपरेशन किया गया। ऑपरेशन के दौरान ज्ञात हुआ कि मरीज की बच्चादानी फटी हुई थी और काफी मात्रा में रक्त का स्त्राव हो रहा था, बच्चा मेसरेटेड (मृत बच्चा) था। ऐसी स्थिति में डॉक्टर की पहली प्राथमिकता बच्चेदानी को निकालकर मरीज को बचाना था। ये आपरेशन की प्रक्रिया दोपहर 01.30 बजे पूर्ण कर पोस्ट आपरेटिव कक्ष मे ही वेंटीलेटर सपोर्ट पर सतत निगरानी मे रखा गया।




### ऑक्सीजन सप्लाई रूकने से मौत?

वहीं दूसरी तरफ चर्चा और आरोप यह भी है कि ऑपरेशन के दौरान आक्सीजन सप्लाई बंद होने के कारण महिला की मौत हुई। अब इसमें कितनी सच्चाई है ये तो अस्पताल प्रशासन ही जाने।

# जामुल सीमेंट प्लांट में हुए हत्या मामले में सीएचपी प्रमुख गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

एचओडी हत्या कांड मामले में पुलिस ने इंचार्ज को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पुलिस ने धारा 302 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सीमेंट प्लांट जामुल के भीतर एचओडी आर. बाला राजू खुन से सना मिला था। जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया। जहां डॉ ने मृत घोषित कर दिया। बालराजू के हत्या करने वाले की तलाश में पुलिस जुटी रही। प्लांट का कर्मी हरीशचंद वर्मा ने पुलिस को बताया कि घटना के तुरंत बाद सीएचपी का प्रमुख संजय तिवारी उसके पास आकर शर्ट में लगे दाग को मिटाने लगा। मृतक आर. बाला राजू ने कोल्ड हेंडलिंग प्लाट मे ब्रिफिंग करने के बाद और पावर प्लाट पहुँचने के बीच संदेही संजय तिवारी मौजूद नहीं था।

**IndusInd Bank**

## VEHICLES/MACHINERY AUCTION NOTICE

**Online/ Offline bids are invited for the sale of the following vehicles/machinery, on 'as is where is' basis:**

| Sl.No. | Branch | Deal No. | Customer Name | Registraion No. | Model | Yard |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bilaspur | FRB01271D | S SURESH | CG10BJ7655 | AL AVTR U2820 BS6 FULLY BUILT TIPPER | JAIN CAMPUS |
| 2 | Saraipali | FRS00710D | ABHAYA KUMAR SAHU | OD15C2388 | TATA LPT 3118 TC52 BS3 COWL | ANAMIKA PAUL PARKING |
| 3 | Pendra | FBP00221D | S PUSPENDRA | CG04PD4015 | AL 4825 BS6 28 FT GOODS COWL CHASSIS | SHRIRAM ENTERPRISES, KHINDWADI |
| 4 | Bilaspur | PB001498H | BRIJESH MAURYA | CG10ZA0364 | HINDUSTAN MOTORS TRACTOR | JAIN CAMPUS |
| 5 | Raipur | FRR01021G | DINESH YADAV | CG04JD6128 | PIAGGIO PICK UP VAN | KOMAL CHHATRI |

For any queries or inspection of the vehicles, please contact us at: Indusind Bank Ltd, 3rd Floor, Ravi Bhawan, Raipur (C.G.) **Call: 0771-4255804, Last Date : 12th June, 2024.**

The borrowers/co-borrowers/successors/heirs concerned are hereby once again called upon to clear their dues before the above mentioned last date, failing which we shall be constrained to sell the vehicle and recover from them further loss, if any.

-Authorized Officer

**Date : 6th June, 2024, Raipur** www.indusind.com

"Now View, Select and Bid on your favourite Bike/Car online! Register on https://induseasywheels.indusind.com"

# ठोकर मारकर फरार हुई कार मोटर साइकिल से गिरे युवकों को छोटा हाथी ने घसीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

कार की ठोकर के बाद सड़क में गिरे वाहन चालकों को छोटा हाथी घसीटता हुआ आगे निकल गया। सोमवार रात शहर के हृदय स्थल में हुई घटना में बाईक सवाल 3 लोगों को चोटें आई है जिनका इलाज एक निजी रायपुर स्थित निजी अस्पताल में जारी है। पुलिस ने अज्ञात कार और छोटा हाथी वाहन के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 3 जून को ग्राम बेमचा निवासी धनेश चंद्राकर, विकास साहू और इंद्र निर्मलकर तीनों चाय पीने के लिए इंद्र निर्मलकर के बाइक से साहू टी स्टॉल पहुंचे। चाय पीकर विकास को वापस उसके घर छोड़ने कुर्मी पारा जा रहे थे। इंद्र निर्मलकर के पल्सर बाइक क्र. सीजी 06 एचए 5923 को विकास साहू चला रहा था धनेश और इंद्र निर्मलकर पीछे बैठे थे। रात करीब 10 बजे बग्गा चौक के पास एनएच -353 रोड महासमुंद पहुंचे थे कि बागबाहरा तरफ से आ रही सफेद रंग की कार के चालक अपनी कार को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर ओवरब्रिज की ओर जाने के लिए मोड़ दिया और पल्सर बाइक को सामने से ठोकर मार कर दिया, जिससे धनेश और उसके दो साथी बाइक सहित सड़क पर गिर गए जिसके बाद रायपुर की ओर से आ रही वाहन छोटा हाथी क्र. सीजी 04 एनएस 7311 इंद्र निर्मलकर और विकास को घसीटते हुए आगे निकल गया। हादसे में बाइक सवार तीनों को चोटें आई है। प्रारंभिक उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाने के बाद विकास साहू एवं इंद्र निर्मलकर को रेफर करने पर प्राइवेट अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**
**जिला - रायपुर (छत्तीसगढ़)**

## ईश्तहार

**रा. प्र. क्रमांक ...... बी-121 / 2023-24**
**ग्राम- सेरीखेड़ी पं.ह.नं. 77**
**तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**
**रायपुर दिनांक 24.05.2024**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कार्यपालन अभियंता छ.ग. गृह निर्माण मण्डल राजधानी परियोजना, संभाग व्यावसायिक परिसर (दक्षिण-पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर का पत्र क्रमांक 682/कार्य.अभि./राज. प. सं. /24 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 23.02.2024 अनुसार ग्राम-सेरीखेड़ी, प.ह.नं. 77 रा.नि.म. रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला-रायपुर में स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 431/2 रकबा 2.835 हेक्ट भूमि को विशेष आवासीय योजना हेतु आबंटन के लिए मांग किया गया है।

खसरा नं. 431/2 भूमि को विधायक विश्राम गृह लोक निर्माण विभाग को आबंटित है। विधायक विश्राम गृह हेतु नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-25 में नवीन स्थल का चयन किया जाकर भूमि आरक्षित किया जा चुका है। उक्त भूमि को विशेष आवासीय योजना अंतर्गत माननीय विधायकों, सांसदों, राज्य सभा के सदस्यों में अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को आबंटित किये जाने हेतु चिन्हांकित किया गया है जो पूर्व में मण्डल को आबंटित समीपस्त भूमि उपयोग अनुसार उचित है। भूमि पर किसी प्रकार के पक्के मकान, मंदिर, मस्जिद व कब्रिस्तान स्थित नहीं है। उक्त भूमि को मण्डल को आबंटित की जाती है तो भूमि के मूल्य हेतु मण्डल के पास पर्याप्त निधि उपलब्ध है।

पूर्व में खसरा नं. 680/2 (नवीन खसरा नं. 680/127) विशेष आवासीय प्रयोजन हेतु मण्डल को शासन के आदेश क्रमांक एफ 4-40 / सात- 1 / 2022 दिनांक 08.08.2022 द्वारा आबंटित है जिस पर योजना तैयार किया जा रहा है।

प्रकरण नियमानुसार भू-आबंटन संबंधी समस्त औपचारिकताएं पूर्ति करते हेतु अभिमत सहित स्पष्ट जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 11.06.2024 तक इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
S-40269/1 (मुहर) **रायपुर (छ.ग.)**

## "छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग" धमतरी वनमंडल धमतरी

### काष्ठागार नीलाम का संक्षिप्त विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि धमतरी वनमंडल धमतरी के अन्तर्गत **नगरी काष्ठागार** में संग्रहित ईमारती काष्ठ, जलाऊ का घोष विक्रय द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा । इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे घोष विक्रय में भाग लेवें । घोष विक्रय की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/ वन काष्ठागार नगरी से प्राप्त की जा सकती है। कृपया बोली लगाने से पूर्व वनोपज का स्वतः स्थल निरीक्षण कर लेवे ।

**नीलाम स्थल का नाम - नगरी काष्ठागार (नीलाम हॉल)**
**नीलाम दिनांक - 10 जून 2024**
**नीलाम समय - प्रातः 9.00 बजे से**

**नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| प्रजाति | नया वनोपज | | अविक्रित वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली डेंगरी (नग) | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली डेंगरी (नग) | ईमारती (घ.मी.) | बल्ली डेंगरी (नग) |
| सागौन | - | - | 803.242 | 4264 | 803.242 | 4264 |
| साल | 1072.834 | 18 | 726.266 | 226 | 1799.100 | 244 |
| साजा | 104.937 | 55 | 60.285 | 157 | 165.222 | 212 |
| बीजा | 107.838 | - | 92.524 | - | 200.362 | - |
| तिन्सा | - | - | 0.279 | - | 0.279 | - |
| शीशम | - | - | 3.460 | - | 3.46 | - |
| हल्दू / मुण्डी / खम्हार | 11.583 | - | 66.937 | - | 78.52 | - |
| सलई / मोयन | 5.966 | - | - | - | 5.966 | - |
| धावड़ा | - | - | - | - | - | - |
| कर्रा / सेन्हा / अन्य | - | - | 168.826 | 4470 | 168.826 | 4470 |
| योग- | 1303.158 | 73 | 1921.819 | 9117 | 3224.977 | 9190 |
| सागौन जलाऊ | 44 Chatta | | 0.00 Chatta | | 44 Chatta | |

टीपः- (1) किसी भी व्यक्ति को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व नीलाम की शर्तो का पालन करने के करार के प्रतीक स्वरूप विक्रय सूचना पर अपना हस्ताक्षर करना होगा तथा प्रत्येक लाट के संबंध में बोली लगाने के पूर्व जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता हो उसके 10% के बराबर राशि या 1000/- (एक हजार) रूपये इसमें से जो भी अधिक हो की बयाने की राशि जमा करना होगा ।

(2) घोष विक्रय हेतु निर्धारित शर्तों के तहत सत्यंकार जमा करने वाला व्यक्ति/ संस्थान, छत्तीसगढ़ काष्ठ नियम 7 के अन्तर्गत प्रदेश के अधीन किसी क्षेत्रीय वनमण्डल में विनिर्माता, व्यवसायी या उपभोक्ता के रूप में पंजीकृत हों, जिसकी छायाप्रति सत्यंकार राशि जमा करते समय अनिवार्य रूप से जमा करावें, शर्त के पालन होने की स्थिति में ही इच्छुक व्यक्ति/ संस्थान ही घोष विक्रय में भाग ले पायेंगे। पंजीकृत नही होने पर उन्हें पंजीयन कार्यवाही वनमण्डल कार्यालय से अनिवार्य रूप से कराना होगा ।

(3) समस्त क्रेताओं को सूचित किया जाता है कि संबंधित फर्म का पूर्ण डाक पता. पेन नम्बर, जी. एस. टी. नम्बर एवं मोबाईल नम्बर ई.एम.डी. कक्ष में सुचारू रूप से कार्य संचालन हेतु अंकित कराना अनिवार्य है।

(4) नीलाम में क्रय किये गये लाटों का विक्रय मूल्य सहित विवरण ई. एम. डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा ।

**फोन- 07722-238371**
**फैक्स- 07722-236137**

**वनमंडलाधिकारी**
**धमतरी, वनमंडल धमतरी**

G- 242500085/2

## पाकिस्तानी नबंर से ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

**जगदलपुर।** महिला से 4.93 लाख की ठगी करने वाले दो अंतर्राज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। भानपुरी पुलिस व सायबर सेल की संयुक्त टीम की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुमित कुमार निवासी ग्राम दुसादी पकरी हनूमान नगर थाना पत्रकार नगर जिला पटना बिहार व अनिकेत कुमार निवासी भानपुर खगौल मोरगांव थाना साहसपुर जिला पटना बिहार के निवासी हैं।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**आर.ओ.बी. के निर्माण हेतु ई-निविदा सूचना**

सीपीएम / जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**निविदा सूचना क्रमांक:** सीपीएम-जीएसयू-04-एनजीपी-2024-25

**कार्य का नाम:** BTC-KGE सेक्शन पर BTC-WRI के बीच किमी.1059/8-9 पर स्थित मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग बीके-25 'ए' क्लास के स्थान पर प्रस्तावित आर.ओ.बी. (1x72.00 मी.) का निर्माण।

**अनु. निविदा मूल्य:** ₹ 16,08,62,135/-

**बयाना राशि:** ₹ 9,54,300/-

बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां दिनांक **18.06.2024** के **15:00** बजे तक जमा कर सकेंगे।

मैन्युअल निविदाओं की अनुमति नहीं है वि ऐसे प्राप्त सभी मैन्युअल निविदा (ऑफर्स) अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है ।

**उप. मुख्य अभियंता - जीएसयू,**
PC/01/27 **दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

**स्वच्छ भारत अभियान**
एक कदम स्वच्छता की ओर

**इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
**भारत सरकार (परमाणु ऊर्जा विभाग) का उद्यम**
**ईसीआईएल (पो.), हैदराबाद- 500062, तेलंगाना**

**ईसीआईएल के साथ उज्ज्वल भविष्य के लिए जुड़ें**

इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन भारत सरकार का उपक्रम) **उप प्रबंधक (तकनीकी) (ईजी -03)** के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को दिनांक 15.06.2024 (14:00 बजे) तक तथा आवश्यक दस्तावेजों सहित हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि को दिनांक 21.06.2024 (14:00 बजे) तक विस्तारित किया जाता है। विज्ञापन की अन्य शर्तें एवं विवरण यथावत रहेंगी।

**संपूर्ण विवरण (योग्यताओं, अनुभव, आयु इत्यादि) एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया कंपनी की वेबसाइट** https://www.ecil.co.in **देखें ।**

**विज्ञापन सं. 08/2024** **उप महाप्रबंधक-मानव संसाधन (भर्ती)**

CBC 48138/12/0001/2425

**इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
**भारत सरकार (परमाणु ऊर्जा विभाग) का उद्यम**
**ईसीआईएल (पो.), हैदराबाद - 500062, तेलंगाना**

**ईसीआईएल के साथ उज्ज्वल भविष्य के लिए जुड़ें**

इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन भारत सरकार का उपक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स मेकैनिक, इलेक्ट्रीशियन, मशीनिस्ट एवं फिटर ट्रेड में **तकनीशियन (ग्रेड-II) (वेज ग्रुप -III)** के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को दिनांक 15.06.2024 (14:00 बजे) तक विस्तारित किया जाता है। विज्ञापन की अन्य शर्तें एवं विवरण यथावत रहेंगी।

**संपूर्ण विवरण [योग्यताओं, अनुभव, आयु इत्यादि ] एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया कंपनी की वेबसाइट** https://www.ecil.co.in **देखें ।**

**विज्ञापन सं. 09/2024** **उप महाप्रबंधक-मानव संसाधन (भर्ती)**

CBC 48138/12/0002/2425

**इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
**भारत सरकार (परमाणु ऊर्जा विभाग) का उद्यम**
**ईसीआईएल (पो.), हैदराबाद- 500 062, तेलंगाना**

**ईसीआईएल के साथ उज्ज्वल भविष्य के लिए जुड़ें**

इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन भारत सरकार का उपक्रम) **ट्रेनी अधिकारी (वित्त) (ईजी -02)** के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को दिनांक 15.06.2024 (14:00 बजे) तक विस्तारित किया जाता है। विज्ञापन की अन्य शर्तें एवं विवरण यथावत रहेंगी।

**संपूर्ण विवरण (योग्यताओं, आयु इत्यादि) एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया कंपनी की वेबसाइट** https://www.ecil.co.in **देखें ।**

**विज्ञापन सं. 07/2024** **उप महाप्रबंधक-मानव संसाधन (भर्ती)**

CBC 48138/12/0004/2425

**इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
**भारत सरकार (परमाणु ऊर्जा विभाग) का उद्यम**
**ईसीआईएल (पो.), हैदराबाद- 500 062, तेलंगाना**

**ईसीआईएल के साथ उज्ज्वल भविष्य के लिए जुड़ें**

इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन भारत सरकार का उपक्रम) ECE, EEE, Mechanical एवं CSE विषय के ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी (GET) **(ईजी -02)** के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को दिनांक 15.06.2024 (14:00 बजे) तक विस्तारित किया जाता है। विज्ञापन की अन्य शर्तें एवं विवरण यथावत रहेंगी।

**संपूर्ण विवरण (योग्यताओं, आयु इत्यादि) एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया कंपनी की वेबसाइट** https://www.ecil.co.in **देखें ।**

**विज्ञापन सं. 06/2024** **उप महाप्रबंधक-मानव संसाधन (भर्ती)**

CBC 48138/12/0003/2425

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, अटल नगर

क्र./534100/का.यं./अ.न./सू. प्रका./939 अटल नगर, दिनांक 05.06.2024

### आवश्यक सूचना

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है (सं./सं.) संभाग अटल नगर नवा रायपुर के अंतर्गत नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र वेदांता सिटी कांदुल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। कार्य से संबंधित लाईन को चार्जिंग किया जाना है। यहां से निकलने वाली नये 33 के.व्ही. विद्युत लाईन वेदांता सिटी फेस-2, ग्राम काठाडीह से होकर गुजर रही है।

उपरोक्त उल्लेखित लाईन में नियमित रूप से विद्युत प्रवाह दिनांक 06.06.2024 सुबह 10:00 बजे से या उसके पश्चात कभी भी (चार्ज ) चालू किया जा सकता है।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि इस विद्युत लाईन के पास न जावें, उक्त लाईनों से उचित दूरी बनाये रखें, तथा लाईनों से किसी तरह की छेड़खाड़ न करें। ऐसा करना जानलेवा साबित हो सकता है ।

"विद्युत लाईन से छेड़खाड़ एवं विद्युत लाईन को नुकसान पहुंचाना विद्युत अधिनियम-2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है ।"

( एम.एस.हरि )
कर्म.संख्या 4450812
कार्यपालन यंत्री (संचा./ संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., अटल नगर नवा रायपुर

"स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए"

S-40273/2

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 **REGD NO. D.L.-33004/99**

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ-04062024-254540
**CG-DL-E-04062024-254540**

**असाधारण**
EXTRAORDINARY
**भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)**
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
**प्राधिकार से प्रकाशित**
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2078] नई दिल्ली, मंगलवार, जून 4, 2024/ज्येष्ठ 14, 1946
No. 2078] NEW DELHI, TUESDAY, JUNE 4, 2024/JYAISHTHA 14, 1946

## सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
## अधिसूचना
### नई दिल्ली, 4 जून 2024

**का.आ. 2177(अ).**- केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का. आ **3639 तारीख 14** August **2023**, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के धमतरी जिले के गाँव-, तालुक-कुरुद और गाँव-, तालुक-मगरलोड और गाँव-, तालुक-धमतरी और गाँव- बेदवापथरा, तालुक-नगरी और गाँव-कुकरीकोन्हा (वन ग्राम),तालुक-बेलरगांव मे NH130CD के कि.मी. 62.35 से कि.मी. 78.08 तक के भूखण्ड पर टोल प्लाजा के निर्माण, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी ;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "20 दिसम्बर 2023, "को "हरिभूमि" और "सेंट्रल क्रॉनिकल" दोनों में प्रकाशित किया गया था ;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3-ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है ;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपार्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए ;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी ।

### अनुसूची

छत्तीसगढ़ राज्य के धमतरी जिले के गाँव-, तालुक-कुरुद और गाँव-, तालुक-मगरलोड और गाँव-, तालुक-धमतरी और गाँव-बेदवापथरा, तालुक-नगरी और गाँव-कुकरीकोन्हा (वन ग्राम), तालुक- बेलरगांव मे NH130CD के कि.मी. 62.35 से कि.मी.78.08 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।

3370 GI/2024

**फाइल नंबर:** PD/DMT/Rai-Vish/LA/3D

**अभय जैन, उप सचिव**

**जिला:- धमतरी**
https://egazette.gov.in

**प्रकाशन तिथि: 04/06/2024**
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

**नोट:** इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू / पीएमयू/आरओ/ ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 **REGD NO. D.L.-33004/99**

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ-04062024-254541
CG-DL-E-04062024-254541

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड ( ii )
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2079] नई दिल्ली, मंगलवार, जून 4, 2024/ज्येष्ठ 14, 1946
No.2079] NEW DELHI, TUESDAY, JUNE 4, 2024/JYAISHTHA 14, 1946

## सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
## अधिसूचना
### नई दिल्ली, 4 जून 2024

**का.आ. 2178(अ)** –केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48 ) ( जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का. आ **4907 तारीख 13** November **2023**, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के कोंडागांव जिले के गाँव- सरगीपाल, सलना, मरंगपुरी, कोसमी, हातमा, पलना, तालुक - बड़े राजपुर मे NH130CD के कि.मी. 105.5 से कि.मी. 123.21 तक के भूखण्ड पर टोल प्लाजा के निर्माण, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख 20.12.2023 को "हरिभूमि" और "द हितवाद" दोनों समाचार पत्रों दोनों में प्रकाशित किया गया था ;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3-ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपार्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए ;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

### अनुसूची

छत्तीसगढ़ राज्य के कोंडागांव जिले के गाँव- सरगीपाल, सलना, मरंगपुरी, कोसमी, हातमा, पलना, तालुक-बड़े राजपुर मे NH130CD के कि.मी. 105.5 से कि.मी. 123.21 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।

3371GI / 2024

**फाइल नंबर:** PD/DMT/Rai Vish/LA/3D1
**अभय जैन, उप. सचिव**

**ज़िला: कोंडागांव**
https://egazette.gov.in
**प्रकाशन तिथि:** 04/06/2024
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

**नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू / पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।**

# अब टीवी देखना हो जाएगा पहले से महंगा, जल्द बढ़ने वाले हैं चैनलों के रेट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टीवी पर भी महंगाई की मार पड़ने वाली है। जल्द ही टीवी देखने के लिए आपको अपनी जेब से और ज्यादा पैसा निकालना होगा। डिज्नी स्टार, वायाकॉम 18 , जी एंटरटेनमेंट और सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स ने अपने रेट में इजाफा कर दिया है।

- ट्राई ने लोकसभा चुनाव तक का इंतजार करने को कहा था

इसका असर सीधा आपकी जेब पर पड़ने वाला है। टीवी सब्सक्रिप्शन रेट में 5 से 8 फीसदी का इजाफा हो सकता है। रेट में बढ़ोतरी करने के लिए ट्राई ने लोकसभा चुनाव तक का इंतजार करने को कहा था। अब लोकसभा चुनाव संपन्न होने के साथ ही कभी भी टीवी चैनलों के रेट बढ़ सकते हैं।

## टीवी सब्सक्रिप्शन रेट में 5 से 8 फीसदी का इजाफा हो सकता है

### डीपीओ पर रेट बढ़ाने का दबाव बनाएंगे

लोकसभा चुनावों के लिए मतदान 1 जून को संपन्न हुआ था। साथ ही 4 जून को चुनाव के नतीजे भी आ गए हैं। ऐसे में सभी ब्रॉडकास्टर्स अब डीपीओ पर रेट बढ़ाने का दबाव बनाएंगे। एयरटेल डिजिटल टीवी ने पहले ही रेट में बढ़ोतरी कर दी है। बाकी डीपीओ भी बढ़े हुए रेट का भार बहुत जल्द जनता के कंधों पर ही डाल सकते हैं।



### जनवरी में ब्रॉडकास्टर्स ने बढ़ा दिए थे 10 फीसदी रेट

इसी साल जनवरी में सभी बड़े ब्रॉडकास्टर्स ने अपने चैनलों के बुके रेट में 10 फीसदी तक का इजाफा कर दिया था। वायाकॉम 18 ने सबसे ज्यादा 25 फीसदी रेट बढ़ाए हैं। क्रिकेट राइट और एंटरटेनमेंट चैनलों के मार्केट शेयर में इजाफा होने के चलते यह बढ़ोतरी की गई थी। नए रेट फरवरी से ही लागू हो गए थे।

### ट्राई ने रुकने का दिया था निर्देश

सभी ब्राडकास्टिंग कंपनियों ने डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफॉर्म ऑपरेटर्स (डीपीओ) से नए एग्रीमेंट पर साइन करने को कहा था। इसके बाद टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सभी ब्रॉडकास्टर्स से कहा था कि वो लोकसभा चुनाव होने तक एग्रीमेंट साइन न करने वालों के सिग्नल बंद नहीं करें। अब ट्राई कभी भी इसकी मंजूरी दे सकता है।

## खबर संक्षेप

### रुपए में 14 पैसे की तेजी लौटी 83.37 प्रति डॉलर पर बंद



**मुंबई।** घरेलू शेयरों में मजबूत लिवाली तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण बुधवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 14 पैसे की बढ़त के साथ 83.37 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने से रुपये की तेजी पर कुछ अंकुश लग गया।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस देगी लागत पक्ष पर ध्यान



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने बुधवार को कहा कि एयरलाइन 2024-25 में लागत पक्ष और बदलाव योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करेगी। टाटा समूह अपने विमानन व्यवसाय को मजबूत करने के लिए एआईएस कनेक्ट का एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ और विस्तारा का एयर इंडिया के साथ विलय कर रही है।

### दवा के लिए टॉरेंट फार्मा का टाकेडा से समझौता

torrent PHARMA

**नई दिल्ली।** टॉरेंट समूह की प्रमुख कंपनी टॉरेंट फार्मास्युटिकल्स लि. ने टाकेडा फार्मास्युटिकल्स के साथ भारत में वोनोप्राजन को वाणिज्यिक स्तर पर पेश करने के लिए समझौता किया है। टॉरेंट फार्मास्युटिक्लस ने बुधवार को एक बयान में कहा कि यह गैर-विशिष्ट पेटेंट लाइसेंस समझौता है। समझौते के तहत कंपनी इस दवा को बाजार में पेश करेगी।

## चुनावी नतीजों के झटके से उबरा शेयर बाजार

# एनडीए सरकार गठन के कदम से सेंसेक्स 2303 अंक झूमा, निफ्टी भी रहा मजबूत

एजेंसी ⏭ मुंबई

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,303.19 अंक यानी 3.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,382.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 2,455.77 अंक तक चढ़ गया था। बैंक, वाहन तथा पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही।

*चुनाव नतीजों के झटके से उबरते हुए स्थानीय शेयर बाजारों ने बुधवार को जोरदार वापसी की और बीएसई सेंसेक्स 2,300 अंक से अधिक की छलांग लगा गया। एनएसई निफ्टी भी 735 अंक के लाभ में रहा। लोकसभा चुनाव परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहने के कारण शेयर बाजार में मंगलवार को चार साल में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट आई थी। भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों की सरकार गठन को लेकर बातचीत के बाद बाजार चढ़ा है।*

- सेंसेक्स और निफ्टी ने लगाई छलांग
- बैंक, वाहन व पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में रही तेजी
- निवेशकों को हुआ 13 लाख करोड़ से अधिक का लाभ



### निफ्टी में 735.85 अंक की बढ़त

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 735.85 अंक यानी 3.36 प्रतिशत उछलकर 22,620.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 785.9 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स और निफ्टी में शामिल सभी शेयर लाभ में रहे।

### एचडीएफसी बैंक व रिलायंस में भारी खरीदी

एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में भारी लिवाली से बाजार में तेजी आई। बुधवार को बाजार में आई तेजी से निवेशकों को 13.22 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ।

### सरकार गठन को लेकर निवेशकों की चिंता दूर

भाजपा नीत राजग ने लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन के बहुमत हासिल करने के एक दिन बाद बुधवार को यहां बैठक में सरकार गठन की विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। गठबंधन सहयोगी तेदेपा ने राजग को समर्थन देने की बात दोहरायी है। इससे सरकार के गठन को लेकर निवेशकों की चिंता दूर हुई है और हाल ही जिन शेयरों में गिरावट आई, उसमें लिवाली देखने को मिली।

*बाजार की नजर अब मौद्रिक नीति पर :* *जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "राजनीतिक स्तर पर स्थिरता सुनिश्चित होने के साथ बाजार में चौतरफा लिवाली से तेजी लौटी। हालांकि, सभी की नजर सरकार के गठन और इस सप्ताह पेश होने वाली मौद्रिक नीति पर होगी।"*

### निवेशकों की पूंजी 13.22 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

शेयर बाजार में मंगलवार को आई गिरावट की बुधवार को कुछ हद तक भरपाई हुई, जिससे निवेशकों की पूंजी 13.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गई। दलाल पथ पर सकारात्मक धारणा लौटने से बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बुधवार को 13,22,847.05 करोड़ रुपये बढ़कर 4,08,06,552.32 करोड़ रुपये (4.89 लाख करोड़ डॉलर) हो गया।

### ये शेयर रहे बढ़त में

सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक सात प्रतिशत से अधिक लाभ में रहा। इसके अलावा टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और जेएसडब्ल्यू स्टील भी प्रमुख रूप से बढ़त में रहे।

### अदाणी के शेयरों में उछाल

अदाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में से नौ के शेयर बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई पर अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 11.01 प्रतिशत, अदाणी पोर्ट्स में 8.59 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 7.47 प्रतिशत तथा समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज में 6.02 प्रतिशत की तेजी आई। एसीसी का शेयर 5.20 प्रतिशत, एनडीटीवी 3.26 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस 2.67 प्रतिशत, अदाणी विल्मर 0.77 प्रतिशत तथा अदाणी पावर का शेयर 0.32 प्रतिशत चढ़ गया।

# सरकारी खजाने में कोल इंडिया का योगदान घटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-मई की अवधि में सरकारी खजाने में योगदान 2.2 प्रतिशत घटकर 9,560.28 करोड़ रुपये रह गया है।

- अप्रैल-मई में योगदान 2.2 प्रतिशत घटकर 9,560 करोड़ रुपए
- घरेलू कोयला उत्पादन में 80 फीसदी का योगदान

कोयला मंत्रालय के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान देने वाली कोल इंडिया लिमिटेड ने एक साल पहले की अवधि में सरकारी खजाने में 9,777.64 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। मई में सरकार को भुगतान किया गया कुल शुल्क पिछले साल के इसी महीने में भुगतान किए गए 4,716.5 करोड़ रुपये से बढ़कर 4,763.20 करोड़ रुपये हो गए। केंद्र और राज्य सरकारों को दी जाने वाली राशि में रॉयल्टी, जीएसटी, कोयले पर उपकर और अन्य शुल्क शामिल हैं।

कोयला उत्पादन से केंद्र और राज्य दोनों सरकारों को पर्याप्त राजस्व प्राप्त होता है। वित्त वर्ष 2023-24 के पहले दो माह में सरकारी खजाने में भुगतान की गई कुल राशि में से झारखंड राज्य सरकार को सबसे अधिक 2,122.39 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।



### छत्तीसगढ़ को 1933 करोड़ का भुगतान

इसके बाद ओडिशा सरकार को 2,116.15 करोड़ रुपये, छत्तीसगढ़ को 1,933.59 करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश को 1,496.80 करोड़ रुपये और महाराष्ट्र को 1,048.44 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।

### राज्यों को रॉयल्टी का 14 फीसदी

राज्य सरकारें कोयले की बिक्री मूल्य पर रॉयल्टी का 14 प्रतिशत और प्रस्तावित जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) के लिए योगदान के रूप में रॉयल्टी का 30 प्रतिशत प्राप्त करने की हकदार हैं - जिसका उद्देश्य विभिन्न परियोजनाओं से प्रभावित लोगों का समर्थन करना है।

# छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में मना विश्व पर्यावरण दिवस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय नवा रायपुर में बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा की अध्यक्षता में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा के द्वारा एक नयी पहल करते हुए बैंक के सेवायुक्तों के बुजुर्ग माता-पिता एवं बच्चों के माध्यम से वृक्षारोपण करवाया गया एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके जुड़ाव का संदेश दिया गया।

बैंक के अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है एवं प्रत्येक नागरिक को इसे संरक्षित करने का अधिकतम प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान नीम, अशोक, कदम के विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। बैंक के सभी सेवायुक्तों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों की देखभाल, समय-समय पर पानी देने तथा उनकी निगरानी करने की की शपथ ली गई।



# नीट में मोशन के छात्रों ने लहराया अपने सफलता का परचम

**भिलाई।** कोटा के टॉप ब्रांड कोचिंग संस्थानों में से एक मोशन, अब भिलाई और छत्तीसगढ़ में भी अपना परचम लहरा रहा है। मोशन के छात्रों ने नीट में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपने माता-पिता, शिक्षक और संस्थान का नाम रोशन किया है। नीट के इस कठिन परीक्षा में मोशन के छात्रों ने न केवल अच्छे अंकों से पास किया, बल्कि टॉप रैंक्स में भी अपनी जगह बनाई। विकास कुमार (705/720), तुषार झा(702/720), विनय विश्वकर्मा (700/720) ने 700+ मार्क्स लाने वालों की सूची में जगह बनाई है एवं प्रभाकर गौतम (680/720), अनुष्का श्रीवास्तवा (618/720), कृष्णकांत साहू (615/720), ऋतुराज (600/720) ने 600+ की सूची में जगह बनाई है और किरण गन्बोइर(586/720), न्यासा साहू (584/720), प्रभाकर गौतम (582/720) लकी टंडन, भावना धीमर, निखिल देशमुख, रोशन सिंह, पलाश बंजारे, भावेश चंद्राकर आदि शानदार मार्क्स लाकर नीट-2024 के एग्जाम में अपना सिलेक्शन सुनिश्चित किया है। मोशन भिलाई के निदेशक ने बताया कि मोशन के बेहतरीन शिक्षण पद्धति, अनुभवी शिक्षक और छात्रों के कठिन परिश्रम का फल है कि आज भिलाई और छत्तीसगढ़ के छात्र भी नीट में शानदार सफलता प्राप्त कर रहे हैं। यह परिणाम उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत है जो अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करना चाहते हैं। इस शानदार सफलता के बाद मोशन ने भिलाई और छत्तीसगढ़ के छात्रों के बीच अपनी एक नई पहचान बनाई है।

# एब सीधे ग्राहकों के खाते में आएगा भुगतान : सेबी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को ग्राहकों के खाते में प्रतिभूतियों के सीधे भुगतान की प्रक्रिया को अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया। परिचालन दक्षता बढ़ाने और ग्राहकों की प्रतिभूतियों के जोखिम को कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है। सेबी ने एक परिपत्र में कहा कि यह 14 अक्टूबर से प्रभावी होगा। वर्तमान में, समाशोधन निगम प्रतिभूतियों के भुगतान को ब्रोकर के खाते में जमा करता है। उसके बाद इसे संबंधित ग्राहक के डीमैट खातों में जमा किया जाता है। सेबी ने शेयर बाजारों, समाशोधन निगम और डिपॉजिटरी के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद फैसला किया है, ''भुगतान के लिए प्रतिभूतियां समाशोधन निगम सीधे संबंधित ग्राहक के डीमैट खाते में जमा करेगा। वित्तपोषित शेयरों की पहचान करने के लिए कारोबारी सदस्य या समाशोधन सदस्यों (सीएम) के लिए एक व्यवस्था प्रदान करनी चाहिए।



- परिचालन दक्षता बढ़ाने यह कदम उठाया
- निर्णय 14 अक्टूबर से होगा प्रभावी

### शुल्क के अलावा ग्राहकों पर अन्य कोई शुल्क न लगे

सेबी ने सुझाव दिया है कि 'पोजिशन' के स्तर पर अगर कोई कमी रहती है तो कारोबारी सदस्य या समाशोधन सदस्यों को नीलामी की प्रक्रिया के माध्यम से इसका निपटान करना चाहिए। इसके अलावा, ऐसे मामलों में ब्रोकर को समाशोधन निगम की तरफ से लगाए गए शुल्क के अलावा ग्राहक पर कोई शुल्क नहीं लगाना चाहिए।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

# जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**रायपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के द्वारा मशीनरी डिवीज़न मंदिर हसौद के शक्ति विहार फेज 2 में आम व अमरुद के पौधे लगाकर पर्यावरण एवं प्रकृति को बचाने का संदेश दिया। यहां प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों सहित छोटे-छोटे बच्चों ने भी पौधे लगाए व पर्यावरण को किन चीज़ो से सुरक्षित रखा जाए इसकी भी जानकारी दी गयी। पौधे रोपने के बाद बताया गया की रोजमर्रा की चीजों से हम प्लास्टिक को किस तरह से कम कर सकते हैं। प्लास्टिक की जगह हम मिट्टी, स्टील या दोना पत्तल का इस्तेमाल किस तरह से कर सकते हैं इसकी भी जानकारी दी गयी।



# चांदी में 1200 रुपए की बड़ी गिरावट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 80 रुपये की गिरावट के साथ 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,200 रुपये घटकर 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 93,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,332 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से तीन डॉलर की गिरावट है। अमेरिकी डॉलर में मजबूती और तकनीकी बिकवाली के दबाव के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई।

- चांदी घटकर 91,900 रुपए प्रति किलोग्राम रह गयी

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

टी20 वर्ल्ड कप में बुधवार को दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ा। मौका था टी20 वर्ल्ड कप के तहत भारत और आयरलैंड के मैच का। इसके पहले के मैचों में इतना बड़ा टूर्नामेंट प्रशंसकों के लिए तरस रहा था। मैच में आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 96 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 97 रन बना लिए और मैच 8 विकेट से जीत लिया।

# भारत का मैच देखने उमड़ा दर्शकों का हुजूम

## भारतीय टीम ने आयरलैंड को 8 विकेट से रौंदा

टी20 विश्व कप

9 को पाकिस्तान से मुकाबला

टीम इंडिया को जीत से मिले 2 अंक

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

भारत को अब नौ जून को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलना है लेकिन रोहित शर्मा की चोट चिंता का सबब बन गई है। रोहित ने 37 गेंद में 52 रन बनाए लेकिन गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज जोश लिटिल की शॉर्टपिच गेंद पर पूल शॉट खेलने के प्रयास में वह चूक गए और गेंद उनकी दाहिनी बाजू के ऊपरी हिस्से में जा लगी। असमान उछाल और अतिरिक्त सीम वाली 'ड्रॉप इन पिच' पर जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की जरूरत भी नहीं पड़ी।

### पंड्या ने झटके 3 विकेट

अर्शदीप सिंह और आईपीएल की नाकामी को पीछे छोड़कर तरोताजा होकर उतरे हार्दिक पंड्या ने उम्दा गेंदबाजी करके आयरलैंड को 16 ओवर में 96 रन पर समेट दिया। अर्शदीप सिंह ने चार ओवर में 35 रन देकर दो विकेट लिए जबकि हार्दिक पंड्या ने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जसप्रीत बुमराह ने तीन ओवर में छह रन देकर दो विकेट लिए और मोहम्मद सिराज ने

### नीली जर्सी से पटा स्टेडियम

विराट कोहली (1) और सूर्यकुमार यादव (2) बल्लेबाजी के अभ्यास से चूक गए जबकि तीसरे नंबर पर ऋषभ पंत ने नाबाद 36 रन बनाए। भारतीय टीम को खेलते देखने आए भारतीय दर्शकों को टीम के इस प्रदर्शन ने खुश कर दिया। लेकिन पिच की प्रकृति को लेकर काफी सवाल उठ रहे हैं, खासकर जब यहां नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होना है।




### तेज गेंदबाजों का तूफान

*भारत के चौतरफा तेज आक्रमण को मिल रही स्विंग, सीम और अतिरिक्त उछाल के सामने आयरलैंड के बल्लेबाज टिककर खेल नहीं सके। आयरलैंड के लिए जेरेथ डेलानी (14 गेंद में 20 रन) के अलावा कोई बल्लेबाज 20 रन के पार नहीं जा सका। डेलानी की पारी की बदौलत आयरलैंड टीम 100 रन के आसपास पहुंची। बाद में रोहित ने अपने बेहतरीन स्ट्रोक्स से दर्शकों का मनोरंजन किया । भारत ने 12.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।*

### स्कोर बोर्ड

| आयरलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एंडी बालबर्नी बो अर्शदीप | 05 | 10 | 1 | 0 |
| स्टर्लिंग का पंत बो अर्शदीप | 02 | 06 | 0 | 0 |
| लोरकान टकर बो पंड्या | 10 | 13 | 2 | 0 |
| टेक्टर का कोहली बो बुमराह | 04 | 16 | 0 | 0 |
| कैंफर का पंत बो पंड्या | 12 | 08 | 1 | 1 |
| डॉकरेल का बुमराह बो सिराज | 03 | 05 | 0 | 0 |
| जेरेथ डेलानी रन आउट | 26 | 14 | 2 | 2 |
| मार्क एडेयर का दुबे बो पंड्या | 03 | 02 | 0 | 0 |
| मैकार्थी का और बो पटेल | 00 | 06 | 0 | 0 |
| जोश लिटिल बो बुमराह | 14 | 13 | 2 | 0 |
| बेन व्हाइट नाबाद | 02 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 15, कुल : 16 ओवर में 96/10
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-35-2, सिराज 3-0-13-1, बुमराह 3-1-6-2, पंड्या 4-1-27-3, अक्षर 1-0-3-1, जडेजा 1-0-7-0.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित रिटायर्ड हर्ट | 52 | 37 | 4 | 3 |
| कोहली का व्हाइट बो एडेयर | 01 | 05 | 0 | 0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 36 | 26 | 3 | 2 |
| सूर्य का डॉकरेल बो व्हाइट | 02 | 04 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 12.2 ओवर में 97/2
गेंदबाजी : एडेयर 4-0-27-1, लिटिल 4-0-42-0, मैकार्थी 2.2-0-18-0, कैम्फर 1-0-4-0, व्हाइट 1-0-6-1.

### रोहित को लगी चोट

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच में तेज गेंदबाज जोश लिटिल की गेंद से बाजू के ऊपरी हिस्से में चोट लगी और उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा। उन्हें नौवें ओवर की दूसरी गेंद पर चोट लगी। वह दसवें ओवर की आखिरी गेंद के बाद भारतीय टीम के फिजियो के साथ मैदान से चले गए। असमान उछाल वाली पिच पर लगी चोट के बारे में तफसील से जानकारी की प्रतीक्षा है। बाद में 11वें ओवर की पहली गेंद पर ऋषभ पंत को भी कोहनी में चोट लगी और गेंदबाज लिटिल ही थे। फिजियो से उपचार कराने के बाद उन्होंने बल्लेबाजी जारी रखी और छक्का लगाकर जीत दिलाई।



### नीदरलैंड की नेपाल पर छह विकेट से बड़ी जीत

नीदरलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में मंगलवार देर रात को यहां नेपाल को छह विकेट से हराया। नेपाल की पारी को 19.2 ओवर में 106 रन पर समेटने के बाद नीदरलैंड ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 109 रन बनाकर इस जीत से दो अंक हासिल किए।

## खबर संक्षेप



### यह खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता

**न्यूयॉर्क।** पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी भारत-पाकिस्तान मुकाबले को अमेरिका में बेहद लोकप्रिय 'सुपर बाउल' के समकक्ष रखते हैं। उनका मानना है कि यह खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है और जो टीम नौ जून को न्यूयॉर्क में टी20 विश्व कप मुकाबले में दबाव से बेहतर तरीके से निपटेगी वह जीत दर्ज करेगी। दोनों टीमें टी20 विश्व कप में जब पिछली बार आमने-सामने थी तो विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाई थी।

### दाम्बुला फ्रेंचाइजी को मिला नया मालिक

**दाम्बुला।** श्रीलंका क्रिकेट ने बुधवार को कहा कि लॉस एंजिल्स स्थित एक सिविल इंजीनियरिंग परामर्श फर्म लंका प्रीमियर लीग की दाम्बुला फ्रेंचाइजी की नई मालिक होगी जिसे 'दाम्बुला सिक्सर्स' नाम दिया गया है। इससे पहले इस फ्रेंचाइजी को दाम्बुला थंडर्स के नाम से जाना जाता था। इसका मालिक तमीम रहमान नाम का बांग्लादेश मूल का ब्रिटिश नागरिक था। मैच फिक्सिंग में शामिल होने के कारण फ्रेंचाइजी के अनुबंध को समाप्त करने के साथ रहमान को गिरफ्तार कर लिया गया था।



### चेन्नईयिन एफसी ने एल्सिन्हो को जोड़ा

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को ब्राजील के रक्षापंक्ति के खिलाड़ी एल्सन जोस डायस जूनियर (एल्सिन्हो) के साथ दो साल का करार किया, जिससे वह 2026 तक क्लब के साथ जुड़े रहेंगे। इस सप्ताह की शुरुआत में मिडफील्डर जितेंद्र सिंह की सेवाएं हासिल करने के बाद एल्सिन्हो इस टीम से 2024-25 सत्र से पहले जुड़ने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। एल्सिन्हो ने 2014 में क्लब एस्पोर्टिवो नविरिएन्से के साथ अपने पेशेवर यात्रा शुरू की। उन्होंने अपने करियर में अब तक 214 मैच खेले हैं।



## ऑस्ट्रेलिया की नजरें इतिहास रचने पर

### अमेरिका के खिलाफ अभियान शुरू करेगा पाकिस्तान

एजेंसी ▸▸ ब्रिजटाउन

विश्व टेस्ट चैंपियन गदा और 50 ओवर के विश्व कप का खिताब पहले ही जीत चुका ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप में गुरुवार को यहां जब ओमान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा तो उसकी नजरें एक ही समय में तीनों विश्व खिताब अपने नाम करने वाली पहली टीम बनने पर टिकी होंगी। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अपने अनुभवी खिलाड़ियों पर है। टी20 विश्व कप खिताब लंबे समय तक ऑस्ट्रेलिया से दूर रहा लेकिन 2021 में टीम ने पहली बार इस प्रारूप में विश्व कप जीता। एक साल बाद हालांकि घरेलू मैदान पर टीम लीग चरण से भी आगे बढ़ने में नाकाम रही।



### बाबर की टीम जीत की प्रबल दावेदार

दिन के दूसरे मैच में पिछले टूर्नामेंट के उप विजेता पाकिस्तान की भिड़ंत अमेरिका से होगी। कागजों पर बाबर आजम की टीम जीत की प्रबल दावेदार है लेकिन हालिया फॉर्म को देखते हुए टीम की राह आसान नहीं होने वाली। पाकिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला गंवाया जबकि इंग्लैंड के खिलाफ उसे 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे टी20 विश्व कप की उसकी तैयारियां काफी अच्छी नहीं रहीं।

## 13 भारतीय पैरा शटलर पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मौजूदा चैंपियन कृष्णा नागर समेत भारत के 13 बैडमिंटन खिलाड़ियों ने पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। भारतीय खिलाड़ी 28 अगस्त से आठ सितंबर तक होने वाले पेरिस पैरालंपिक की नौ बैडमिंटन स्पर्धाओं में भाग लेंगे।



क्वालीफाई खिलाड़ी : पुरुष एकल एसएच6 : कृष्णा नागर, शिवराजन एस। पुरुष एकल एसएल 3 : कुमार नितेश, मनोज सरकार। महिला एकल एसएल3 : मानसी जोशी, मनदीप कौर। पुरुष एकल एसएल4 : सुहास एल वाई, सुकांत कदम, तरुण। महिला एकल एसएल 4 : पलक कोहली। महिला एकल एसयू5 : टी मुरुगेसन, मनीषा रामदास। महिला एकल एसएच6 : नित्या श्री सुमति सिवन। मिश्रित युगल एसएल3 . एसयू5 : कुमार नितेश और टी मुरुगेसन, सुहास एल वाई और पलक कोहली। मिश्रित युगल एसएच 6: एस सोलाइमलाइ और नित्या श्री सुमति सिवत।

फ्रेंच ओपन

## बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ने अंतिम-4 में बनाई जगह



एजेंसी ▸▸ पेरिस

भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी बेल्जियम के सैंडर जिले और जोरान वी को हराकर फ्रेंच ओपन पुरुष युगल के सेमीफाइनल में पहुंच गई। दोनों ने 7-6, 5-7, 6-1 से जीत दर्ज की। बोपन्ना और एबडेन को जीतने में एक घंटा और चार मिनट लगे। उन्होंने पहला सेट कड़े मुकाबले में जीता लेकिन दूसरे में प्रतिद्वंद्वी टीम ने वापसी की। तीसरे सेट में मुकाबला बिल्कुल एकतरफा रहा और बोपन्ना तथा एबडेन ने बेल्जियम की टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। बोपन्ना और एबडेन ने पहले और

## नार्वे शतरंज : कार्लसन से हारे प्रज्ञानानंदा, जीती वैशाली




एजेंसी ▸▸ स्टावेंगर

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर के कड़े मुकाबले में शीर्ष वरीय मैग्नस कार्लसन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। आर वैशाली ने सातवें दौर के बाद शीर्ष पर चल रही यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को हराया। इस जीत के साथ कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा पर एक अंक की बढ़त बना ली है जिन्हें फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

इस बीच विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें अमेरिका के फाबियानो कारुआना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। छह खिलाड़ियों के इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में अब जब सिर्फ दो दौर का खेल बाकी है तब कार्लसन 14.5 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। नाकामूरा के 13.5 अंक हैं। प्रज्ञानानंदा 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि अलीरेजा उनसे एक अंक पीछे चौथे स्थान पर हैं।

कारुआना नौ अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं जबकि लिरेन सिर्फ 4.5 अंक के साथ अंतिम पायदान पर हैं। महिला वर्ग में चीन की विश्व चैंपियन वेनजुन जू ने स्वीडन की पिया क्रेमलिंग के खिलाफ जीत से 14.5 अंक के साथ बढ़त बना ली है। उन्हें वैशाली के खिलाफ मुजिचुक की हार से भी फायदा मिला। यूक्रेन की मुजिचुक 13 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनसे 1.5 अंक पीछे वैशाली 11.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे पायदान पर हैं।

### तीनों क्लासिकल बाजी ड्रॉ

पुरुष वर्ग में तीनों क्लासिकल बाजी ड्रॉ रही जिसके बाद आर्मागेडोन (सडन डेथ) बाजी खेली गई। कार्लसन ने आर्मागेडोन बाजी में प्रज्ञानानंदा को हराया। आर्मागेडोन बाजी में सफेद मोहरों से खेलने वाले खिलाड़ी को 10 जबकि काले मोहरों से खेलने वाले खिलाड़ी को सात अंक मिलते हैं। सफेद मोहरों से खेलने वाले खिलाड़ी को हालांकि बाजी जीतनी होती है। क्लासिकल बाजी जीतने पर खिलाड़ी को तीन अंक जबकि आर्मागेडोन बाजी जीतने पर डेढ़ अंक मिलते हैं और हारने पर एक अंक मिलता है।

## अश्विन की सीएसके परिवार में वापसी

### हाई परफॉर्मेंस केंद्र की मिली कमान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर आर अश्विन चेन्नई सुपर किंग्स हाई परफॉर्मेंस सेंटर की कमान संभालने के लिए तैयार हैं, जिससे संभवतः उस फ्रेंचाइजी में उनकी वापसी का रास्ता साफ हो जाएगा जिसने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई।

सीएसके के सीईओ कासी विश्वनाथन ने बताया कि अश्विन केंद्र के साथ-साथ भारत और विदेशों में टीम की विभिन्न अकादमियों की भी जिम्मेदारी



संभालेंगे। यह केंद्र चेन्नई के बाहरी इलाके में स्थित है। सैंतीस साल के अश्विन हाल ही में अनिल कुंबले के बाद टेस्ट में 500 विकेट लेने वाले भारत के दूसरे गेंदबाज बने है। वह इंडियन प्रीमियर लीग में 2009 से 2015 तक सीएसके टीम का हिस्सा रहे थे। आईपीएल के लिए इस साल बड़ी नीलामी होनी है और ऐसे में अगर अश्विन बोली का हिस्सा होते है तो सीएसके उन्हें अपनी टीम से जोड़ने की कोशिश कर सकती है। अश्विन 2022 सत्र से राजस्थान रॉयल्स टीम के सदस्य है।

## सिंधू इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में हारकर बाहर

एजेंसी ▸▸ जकार्ता

भारत की शीर्ष शटलर पी वी सिंधू बुधवार को इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर में चीनी ताइपे की सू वेन-ची से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई।




दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू को बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के महिला एकल स्पर्धा में 15-21, 21-15, 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। यह वेन-ची के खिलाफ उनकी पहली हार है। ताइवान की खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता को हराने में एक घंटे 10 मिनट का समय लगा। महिला युगल के अंतिम 32 दौर में रुतपर्णा पांडा और स्वेतपर्णा पांडा की भारतीय जोड़ी कोरिया की छठी वरीयता प्राप्त किम सो येओंग और कोंग ही योंग की जोड़ी से 12-21, 9-21 से हार गई।

### कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर मुकाबला आज

## छेत्री को जीत के साथ विदाई देना चाहेगा भारत

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

करिश्माई फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री गुरुवार को यहां जब कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में आखिरी बार मैदान पर भारत की अगुवाई करेंगे तो भावनाएं उफान पर होंगी और टीम उन्हें जीत के साथ विदाई देना चाहेगी। भारतीय टीम के लिए यह मैच करो या मरो की तरह है। टीम अगर इस मैच को जीतती है तो वह पहली बार 18 टीमों के क्वालीफायर के अंतिम चरण के लिए क्वालीफाई करने के लिए काफी बेहतर स्थिति में होगी।

छेत्री पिछले 19 साल से भारतीय फुटबॉल के ध्वज वाहक रहे हैं और 39 वर्ष का यह खिलाड़ी खुद भी टीम के लिए अपना सब कुछ झोंकने के लिए तैयार होगा। चार-चार टीमों के नौ समूहों में से शीर्ष दो टीमें क्वालिफिकेशन के तीसरे चरण में पहुंचेंगी। फीफा ने विश्व कप में एशिया के कोटे में



आठ बर्थ का इजाफा किया है और तीसरे चरण के बाद ही इसे हासिल करने वालों का फैसला होगा। उत्तरी अमेरिका में होने वाले 2026 विश्व कप में भारतीय टीम की कल्पना करना थोड़े दूर के सपने की तरह है। कुवैत पर जीत से हालांकि टीम को कम से कम 10 मैचों में एशिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का मौका मिल सकता है। टीम को इसके साथ बेहतर टीमों के खिलाफ अभ्यास मैच खेलने का भी मौका मिलेगा।

### भारत के चार मैचों में 12 अंक

भारत ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंकों के साथ कतर (12 अंक) के बाद दूसरे स्थान पर काबिज है। अफगानिस्तान गोल अंतर से पिछड़कर तीसरे स्थान पर है। कुवैत तीन अंक के साथ आखिरी पायदान पर है। भारतीय टीम अगर कुवैत को हराने में सफल रहती है तो वह अफगानिस्तान पर बढ़त बना सकती है। अफगानिस्तान गुरुवार को ही कतर का सामना करेगा। अफगानिस्तान गोल अंतर के मामले में भारत से सात गोल पीछे है और भारत की जीत के बाद उसके लिए इस अंतर को पाटना काफी मुश्किल होगा।




# 'सोने' का ताबूत, फूलों से सजावट! अपराधी की मौत पर दिखा हैरान करने वाला नजारा

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

जब किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है, तो उसका अंतिम संस्कार किया जाता हैं। अलग-अलग धर्मों और समुदायों में अंतिम संस्कार के तरीके भी काफी अलग-अलग होते हैं। कई मान्यताओं में उन्हें दफनाया जाता हैं। जिन ताबूतों में मरने वाले को डाला जाता है, वो आमतौर पर लकड़ी से बना होता हैं। पर क्या आपने कभी सोने से बना ताबूत देखा है? इन दिनों कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जो एक अंतिम संस्कार की हैं। इस अंतिम संस्कार में सोने का ताबूत नजर आ रहा है, फूलों से की हुई खूबसूरत सजावाट देखने को मिल रही हैं। पर हैरानी इस बात की है कि ये किसी बिजनेसमैन या नेता की मौत का नजारा नहीं, बल्कि एक अपराधी के अंतिम संस्कार का दृश्य है।

एक रिपोर्ट के अनुसार 20 मई को आयरलैंड के वेस्टमेथ में रहने वाले अपराधी स्टीफन ओ रीली की रोड एक्सिडेंट में मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वो 1 बच्चे के पिता था और उसके ऊपर चोरी और अन्य कई गंभीर अपराधों के आरोप थे। बीते वीकेंड पर उसका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें काफी हैरानी वाली चीजें नजर आईं। सबसे ज्यादा लोगों को हैरान किया सोने के ताबूत ने।

## अपराधी के अंतिम संस्कार का इंतजाम देख लोग हुए हैरान




जो तस्वीरें वायरल हो रही हैं, उसमें गोल्डन रंग का ताबूत नजर आ रहा है, जिसे लोग सोने का बता रहे हैं। उसके ताबूत को घर में लगी खिड़की से अंदर ले जाया गया। उस वक्त मौजूद एक शख्स ने बोला कि वो जिस तरह वो घर से निकला करता था, उसी तरह वो आज घर में आ रहा हैं। एक चर्च में शख्स की मौत पर खास प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ, जिसमें सबकुछ फूलों से सजाया गया। उसकी एक फोटो को भी वहां सजाया गया। उसे लोग पाब्लो एस्कोबार से जोड़ते हुए, असली पाबलो कहते थे।



### सोशल मीडिया पर साथियों ने जताई हैरानी

सोशल मीडिया पर भी उसके साथियों ने उसकी मौत पर दुख जताया था। एक ने लिखा कि उसे ये सब सपने जैसा लग रहा हैं। अंतिम सभा के बाहर लगे एक और बोर्ड पर ड्रग्स की फोटो बनी थी और नीचे लिखा था- 'नो कमेंट्स'। लोग इस बात के लिए हैरान हो रहे हैं कि अपराधी की मौत पर इतनी सजावट और इंतजाम क्यों? हालांकि, उसके साथी, उसकी आकस्मिक मौत से काफी हैरान नजर आ रहे हैं।

# ये है भारत का दूसरा सबसे बड़ा राजमहल, यहां बने होटल के कमरे का 1 दिन का किराया है 4 लाख रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उदयपुर शहर अपनी नैसर्गिक खूबसूरती, झीलों और शैल शिखरों के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां के भव्य महलों के प्रति लोगों में खास आकर्षण हैं। यहां तमाम महल अब लग्जरी होटलों में तब्दील हो चुके हैं जो बॉलीवुड के लोगों के लिए अब मैरिज डेस्टिनेशन बन चुके हैं। इसी में से एक सबसे भव्य है सिटी पैलेस। इसके प्रति लोगों में गजब का क्रेज हैं। ये दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा राजमहल हैं।

उदयपुर का किले नुमा भव्य महल देश दुनिया में अपनी खास पहचान बनाए हुए हैं। नाम है सिटी पैलेस। इसकी प्रसिद्धि देश दुनिया में हैं। इस पैलेस की नींव उदयपुर के तत्कालीन महाराणा उदय सिंह ने रखी थी। इसे देखने रोजाना हजारों पर्यटक यहां पहुंचते हैं। आज भी इस किले में राज परिवार के सदस्य निवास करते हैं। उदयपुर का सिटी पैलेस दुनिया का दूसरा बड़ा राजमहल हैं।

## सिटी पैलेस बनाने में 22 राजाओं का रहा योगदान

दरअसल, उदयपुर का सिटी पैलेस विभिन्न भवनों का समूह हैं। यहां पर अलग-अलग भवन बने हुए हैं जहां पर राजा अपने काम करते थे। सिटी पैलेस बनाने में करीब 22 राजाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सबने अपने-अपने अंदाज से इस महल को आकार दिया। यही वजह है ये राजमहल इतना भव्य बन पाया। इसे देखने देश-दुनिया के कई पर्यटक यहां पहुंचते हैं। सिटी पैलेस के शंभु निवास में आज भी महाराणाओं के वंशज रहते हैं। लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ और उनके परिवार के सदस्य यहां रह रहे हैं।



### सभी सुविधाओं से लैस मिलेंगे कमरे

अगर आप यहां पर रुकना चाहते हैं तो रुक भी सकते हैं। सिटी पैलेस के एक हिस्से में फतेह प्रकाश होटल बनाई गई हैं। इसे यहां का राजपरिवार चलाता हैं। इस होटल में कई विदेशी मेहमान ठहरना पसंद करते हैं। यहां पर राज शाही सुविधाओं के साथ ही कई लग्जरी सुविधाएं भी आपको मिलेंगी। यहां पर आप रहकर राजा और रानी जैसा अनुभव कर सकते हैं। उदयपुर शहर के सिटी पैलेस में स्थित इस खास होटल के किराए की बात की जाए, तो इसमें रुकने का 1 दिन का किराया करीब 44000 से शुरू होता है, जो 4 लाख रुपए तक हैं। आपको सभी सुविधाओं से लैस कमरे मिलेंगे। यहां पर राजस्थानी खाने के साथ ही देश और दुनिया की खास चीजें भी आपको मिल जाएंगी। इस होटल के हर एक रूम से उदयपुर शहर का मनमोहक नजारा आपको देखने को मिलता है। वहीं, यहां पर बने हुए छोटे-छोटे झरोखों को देख आप खास महसूस करने वाले हैं।

### भव्य म्यूजियम



अगर आप मेवाड़ के इस सिटी पैलेस को देखना चाहते हैं तो आप इसके एक हिस्से में बने म्यूजियम को देख सकते हैं। यहां की एंट्री फीस 400 रुपए प्रति व्यक्ति हैं। यहां पर आज भी महाराणाओं की कई चीजें सलीके से संजोई गई हैं। महल में बने झरोखे, बरामदे, घुमावदार गलियां बेहद आकर्षक हैं। उदयपुर की भव्य सुंदरता भी आपको यहां देखने मिलेगी।

# नीट की परीक्षा में गौरव ने छत्तीसगढ़ में किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

जांजगीर के गौरव अग्रवाल ने नीट की परीक्षा में छत्तीसगढ़ में टॉप किया है। लगातार दो साल की कड़ी मेहनत के दम पर गौरव को ये सफलता मिली है। गौरव ने 720 में से 711 नंबर अर्जित कर ऑल इंडिया में 341 वां रैंक प्राप्त किया है। गौरव डॉक्टर बनकर अपने दादा का अधूरा सपना पूरा करना चाहते हैं।

नगर के व्यवसाई दीपक अग्रवाल के पुत्र गौरव अग्रवाल ने नीट की परीक्षा में छत्तीसगढ़ में टॉप किया है। गौरव ने यह सफलता अर्जित कर साबित कर दिया है कि छोटे शहरों में भी होनहार विद्यार्थियों की कमी नहीं है। उसने दो साल की कड़ी मेहनत के दम पर ये सफलता अर्जित की है। गौरव ने 720 में से 711 नंबर अर्जित कर ऑल इंडिया में 341 वां रैंक प्राप्त किया है। उनकी इस सफलता ने जिले का गौरव बढ़ाया है और घरवाले खुशी से गद गद हैं। गौरव का कहना है कि उनके दादा का डॉक्टर बनने का सपना था, जो अधूरा रह गया। दादा स्व. फत्तेचंद अग्रवाल के अधूरे सपने को पूरा करने और समाज सेवा के मकसद से उसने डॉक्टर बनने की सोची। दो साल पहले जब नीट की तैयारी शुरू की तब यही सोचा था कि बस सलेक्शन हो जाए, लेकिन परिवार के सहयोग से राह आसान हो गई। हर दिन एक निश्चित लक्ष्य बनाकर तैयारी की। बड़ी बहनों ने लगातार हौसला बढ़ाया, जिसके कारण ये सफलता मिली। गौरव का कहना है कि निश्चित लक्ष्य बनाकर एकाग्रता से पढ़ाई करने पर किसी भी परीक्षा में सफलता अर्जित की जा सकती है।

**गौरव अग्रवाल को 720 में से मिले 711 नंबर, ऑल इंडिया में रहा 341 वां रैंक**



### सोशल मीडिया से बनाई दूरी

आज के दौर में सोशल मीडिया का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। फेसबुक, इंस्ट्राग्राम और वाट्सअप पर बच्चों और युवाओं का ज्यादातर वक्त गुजर रहा है। सोशल मीडिया स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों का ध्यान भटका रहे हैं। गौरव ने दो साल तक सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाए रखी। उसने फेसबुक और इंस्ट्राग्राम का उपयोग नहीं किया।

## दूर-दूर से तस्वीरें खींचने आते हैं लोग

# झील में गड़ा है 8 मीटर का फोर्क खूब लुभाती है यहां की बोटिंग

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

स्विट्जरलैंड की एक झील में एक बहुत बड़ा खाने का कांटा या फोर्क बना हुआ है। यहां दुनिया भर से लोग खास तौर पर फोटोग्राफी करने के लिए आते हैं। यहां पर नाव से यात्रा कर पहुंचना अलग ही तरह का सुकून देता है। वहीं इस फोर्क के साथ एक अनोखा रेस्तरां भी जुड़ा हुआ है। दुनिया में कई कलाकृतियां बहुत अजीब और अनोखी हैं। इन्हीं में से एक वेवे में जिनेवा झील के किनारे बना हुआ खाने वाला कांटा यानी फोर्क है। इसे दुनिया फोर्क ऑफ वेवे के नाम से जानती रहे। आज यह एक मशहूर टूरिस्ट प्लेस है जो स्थानीय लोगों और पर्यटकों, दोनों को समान रूप से आकर्षित करता है।

फोर्क ऑफ वेवे स्विटज़रलैंड के वेवे में जिनेवा झील के किनारे पर 8 मीटर लंबा,1-3 मीटर चौड़ा स्टेनलेस स्टील का कांटा या फोर्क है। फोर्क ऑफ वेवे एलीमेंटेरियम का एक हिस्सा है, जो वेवे स्थित एक म्यूजियम है जिसमें भोजन और नेस्ले कम्पनी के इतिहास पर प्रदर्शनी दिखाई गई है। लेकिन इसका फोर्क ऑफ वेवे खास आकर्षण है।



### पसंदीदा फोटोग्राफी स्थल

इस अनोखे फोर्क को स्विस कलाकार जीन-पियरे ज़ौग ने 1995 में एलिमेंटेरियम की दसवीं सालगिरह मनाने के लिए बनाया था। मजेदार बात ये है कि फोर्क को 1996 में हटा दिया गया था लेकिन एक सार्वजनिक याचिका के बाद लगभग एक दशक बाद इसे फिर से स्थापित किया गया। एक समय में वेवे का कांटा दुनिया का सबसे बड़ा कांटा बताया जाता था। फोर्क ऑफ वेवे दुनिया का एकमात्र ऐसा इतना बड़ा कांटा है, जो किसी झील पर बना है और प्राकृतिक नजारों के बीच है। यहां लोग खास तौर से फोटोग्राफी के लिए आते हैं और इसकी तस्वीरों को यादों के तौर पर सहेजते हैं। यह वेवे में निवासियों और आगंतुकों के लिए एक पसंदीदा फोटोग्राफी स्थल भी है।

## लेखक ने किया अजीब पर चौंकाने वाला दावा

# कम हो गए हैं सीरियल किलर, इसलिए अब क्राइम नॉवेल लिखना मुश्किल

एजेंसी ▶▶| लंदन

क्या लेखन के लिए केवल कल्पना ही काफी है या फिर असल जिंदगी में होने वाली घटनाएं भी प्रेरणाएं का काम करने के लिए जरूरी हैं। यह सवाल फिक्शन नॉवल यानी काल्पनिक उपन्यासों के बारे में ज्यादा पूछा जाता है, जिनमें अपराध संबंधी कहानियों के साथ रोमांटिक कथाओं की ज्यादा मांग होती है। गुजरते समय से संबंधित लिखे गए उपन्यास काफी सुर्खियां बटोरते हैं और लोगों में कौतूहल पैदा करते हैं। पर एक उपन्यास लेखक ने यह कह कर चौंका दिया है कि सीरियल हत्यारों की कमी की वजह से अच्छे उपन्यास लिखना मुश्किल होता जा रहा है। मशहूर क्राइम राइटर हरलान कोबेन ऐसा ही मानते हैं। अमेरिकी लेखक ने पागल हत्यारों के बारे में कई हिट रिलीज़ की हैं, जिन्हें फ़ूल मी वन्स और द स्ट्रेंजर सहित टीवी ड्रामा में बदल दिया गया है। लेकिन उनका मानना है कि आधुनिक पुलिसिंग के कारण कहानियों के प्लॉट को यथार्थवादी बनाना मुश्किल होता जा रहा है। 62 वर्षीय कोबेन ने थिंक ट्वाइस नामक एक नया उपन्यास लिखा है। उनका कहना है कि अब बहुत कम सीरियल किलर हैं। अमेरिका पहले उनसे भरा हुआ था। ऐसा नहीं है कि हम मानसिक रूप से स्वस्थ हो रहे हैं, यह पक्का है।



### कौतूहल पैदा करने की कोशिश

कहीं ऐसा तो नहीं है कि कोबेन का यह बयान लोकप्रियता हासिल करने के लिए कौतूहल पैदा करने की कोशिश है। लेकिन सीरियल किलर्स की कमी के बारे में उन्होंने कहा कि बस इतना है कि अब किसी भी अपराधी का बच पाना वाकई मुश्किल है। हर किसी के पास फ़ोन है, हर किसी पर नजर रखी जा रही है, हर जगह सीसीटीवी है। 'एक सीरियल किलर उपन्यास कैसे लिखा जाए जो मुझे पसंद आए और जो आज की दुनिया में काम आए, यह दिलचस्प है।' 1970 के दशक में अमेरिका में 300 ज्ञात सीरियल किलर थे, लेकिन 2010 तक इनकी संख्या मात्र 50 रह गई। ब्रिटेन में भी ऐसा ही ट्रेंड देखा गया है।







# विदेशी लड़की ने बताया 'भारत' का कल्चर, दिल हार बैठे लोग

एजेंसी ▶▶| लंदन

सोशल मीडिया के ज़माने में कब क्या चीज़ वायरल हो जाए, कहा नहीं जा सकता है। कई बार तो कुछ ऐसी चीज़ें भी दिख जाती हैं, जिनकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते हैं।

भारतीय छोड़िए विदेशी लोग भी हमारे देश में आकर वीडियो बनाते हैं और सोशल मीडिया पर इसे शेयर करके मशहूर हो जाते हैं। एक ऐसी ही लड़की का वीडियो इस वक्त वायरल हो रहा है।

सोशल मीडिया पर लड़की भारत की संस्कृति के बारे में बता रही है और उसके अंदाज़ पर लोग फिदा हो रहे हैं। उसका पहनावा और उसके बोलने का तरीका लोगों को इतना पसंद आ रहा है कि उन्होंने ये तक पूछ लिया कि वो इतने दिनों तक थी कहां, जो मिली नहीं।



### वायरल हुआ वीडियो

वीडियो में दिख रही लड़की का नाम एलेक्सैंड्रा पेकला है और वो पोलैंड की रहने वाली है। वीडियो को अब तक लाखों लोगों ने देखा और हजारों लोगों ने पसंद किया है। इस पर कमेंट करते हुए लोगों ने एलेक्सैंड्रा के एक्सेंट और उनके भारत के प्रति प्रेम की तारीफ की है। कुछ यूजर्स ने तो ये भी कहा कि पोलैंड में उनके जैसी लड़कियां कहां होती हैं?

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com